रांची, शुक्रवार
24.01.2025
वर्ष : 10, अंक : 55 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### रिश्वत लेते अंचल निरीक्षक रंगे हाथ गिरफ्तार



**लातेहार।** जिले के बरवाडीह अंचल में पदस्थापित अंचल निरीक्षक सुरेश राम को एसीबी की टीम ने गुरुवार को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया । सुरेश राम एक महिला से जमीन के मोटेशन के लिए रिश्वत ले रहे थे। इसी मामले में सुरेश राम को निगरानी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि बरवाडीह की एक महिला ने एसीबी पलामू की टीम से शिकायत की थी कि उन्होंने 30 डिसमिल जमीन खरीदी थी । इस जमीन के मोटेशन के लिए अंचल निरीक्षक सुरेश राम के द्वारा उनसे एक लाख रुपये रिश्वत मांग रहा है। एडवांस में 20 हजार रुपये मांग रहा है।शिकायत के बाद एसीबी की एक टीम बनी और पूरे मामले की अपने स्तर से छानबीन की जब मामला पूरी तरह सत्य पाया गया तो एसीबी की टीम ने आरोपित सुरेश राम को रंगे हाथ गिरफ्तार करने की योजना बनाई। गुरुवार को एसीबी की टीम ने महिला को केमिकल लगे पैसे देकर सुरेश राम के पास भेजा। आरोपित ने जैसे ही पैसे अपने हाथ में लिए वैसे ही एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### 70वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी, 21581 अभ्यर्थी सफल

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने गुरुवार को एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में 21 हजार 581 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। आयोग ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई और आगामी लिखित परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। यह परीक्षा 912 केंद्रों पर 13 दिसंबर को परीक्षा आयोजित हुई थी। इसमें कुल तीन लाख 28 हजार 990 अभ्यर्थियों ने पीटी की परीक्षा दी थी। पटना के बापू परीक्षा केन्द्र का एग्जाम रद्द हो गया था। इसके बाद 22 केंद्रों पर 4 जनवरी को एक सेंटर का री-एग्जाम हुआ था। कथित पेपर लीक का आरोप लगाते हुए परीक्षा को रद्द करने मांग की गयी थी लेकिन परीक्षा का परिणाम पहले की तरह 45 दिन के भीतर घोषित कर दिया है। अभ्यर्थी आयोग की ऑफिशल वेबसाइट https://bpsc.bihar.gov.in पर रिजल्ट देख सकते हैं।

# मुख्यमंत्री से मिला केंद्रीय सरना समिति का प्रतिनिधिमंडल

बिभा संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय सरना समिति, भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को सरना आदिवासी समाज की समस्याओं एवं मांगो से संबंधित एक ज्ञापन सौंपकर उसके निदान की दिशा में उचित पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हित में सरकार सभी वर्ग तथा समुदाय के विकास एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में समाज के हर वर्ग और तबके के लोगों को सशक्त और आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है क्योंकि बिना समाज को मजबूत किए राज्य को मजबूत नहीं कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरना आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा एवं संस्कृति को संरक्षित करने के साथ उनके हक-अधिकार को देने के लिए हमारी सरकार ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री से भेंट करने वालों में केंद्रीय सरना समिति, भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव, अमर उरांव, राजू मंडल, शिवा कच्छप, प्रदीप तिर्की, सोनू मुंडा, झरी मुंडा, राजेश तिर्की, हेमन्त गाड़ी, चिंतामणि सांगा, सुलोचना खालखो, सावित्री कच्छप, लाली कच्छप, संजना उरांव, मधु तिर्की, प्रीति कच्छप और सायरा कच्छप प्रमुख रूप से शामिल थे।



## मुख्यमंत्री ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी



**रांची(बिभा)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने रांची के नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक है। हमें इस बात का गर्व है कि हमारे बीच एक ऐसी विभूति एवं पराक्रमी पैदा हुए, जिन्होंने इस देश की आजादी की लड़ाई को नई ताकत दी थी। झारखंड, बिहार, बंगाल तथा ओडिशा से नेताजी का खासा रिश्ता रहा है। यहां के कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां से उनकी कई यादें जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी के विचार और आदर्श आज भी लोगों की आवाज, आत्मविश्वास और ताकत को बढ़ाने का कार्य कर रही है। जब तक यह देश रहेगा, नेताजी का नाम अमर रहेगा। नेताजी को शत-शत नमन।

# कंफर्ट जोन से बचें, श्रेष्ठता, दक्षता पर फोकस करें युवा: पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के युवाओं का आान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण के लिए आरामतलबी से दूर रह कर श्रेष्ठता, परिश्रम एवं दक्षता पर फोकस करके वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हासिल करें।



श्री मोदी ने नेताजी की जयंती पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो लिंक से संबोधित करते हुए कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था- आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा- आजाद हिंद। प्रधानमंत्री ने कहा, नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्मे, उन्होंने सिविल सर्विसेस की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते, लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश विदेश में भटकना पसंद किया, नेता जी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को ग्लोबली बेस्ट बनाना है, एक्सीलेंस को चुनना ही है, एफिशिएंसी पर फोकस करना है।

उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई, इसमें देश के हर क्षेत्र हर वर्ग के वीर और वीरांगनाएं शामिल थीं। सबकी भाषाएं अलग-अलग थीं, लेकिन भावना एक थी देश की आजादी। यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है।

श्री मोदी कहा, आज देश में विश्व में हर तरफ भारत की प्रगति के लिए अनुकूल माहौल है। दुनिया भारत की ओर देख रही है कि कैसे हम इस 21वीं सदी को भारत की शताब्दी बनाते हैं और ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से भारत की एकजुटता पर बल देना है। हमें उन लोगों से भी सतर्क रहना है, जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, जो देश की एकता को तोड़ना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, नेताजी सुभाष भारत की विरासत पर बहुत गर्व करते थे। वे अक्सर भारत के समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास की चर्चा करते थे और उससे प्रेरणा लेने के लिए समर्थक थे। आज भारत गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है। अपनी विरासत पर गर्व करते हुए विकास कर रहा है। मेरा सौभाग्य है कि आजाद हिंद सरकार के 75 वर्ष पूरे होने पर लाल किले पर मुझे तिरंगा फहराने का मौका मिला था। उस ऐतिहासिक अवसर को मैं कभी भूल नहीं सकता। नेताजी की विरासत से प्रेरणा लेते हुए हमारी सरकार ने 2019 में दिल्ली के लाल किले में नेताजी सुभाष को समर्पित म्यूजियम का निर्माण किया। उसी साल सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार शुरू किए गए। 2021 में सरकार ने निर्णय लिया कि नेताजी की जयंती को अब पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इंडिया गेट के समीप नेताजी की विशाल प्रतिमा लगाना, अंडमान में द्वीप का नाम नेताजी के नाम पर रखना, गणतंत्र दिवस की परेड में आईएनए के जवानों को नमन करना, सरकार की इसी भावना का प्रतीक है।

## नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर दिखेगी झारखंड की झांकी



बिभा संवाददाता

**रांची।** 26 जनवरी को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी भी दिखेगी। इसमें झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां का पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को प्रदर्शित किया जाएगा।

दरअसल, गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन किया गया है। झारखंड ने भी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली है। इस वर्ष झारखंड की झांकी में दिवंगत रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के साथ ही झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां का पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। इससे पहले वर्ष 2024 में गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर तसर सिल्क पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गई थी।

## बिहार : बेतिया के डीईओ के यहां दो करोड़ बरामद

एजेंसी

**पटना।** बिहार में बेतिया के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) रजनीकांत प्रवीण के यहां राज्य की विशेष निगरानी ईकाई ((एसयूवी) ने छापा मारा।वहां नोटों को ढेर मिला। उनके बेतिया स्थित घर से करीब दो करोड़ रुपए नकद बरामद किए हैं। वहीं अन्य चल व अचल संपत्ति की जानकारी भी मिली है। इसके बाद शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से डीईओ निलंबित कर दिया।

एसवीयू के मुताबिक डीईओ रजनीकांत प्रवीण की करोड़ो की आय से अधिक अवैध संपत्ति का पता चला था। इसके बाद केस दर्ज कर गुरूवार को डीआईओ के बेतिया स्थित आवास समेत चार ठिकानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी में दो करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए।साथ ही अन्य स्थानों पर भी उनकी चल व अचल संपत्ति होने का पता चला है। टीमें अभी अवैध संपत्तियों का ब्यौरा खंगाल रही हैं।

बिहार की विशेष निगरानी इकाई ने मारा छापा, नोटों के बंडल मिले



उधर छापे की खबर मिलते ही बिहार सरकार एक्शन में आ गई। आनन-फानन में डीईओ रजनीकांत प्रवीण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।शिक्षा विभाग के निदेशक प्रशासन सुबोध चौधरी ने बताया कि रजनीकांत प्रवीण को आय से अधिक संपत्ति, गंभीर भ्रष्टाचार एवं घोर कदाचार के मामले के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान वह मुख्यालय स्थित क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, पूर्णिया प्रमंडल के कार्यालय से अटैच रहेंगे। इस दौरान उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। प्रवीण के खिलाफ बिहार सरकारी सेवक नियमावली, 2005 के प्रावधानों के तहत विभागीय कार्रवाई अलग से शुरू की जाएगी।

### बेंगलुरु में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में शामिल हुई कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

# मोटा अनाज की क्रांति आने वाले भविष्य की जरूरत : शिल्पी नेहा

बिभा संवाददाता

**रांची।** जैविक खेती और अन्न को बढ़ावा देने के लिए कर्नाटक सरकार के 23 से 25 जनवरी तक बेंगलुरु में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का गुरुवार को उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुईं। उन्होंने यहां झारखंड के स्टॉल का उद्घाटन किया।



इस मौके पर मंत्री तिर्की ने कहा कि झारखंड और कर्नाटक के बीच कई तरह की समानताएं है। खासकर मिलेट की बात करें तो दोनों राज्य में ये समान रूप से देखने को मिलेगा। पूरे देश में झारखंड और कर्नाटक ऐसे दो राज्य हैं जो मिलेट का उपयोग कर रहे हैं। बदलते समय में चावल और गेहूं को भी मुख्य आहार के रूप में लोगों ने अपनाया है। वैसे हमारे स्वास्थ्य और मौसम के लिहाज से मोटा अनाज जायदा फायदेमंद है। इसको आसानी से लगाया जा सकता है। चावल और गेहूं की तुलना में अब देश की सरकारें मोटा अनाज को बढ़ावा देने में जुटी हैं। मोटा अनाज की क्रांति हमारे आने वाले भविष्य के लिए जरूरी है। झारखंड और कर्नाटक मिलकर ऐसे किसानों को सहयोग कर सकते हैं जो मोटा अनाज के फसल से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में मिलेट पॉलिसी के तहत किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। झारखंड मिलेट मिशन के तहत किसानों को तीन हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

# गलत धारणाओं से प्रभावित होती है चुनाव प्रक्रिया : राजीव कुमार

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने लोकतांत्रिक देशों में चुनाव का प्रबंधन करने वाले निकायों को चुनावी प्रक्रियाओं में विश्वास को खत्म करने वाले फर्जी बातों के प्रति सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें चुनाव-की महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को ही आहत करने के लिए फैलायी जाती हैं।

श्री कुमार ने कहा कि ऐसी फर्जी बातों का मुख्य उद्देश्य चुनाव के मर्मस्थल को बेधना होता है। श्री कुमार गुरुवार को राजधानी में चुनाव प्रबंधन करने वाले राष्ट्रीय निकायों और लांकतांत्रिक चुनाव पद्धतियों के क्षेत्र में काम करने वाले वैश्विक संगठनों के एक अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे।



मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, इस तरह के मनगढ़ंत आख्यान सामान्यतः ऐसे समय फैलाए जाते हैं जब चुनाव प्रक्रिया किसी महत्वपूर्ण मोड़ पर होती है।

दो दिन का यह सम्मेलन चुनाव प्रबंधन के प्रमुख समकालीन मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित किया गया है जिसमें भूटान, जॉर्जिया, नामीबिया, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, आयरलैंड, मॉरीशस, फिलीपींस, रूसी संघ, ट्यूनीशिया और नेपाल सहित 13 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के लगभग 30 प्रतिनिधि इसमें भाग ले रहे हैं।

वैश्विक चुनाव वर्ष 2024: लोकतांत्रिक स्थानों की पुनरावृत्ति, ईएमबी के लिए सीख विषय पर सम्मेलन का आयोजन ईसीआई द्वारा भारत और अन्य देशों में 2024 में चुनाव आयोजित करने में ईएमबी के विविध अनुभवों के आधार पर किया गया है।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपने मुख्य भाषण में श्री कुमार ने दक्षता, पारदर्शिता और मतदाता विश्वास बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है, लेकिन यह साइबर सुरक्षा खतरों और गलत सूचना जैसी चुनौतियां भी लाती है।

उन्होंने चुनाव प्रबंध करने वाले निकायों से इन तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों को कारगर बनाने का आग्रह किया, ताकि जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि 2024 चुनौतियों और जटिलताओं के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि के लिए ईएमबी के लिए एक निर्णायक वर्ष था। सम्मेलन में मॉरीशस के चुनाव आयुक्त अब्दुल रहमान मोहम्मद इरफान, भूटान के सीईसी दाशो सोनम तापगे, कजाकिस्तान गणराज्य के अध्यक्ष और सीईसी नूरलान अब्दिरोव, नेपाल के सीईसी दिनेश के. थापलिया, नामीबिया के चुनाव आयोग की अध्यक्ष एल्सी न्घिकेम्बुआ, इंडोनेशिया के आम चुनाव आयोग के आयुक्त इधम होलिक, रूसी संघ की एल्मीरा खैमुरज़िना, श्रीलंका की अनुसूया शानमुगनाथन, ट्यूनीशिया की नजला अब्रूगी और उज्बेकिस्तान के बखरोम कुचकारोव तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि जैसे कि इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) के अध्यक्ष एवं सीईओ एंथनी नाथन बैनबरी और ए-वेब तथा इंटरनेशनल आईडीईए के महासचिव इन-सिक-जंग सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

## अब तक 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई पवित्र डुबकी

एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में अब तक 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सरकार के अनुसार, गुरुवार दोपहर 12 बजे तक संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या 10 करोड़ के पार हो गई। यह आंकड़ा महाकुंभ की शुरूआत के बाद से श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को दशार्ता है। लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन संगम में स्नान करने और आध्यात्मिक पुण्य लाभ लेने के लिए पहुंच रहे हैं। खास स्नान पर्वों के दौरान यह संख्या करोड़ों में पहुंच रही है।



### सरकार का अनुमान: 45 करोड़ लोग करेंगे स्नान

उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुमान लगाया है कि इस बार महाकुंभ में कुल 45 करोड़ से अधिक लोग संगम में डुबकी लगाएंगे। महाकुंभ की शुरूआत में ही 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाना सरकार के सही अनुमान की पुष्टि करता है।

### विदेशी श्रद्धालु और साधु-संत भी शामिल

गुरुवार को ही 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया, जिनमें 10 लाख कल्पवासी, विदेशी श्रद्धालु और साधु-संत शामिल थे। सरकार का कहना है कि श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है और महाकुंभ के अगले बड़े स्नान पर्वों पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। यह आयोजन आध्यात्मिकता, संस्कृति और श्रद्धा का अद्वितीय संगम बना हुआ है।

### स्नान पर्वों पर बढ़ी भीड़

महाकुंभ के स्नान पर्वों पर भारी भीड़ देखी गई। सरकार के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन सबसे ज्यादा 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। इसके अलावा पौष पूर्णिमा के मौके पर 1.7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती मनाई गयी

**रांची(बिभा):** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने नेताजी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस त्याग एवं अनुशासन के प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने देश की आजादी के लिये अपने सारे सुख-वैभव का त्याग कर स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये कठिन से कठिन मार्ग को अपनाया एवं अंग्रेजों को अपने नाम का लोहा मनवाया। उन्होंने इसी उद्देश्य से आजाद हिन्द फौज का गठन किया एवं नारा दिया कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उनमें युवाओं को संगठित कर राष्ट्र के प्रति समर्पित करने की अर्पूव क्षमता थी। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आज भी भारत वासियों के हृदय पटल पर अंकित है। नेताजी स्वंय में महान थे और उनका त्याग और बलिदान देश के मिट्टी में रचा बसा है। भारतवर्ष की भावी पीढ़ी के लिये वे सदैव प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगें। उनके आर्दशों पर चलकर जनता देश के कल्याण के लिय कटिबद्ध रहेगी। इस अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में सर्वश्री राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, खुर्शीद हसन रूमी, सोनाल शांति, जगदीश साहु, राजन वर्मा, राजेश गुप्ता छोटू, नेली नाथन, हिदयनंन्द यादव, सुनीत शर्मा, दिनेश लाल सिन्हा, शाशी भूषण, निरंजन पासवान, सुरेन राम, गुलाम सरवार रिज्वी, छोटू सिंह, सुरेश कुमार पासवान, अमन अहमद, सुरेश कुमार, शंभु प्रजापति, विनोद सिंह, उमेश चौधरी, संजय कुमार, सुभाष नाग आदि उपस्थित हुए।

## ताज हुसैन को जेल में डाले पुलिस : रंगनाथ महतो



**रांची/गिरिडीह(बिभा) :** गिरिडीह जिला अंतर्गत पीरटांड़ थाना क्षेत्र के चिरकीडीह गांव की एक संथाल जनजाति लड़की पूजा हेंब्रम को उसी गांव के ताज हुसैन पिता - इजहार अंसारी के द्वारा पूजा हेंब्रम एवं उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर, धर्म परिवर्तन कर शादी करने के लिए दबाव बनाने की घटना को बजरंग दल झारखंड प्रांत के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने संज्ञान में लेकर एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि यदि चिरकीडीह मुस्लिम टोला के ताज हुसैन को गिरिडीह जिला प्रशासन शीघ्र गिरफ्तार कर उस पर संगीन धाराएं लगाकर कानूनी कार्रवाई नहीं करती है तो बजरंग दल के हिन्दू नवजवान समस्त हिन्दू समाज को साथ लेकर सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे और इसकी सारी जिम्मेवारी गिरिडीह जिला प्रशासन की होगी। आगे प्रान्त संयोजक रंगनाथ महतो ने यह भी कहा कि झारखंड में छल, बल, लोभ, लालच, प्रलोभन एवं किसी को डरा धमका कर धर्मांतरण करना झारखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम - 2017 का खुला उल्लंघन है। और कानून तोड़ने वाले को यदि प्रशासन संरक्षण या सहयोग देने का कार्य करेगी तो बजरंग दल भी अब हाथ बांधे चुप बैठने वाला नहीं है।

## चैंबर का संवाद 2 कार्यक्रम जल्द




**रांची(बिभा) :** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा संवाद कार्यक्रम के नये संस्करण के आयोजन की पहल शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम संयोजक अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल ने आज झामुमो के केंद्रीय महासचिव बिनोद पाण्डेय से मुलाकात कर, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रित किया। इस दौरान राज्य की समसामयिक विषयों पर भी चर्चा की गई।
सकारात्मक रूप से संपन्न हुई वार्ता के क्रम में झामुमो के केंद्रीय महासचिव बिनोद पाण्डेय ने चैंबर द्वारा आहूत संवाद-2 कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी। कार्यक्रम संयोजक अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल ने कहा कि जल्द ही संवाद-2 कार्यक्रम की तिथि का निर्धारण किया जायेगा। राज्य में नई सरकार के गठन उपरांत सरकार की भावी योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा के साथ ही राज्य के विकासात्मक मुद्दों पर सरकार और स्टेकहोल्डर्स का संयुक्त प्रयास प्रारंभ करने की दिशा में हमारा यह प्रयास सफल साबित होगा। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

## सिंगल विंडो सिस्टम झारखण्ड में कारगर नहीं : चैम्बर



**रांची(बिभा) :** झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उद्योग उप समिति की बैठक आज चैम्बर भवन में संपन्न हुई सदस्यों ने सिंगल विंडो सिस्टम को दुरुस्त करने के साथ ही नियमित रूप से इसके समीक्षा की बात कही। चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि व्यवस्था ऐसी हो, कि आवेदक को स्वतः इसकी जानकारी मिले कि उनका आवेदन कहां पेंडिंग है। यदि सिंगल विंडो रेगुलराइज हो जाय तो 80 फीसदी समस्याएं स्वतः खत्म हो जायेंगी और हम समस्याओं से उठकर डेवलपमेंट की पहल कर पायेंगे। विभिन्न सेक्टर के कार्य में संग्लन उद्यमियों से फीडबैक लेकर सरकार को अवगत कराने पर भी सदस्यों ने चर्चा की। कहा गया कि उद्यमियों की कठिनाइयों का त्वरित समाधान होने से राज्य में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। राज्य में बननेवाली पॉलिसी को उपयुक्त बताते हुए उद्यमियों ने पालिसी के क्रियान्वयन में होनेवाली कठिनाइयों पर चिंता जताई। यह कहा कि समयपूर्वक पॉलिसी का क्रियान्वयन नहीं होने से इसका नुकसान सरकार के राजस्व और रोजगार सृजन पर पड़ता है। उद्योग उप समिति चेयरमैन बिनोद अग्रवाल ने कहा कि झारखण्ड में नए निवेश का प्रोत्साहन तभी सम्भव होगा जब यहाँ पहले से स्थापित उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाय। यदि स्थानीय उद्यमियों को सरकार का संरक्षण मिले तब पुराने उद्यमित ही राज्य में नया उद्योग लगाने के लिए स्वतः आगे आएंगे। चचाओं के क्रम में जल्द ही इस मुद्दे पर सरकार को ज्ञापन सौंपने की सहमति बनाई गई। सदस्यों द्वारा यह भी कहा गया कि उद्योग विभाग के संपूर्ण कार्य ऑनलाइन होने चाहिए। सिंगल विंडो सिस्टम का संचालन मुख्य सचिव या विकास आयुक्त द्वारा किया जाना चाहिए न कि किसी निचले स्तर के अधिकारी द्वारा। जियाडा के सभी पद 3 वर्षों के भीतर हस्तांतरणीय होने चाहिए चैम्बर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए स्टेकहोल्डर्स के प्रतिनिधित्व से राज्य में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन भी जरुरी है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि ने तैयारियों का लिया जायजा

बिभा संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि 25 जनवरी को आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम में राज्यपाल को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राज्यपाल के जरिये सम्मानित किया जाना है। उन्होंने पदाधिकारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अन्य जिलों के उपायुक्त, पदाधिकारी एवं बीएलओ भी शामिल होंगे। निर्वाचन में बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित किया जाना है। उनके आने-जाने एवं ठहरने की व्यवस्था को पूर्ण कर लिया जाए। कार्यक्रम में कॉलेज एवं एनएसएस के बच्चे, नए मतदाता, वृद्ध मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता आदि भी सम्मिलित होंगे। उन सबके लिए पेयजल, शौचालय एवं भोजन आदि की व्यवस्था का पदाधिकारी विशेष ध्यान रखें।
इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि कार्यक्रम में लोगों को निर्वाचन के दौरान हुए कार्यों एवं बीएलओ के प्रयासों से अवगत कराने के उद्देश्य से वीडियो, बैनर आदि का डिस्प्ले किया जाए। साथ ही सम्मानित होने वाले पदाधिकारियों, कर्मियों एवं बीएलओ के स्वागत की भी व्यवस्था की जाए।
मौके पर रांची जिले के उपायुक्त मंजू नाथ भजंत्री, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, रांची जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन सहित रांची यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मेजबान टीम क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची ने टीम चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया

बिभा संवाददाता




**रांची :** सीएमपीडीआई अंतर क्षेत्रीय संस्थान अथलीट मीट 2024-25 के मेजबान टीम क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची ने टीम चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया। क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की टीम 112 अंकों के साथ विजेता वहीं क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल की टीम 87 अंकों पाकर उप-विजेता रही। इस समारोह के मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/ईएस) अजय कुमार ने विजेता एवं उप-विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। मौके पर मुख्यालय-रांची के महाप्रबंधक आरके सिंह, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक कंचन सिन्हा, महाप्रबंधक संजय कडम्बार के अलावा मुख्यालय तथा क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, श्रमिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।
वहीं इंडीविज्युअल चैम्पियनशिप पुरूष वर्ग में क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के कौशिक मंडल, महिला वर्ग में क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली की प्रीति देवी जबकि पुरूष वेटरन वर्ग में मुख्यालय के बीरो मुंडा को प्राप्त हुआ।
ज्ञात हो कि इस तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान अथलीट मीट 2024-25 में सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची सहित इस क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल, क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद, मेजबान क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची, क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर, संस्थान-5-बिलासपुर, क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली एवं क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की टीमों ने हिस्सा लिया।

# सांस्कृतिक परंपरा का बढ़ावा आवश्यक : देवेंद्रनाथ महतो

बिभा संवाददाता



**सोनाहातु :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती महोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया। जयंती के उपलक्ष में आज सोनाहातु में सांस्कृतिक बृहद मैला आयोजित किया गया। यह मैला तैलवाडीह डिहमोड, सुभाष मैदान में सम्पन्न किया गया। मेले में आस-पास के भारी संख्या में लोग जुटे। मेला कमेटी द्वारा एक दिवसीय क्रिकेट खेल, मुर्गा लड़ाई, चौडल प्रदर्शन किया गया। एवं इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुती किया गया। मुख्य अतिथि जेएलएफ वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, तेलवाडीह ग्राम प्रधान भूतनाथ सिंह मुंडा, मुखिया फनी भूषण मुंडा, सिगिद ग्राम प्रधान सच्चिदानंद मुंडा ने अपनी बातों को रखा। देवेंद्रनाथ महतो ने सभा संबोधन में कहा कि हमारे देश के आजादी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का अहम योगदान रहा है। देश विदेश के वर्तमान राजनीति को समझते हुए देश के सम्पूर्ण आंतरिक ताकतों को एकजुट कर देश कि आजादी पर लडाई लडा। हमें अपने सांस्कृत परंपरा को बढ़ाना देना परम आवश्यक है। सांस्कृतिक विरासत के साथ देश के तरक्की पर हम लोग अपना योगदान सूचित करेंगे। सांस्कृत संगीत प्रोवर नायक, गोविंद लाल महतो ने प्रस्तुत किया। मेले के आयोजक कमेटी में बैजनाथ कोयरी, रसोराम हजाम,अनिल महतो, छोटू सिंह हीरालाल, सुभाष महतो, नीलकमल, शीवा आदि सक्रिय रहे।

# पराक्रम दिवस के अवसर पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस को भाजपा रांची महानगर ने दी श्रद्धांजलि

बिभा संवाददाता



**रांची :** सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती (पराक्रम दिवस) के शुभ अवसर पर कचहरी चौक स्थित सुभाष पार्क में उनकी प्रतिमा पर भाजपा राँची महानगर की ओर से पुष्पांजलि अर्पित किया ।
कार्यक्रम की अगुआई भाजपा राँची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा, झारखंड के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय राष्ट्रीयता की भावना को बहुत महत्व दिया। उनका मानना था कि भारतीयों को अपने देश की स्वतंत्रता के लिए एकजुट होना चाहिए और विदेशियों से मुक्ति पाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए । सुभाष चन्द्र बोस के विचार आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं और उनकी प्रतिबद्धता, साहस और नेतृत्व के उदाहरण से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं।
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा राँची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए बताया की नेता जी का मानना था कि केवल अहिंसात्मक आंदोलनों से भारत को स्वतंत्रता नहीं मिल सकती। उन्होंने सशस्त्र संघर्ष की आवश्यकता को महसूस किया और भारतीय राष्ट्रीय सेना का गठन किया, ताकि अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष किया जा सके नेता जी के अदम्य साहस, राष्ट्रप्रेम और त्याग से प्रेरणा लेते हुए, हम सभी को एकजुट होकर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा, झारखंड के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, वरुण साहू की गरिमामयी उपस्थिति के साथ बसंत दास, कमाल खान, जितेंद्र वर्मा, अनिता वर्मा, विकाश रवि, अजीत भगत, विनोद महतो, तरुण जयसवाल, लक्ष्मी चंद दीक्षित, ,पायल सोनी, अरुण चंद गुप्ता,के साथ भाजपा राँची महानगर के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

# रक्तदान शिविर सह किसान सम्मान समारोह का आयोजन

बिभा संवाददाता




**रांची :** प्रखंड के कुदलुम स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज सह सरस्वती विद्या मंदिर में गुरूवार को किसान सम्मान समारोह और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय मंत्री रामअवतार नारसरिया, विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी एवं प्राचार्य डॉ0 रामकेश पाण्डेय द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित और स्व0 आदित्य प्रकाश जालान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर किया गया। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य जितेन्द्र तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रामकेष पाण्डेय ने कहा कि रक्तदान कर किसी के जीवन बचाया जा सकता है और किसान हमारे अन्नदाता हैं उनका सम्मान करना चाहिए। अजय कुमार तिवारी ने कहा कि प्रत्येक भारतवासी भाई-बहन हैं इसलिए हम सभी को एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए, तभी राष्ट्र महान होगा। रक्तदान शिविर में नागर मल मोदी सेवा सदन के चिकित्सकों की टीम का पूरा सहयोग रहा। शिविर में दर्जनों रक्तदाताओं में मेघनाद मोदक, प्रियांषु, सुभम गुप्ता, सुमित होरो, हरीष कुजूर, गोविंद उराँव, राहुल पाहन, धनंजय प्रधान, कैलाष, अरविंद जोजो, श्यामली, लुधेष्वरी, यषस्वी,चन्द्रानी इत्यादि द्वारा 20 युनिट रक्त प्राप्त हुआ। शिविर की अध्यक्षता करते हुए रामअवतार नारसरिया ने कहा स्व0 आदित्य प्रकाश जालान एक विलक्षण प्रतिभा और प्रखर बुद्धि का बालक था। जिसका असामयिक निधन हो गया, उन्हीं की स्मृति में प्रति वर्ष इस शिविर का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर किसानों के द्वारा फसलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। किसान बन्धुओं को अंगवस्त्र, वस्त्र तथा कुदाल उपहार स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 हरीष कुमार पाण्डेय और धन्यवाद ज्ञापन मोहित कुमार तिवारी के द्वारा किया। शिविर में चिकित्सिकीय टीम के डॉ0 ए0 सनयल, असरोफ राजा सहबाज अखतर, अर्पिता, पंकज, बहमनी , कमलेंद्रनाथ त्रिपाठी, वागीष दुबे, ओमप्रकाष तिवारी, प्रमोद कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रताप, विवेक कुमार, डॉ0 सरिता, निकिता मेहता, मिनी शोभा कुजूर सहित बीएड सत्र-2023-25 एवं 2024-26 के प्रशिक्षु सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# मारवाड़ी महाविद्यालय के एनसीसी-एनएसएस कैडेटों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर जागरूकता रैली निकाली

बिभा संवाददाता




**रांची :** मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार के निदेर्शानुसार में मारवाड़ी महाविद्यालय प्रांगण में एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती मनाई गई । इस अवसर पर प्रातः एन.सी.सी. के कैडेटों द्वारा रांची यातायात विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र एवं के सहयोग से सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता रैली निकाली गई, जो कचहरी चौक यातायात कंट्रोल विभाग से चलकर मोराबादी मैदान अवस्थित बापू वाटिका तक गई और पुनः मारवाड़ी महाविद्यालय वापस आई ।मारवाड़ी महाविद्यालय परिसर में कैडेटों द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस को याद करते हुए साहसिक करतब दिखलाए गए ।
इस अवसर पर मारवाड़ी महाविद्यालय के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. आर.आर. शर्मा, सहायक प्राध्यापक सह एन.सी.सी. के केयर टेकर ऑफिसर डॉ. अवध बिहारी महतो एवं एन.एस.एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी श्री अनुभव चक्रवर्ती विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कैडेटों द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया । उनको याद करते हुए प्रोफेसर इंचार्ज द्वारा कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आजाद हिन्द फौज के संस्थापक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी के विचार तुम अपनी ताकत पर भरोसा करो, उधार की ताकत तुम्हारे लिए घातक है ।₹ कैडेटों को उनकी जीवन के इस सीख को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए ताकि आप राष्ट्र के निर्माण में सही और पूर्ण रूप से भागीदार बन सकें ।
एन.एस.एस. के पदाधिकारी श्री अनुभव चक्रवर्ती द्वारा उपस्थित सभी छात्रों को नेताजी सुभाषचंद्र बोस के दिए गए आदर्शों पर चलने की बात कही गई । अपने अभिभावक और देश के कर्तव्य का सही निर्वहन आप उनके जीवन से सीख सकते हैं । उन्होंने दोनों को बखूबी अच्छी तरह से निभाया और देश को आजाद कराया ।
सहायक प्राध्यापक और एन.सी.सी. के केयर टेकर ऑफिसर डॉ. अवध बिहारी महतो द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस को याद करते हुए कहा गया कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस हमारे देश के सच्चे स्वतंत्रता सेनानी थे । उनके त्याग और योगदान के कारण ही उन्हें नेताजी की उपाधि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने दी थी । उन्होंने अंग्रेजो से लोहा अपनी सेना बनाकर ली थी । उनके द्वारा किए गए त्याग को भी याद किया जाना चाहिए । उन्होंने कभी पद की आकांक्षा नहीं की और निस्वार्थ भाव से देश की आजादी के लिए कार्य किया । उनके द्वारा किए गए आवाहन ₹तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा₹ को सच साबित करते हुए देश को आजाद कराया । चूंकि आप सेना के एक विंग हो आप भी उनके जीवन से बहुत कुछ सीख कर अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं ।

# भाकपा ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी




बिभा संवाददाता

**रांची:** भाकपा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती रांची स्थित सीपीआई के राज्य कार्यालय के सभागार में मनाई गई। सीपीआई के नेताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सपना आज भी अधूरा है। रामगढ़ के अधिवेशन में उन्होंने गरम दल का निर्माण किया था। जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का रांची से विशेष लगाव रहा हैं, आजादी की लड़ाई के दरमियान कई बार रांची आगमन हुआ और रुकना हुआ है।जिन जगहों पर रुके थे।उन स्थानों को झारखंड सरकार संरक्षित करे और उनके जीवनी को पाठ्यक्रमों में शामिल कर सम्मान दे। आज देश के अंदर जाति धर्म के नाम पर राजनीति की जा रही है। देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है लेकिन धर्म की घुट्टी पिलाकर केंद्र सरकार लोगों को बरगला रही है। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ जापान जेल में बंद हवलदार तिन तुस टोपनो के पुत्र डॉ सहगल टोपनो भी उपस्थित थे। उन्होंने अपना संस्मरण को लोगो से साझा किया। झारखंड सभी लोग संकल्पित होकर देश की तमाम धर्मनिरपेक्ष पार्टियों को एकजुट होकर देश में लोकतंत्र, संविधान और देश की आजादी को बचाने के लिए संघर्ष को तेज करेंगी। कार्यक्रम में राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, पुष्कर महतो राजेश यादव जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, इम्तियाज खान, ममता साहू,एहतेशाम प्रवीण मनोज ठाकुर, श्यामल चक्रवर्ती, मेहुल किरण कुमारी, गोपाल पांडेय, सुनील सिंह, आरती सहित कई लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**रांची(बिभा)।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर गुरुवार को राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की देशभक्ति और राष्ट्र के लिए उनका त्याग हर भारतीय को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर शेयर पोस्ट में लिख, "आज राजभवन में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। नेताजी का अदम्य साहस, राष्ट्रप्रेम और स्वतंत्रता के प्रति उनका समर्पण हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जय हिंद!

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद करेगाः उपायुक्त



**रांची(बिभा)।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर रांची के नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेताजी के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद करेगा। देश के लिए उनका योगदान अनुकरणीय है। देश को आजादी दिलाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है, जिसे देश युगों-युगों तक यद किया जाएगा।

### बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को कानून व्यवस्था पर घेरा

**रांची(बिभा)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि रांची के नामकुम प्रखंड स्थित हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप पर हमला प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मरांडी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के ऊपर बढ़ते जानलेवा हमले प्रदेश की कानून व्यवस्था का हाल बयां कर रहे हैं। कुछ माह पहले ही धुर्वा में पूर्व वार्ड पार्षद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बावजूद सरकार और पुलिस विभाग ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया।

### उपायुक्त ने गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण




**रांची(बिभा)।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार देर रात रांची के प्रमुख चौक-चौराहों की सड़कों पर ठंड में गुजर बसर कर रहे जरूरतमद लोगों को कंबल का वितरण किया। कंबल का वितरण अल्बर्ट एक्का चौक, काली मंदिर चौक, डेली मार्केट पार्किंग, दुर्गा मंदिर रातू रोड की सड़कों पर किया गया। जिला प्रशासन के जरिये सभी प्रमुख चौक-चौराहों एवं रांची जिला के सभी प्रखंडों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। प्रखंडों में भी कंबल का वितरण पूर्व से ही किया जा रहा है। उपायुक्त के साथ सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, डीएसपी कोतवाली प्रकाश सोय एवं डीएसपी सदर संजीव कुमार बेसरा भी थे।

### बदमाशों ने मुखिया को मारी गोली, घायल

**रांची(बिभा)।** नामकुम थाना क्षेत्र में बदमाशों ने गुरुवार को एक पंचायत मुखिया को गोली मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल मुखिया को रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने नामकुम के हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप को अरविंद टेक्सटाइल के पास गोली मारकर फरार हो गए। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। पूरे मामले की जांच पड़ताल चल रही है। थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि मुखिया का अपने गांव में ही जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बंटवारे के विवाद को लेकर ही मुखिया पर फायरिंग की गई है। गोली मारने वाले बदमाशों की पहचान भी हो गई है। जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### रांची के मैन रोड मे एक साथ 5 गाड़ियां एक दूसरे से टकराई, कई कार छतिग्रस्त




**रांची :** रांची के चुटिया थाना अंतर्गत रांची मेंन रोड सुजाता चौक रिलायंस मार्केट के बीच मे एक साथ कई गाड़ियां आपस में टकराई, इसके बाद सड़क पर अफरा तफरी मच गई और भारी जाम लग गया। तीन वाहन जो क्षतिग्रस्त रूप में सड़क के किनारे खड़ी देखी गई उसकी तस्वीर इस खबर के साथ शेयर की जा रही है। बाकी वहां उपस्थित लोगों ने कहा कि दो और गाड़ियां भी इस दुर्घटना में टकराई थी जो चली गई। चुटिया थाना पुलिस मौके पर मौजूद हो चुकी थी और आगे की कार्रवाई करते हुए सभी गाड़ियों को चुटिया थाना में ले जाने की तैयारी कर रही थी। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक मेहरून लाल रंग की कार जो सबसे ज्यादा क्षतिग्रस्त हुई है उसमें बायोम इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर पंकज सिंह खुद मौजूद दिख।

#### दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड पर शामिल होने वाले झारखंड के कलाकारों से मिले केन्द्री रक्षा राज्य मंत्री

# झारखंड के लिए गर्व की बात : संजय सेठ

बिभा संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली के गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड में शामिल होने वाले झारखंड के कलाकारों से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त किया और उनसे हालचाल पूछा. इससे पहले जैसे ही वे उनके सामने आए विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने उनका बैंड की मधुर ध्वनि के साथ स्वागत किया.



कलाकारों से मुलाकात के दौरान रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी से मिलकर काफी देर तक बातचीत की. उन्होंने मौजूद सभी कलाकारों से कहा कि ऐसा पहली बार होगा कि झारखंड का बैंड प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के सामने प्रस्तुत होगा. यह हमारे लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है.

संजय सेठ ने परेड में शामिल होने वाले सभी कलाकारों से व्यक्तिगत तौर पर मिले और उनसे परिचय प्राप्त किया. इस दौरान उन्होंने कलाकारों से परेड में शामिल होने के उत्साह पर सवाल पूछा. जिसके जवाब में एक कलाकार ने कहा कि हमें बहुत खुशी है. इसके जवाब में केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि पूरे झारखंड को खुशी है कि हमारी बच्चियां मुख्य मंच के सामने प्रदर्शन करेगी.

बता दें कि दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ पर झारखंड की भी झांकी इस बार देखने को मिलेगी. इसमें राज्य की विरासत, विकास और संस्कृति की झलक दिखेगी. झांकी में स्वर्गीय रतन टाटा की मूर्ति आकर्षण का केंद्र होगा. इसके जरिए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी. साथ ही यहां के पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम को भी प्रदर्शित किया जायेगा.

## गणतंत्र दिवस पर 7 आईपीएस समेत 44 पुलिस अधिकारी होंगे सम्मानित

बिभा संवाददाता

**रांची :** गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर मोराबादी मैदान में 7 आईपीएस समेत 44 पुलिस अफसरों और कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा. इसमें 23 पुलिस अधिकारी एवं पदाधिकारी को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक, छह पुलिस अधिकारियों एवं कर्मी वीरता के लिए पुलिस पदक तथा 15 पुलिस अधिकारियों को केन्द्रीय गृह मंत्री विशिष्ट ऑपरेशन पदक से सम्मानित किया जाएगा. ये सम्मान उन्हें राज्यपाल संतोष गंगवार उत्कृष्ट सेवाओं के लिए देंगे. इस संबंध में डीजीपी कार्यालय से आदेश जारी कर दिया गया है.

#### सराहनीय सेवा के लिए 23 लोगों को पुलिस पदक मिलेगा

आईपीएस प्रभात कुमार, आईपीएस एवी होमकर, सुरेंद्र कुमार सिंह, मनोरंजन कुमार सिंह, हेमन्त कुमार बैठा, सिकंदर राय, जलहा उरांव, नाजिर हुसैन, जीतलाल नायक, रवीन्द्र कुमार सिंह, सचिन सुब्बा, राजू सिंह छेत्री, परवेज आलम, एतवा उरांव, जीवन ज्योतिष तिर्की, संतोष कुमार, भीमलाल महतो, तारामणि टेटे, चक्रधर कुमार महतो, सिल्वेस्टर केरकेट्टा, कविता विवेक, रामबहादुर, अनिल कुमार दास.

#### 6 लोगों को वीरता के लिए पुलिस मेडल मिलेगा

जीतेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, मनोज कुमार, कुन्दन कुमार, नितेश कुमार सिंह.

#### 15 लोगों को मिलेगा केंद्रीय गृह मंत्री विशेष ऑपरेशन पदक

आईपीएस एवी होमकर, आईपीएस राज कुमार लकड़ा, आईपीएस अनूप बिरथरे, आईपीएस अंजनी झा, आईपीएस शिवानी तिवारी, आईपीएस अंजनी अंजन, एएसपी विवेकानंद सिंह, गौतम कुमार, जमील अंसारी, मनोहर राम, राजकुमार उरांव, रतन कुमार यादव, कमलेश कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, विष्णु शंकर.

## जमीन कारोबारी मधुसूधन राय हत्याकांड का खुलासा, चार आरोपित गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

**रांची।** रांची के नामकुम थाना पुलिस ने जमीन कारोबारी मधुसूधन राय उर्फ मधु राय हत्याकांड में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मानवेल खलखो, अशोक सिंह, राज किशोर राय और दीपक कुमार राय के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, सात गोली, चार मोबाइल फोन, घटना में उपयोग बाइक बरामद की है।




डीआईजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 15 दिसंबर 2024 को मधुसूधन राय की नामकुम थाना क्षेत्र के रिंग रोड पर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। टीम लगातार आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में आरोपितों के छिपे हुए होने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद डीएसपी अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम ने बड़ाकवाली से एक किलोमीटर उत्तर दिशा में जंगल से चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक आरोपित भाग निकला। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि आठ एकड़ जमीन संबंधी पुराने विवाद के कारण मधुसूदन राय की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। हत्या की योजना सितंबर 2024 से ही बनाई जा रही थी। आरोपित मानवेल खलखो एवं फरार आरोपित उमेश राय ने कुल 10 गोली चलाई थी। गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उमेश राय व गिरफ्तार दीपक राय, राज किशोर राय उर्फ गुड्डू राय व अन्य आरोपितों ने मधुसूधन राय पर 2008 में भी फायरिंग की थी। इस दौरान मधुसुदन की पत्नी की गोली लगने से मौत हो गई थी।

## बाबा साहेब के संविधान के कारण भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसीः सीपी सिंह



बिभा संवाददाता

**रांची/पलामू।** जिला मुख्यालय डालटनगंज में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद अंबेडकर पार्क में भाजपा का संविधान गौरव अभियान गुरूवार को प्रारंभ किया गया।

अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भारतीय संविधान निर्माण का मूल मंत्र है प्रजातंत्र और इसी के माध्यम से होता है राष्ट्र का नवनिर्माण। कांग्रेस के जरिये जम्मू कश्मीर में लागू किए गए 370 को भी देश के इसी संविधान के जरिये मोदी सरकार ने निरस्त करने का कार्य किया है जो ऐतिहासिक है। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता सह विधायक सीपी सिह ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान के कारण भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी कहा जाता है। इन्हें के बनाए संविधान से ही उपेक्षित समाज को न्याय मिलता है और विकास का रास्ता प्रशस्त होता है। पूर्ववर्ती कांग्रेसी सरकारों के जरिये कई बार संविधान पर कुठाराघात किया गया है। जैसे देश में आपातकाल लगाकर एवं सैकडो बार 356 का दुरुपयोग कर विपक्ष की सरकार बर्खास्त कर लोकतंत्र को कुचलने का कार्य भी कांग्रेसी एवं यूपीए सरकारों ने किया है। मौके पर कार्यकताओं एवं नेताओं ने हाथ उठाकर शपथ लेते हुए संविधान प्रस्तावना को पढ़ा। मौके पर डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया, श्याम नारायण दुबे, अमलेश्वर दुबे, परशुराम ओझा, कुमार गौरव ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन एसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीश पासवान ने किया।

## आईएएस अधिकारी के बेटे के तीन जन्म प्रमाण पत्र पर विवाद, भाजपा ने सरकार से पूछे सवाल

बिभा संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम में एक आईएएस अधिकारी के बेटे के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा। इस मुद्दे को लेकर भाजपा ने प्रदेश सरकार से सवाल करते हुए निशाना साधा है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इस पूरे मामले पर सरकार से चार महत्वपूर्ण सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट किया है कि आईएएस अधिकारी राजीव रंजन के बेटे के एक जन्म प्रमाण पत्र को वैध माना गया है, जबकि अन्य को निरस्त कर दिया गया है। इस पर पहला सवाल यह है कि रांची नगर निगम ने तीन में से किस प्रमाण पत्र को वैध ठहराया और किन्हें रद्द किया? साथ ही, यह निर्णय किस आधार पर लिया गया कि कौन सा प्रमाण पत्र असली है और कौन सा फर्जी? दूसरा सवाल यह उठता है कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करते समय एक शपथ पत्र देना अनिवार्य होता है। यदि फर्जी शपथ पत्र दिया गया था, तो क्या नगर निगम ने संबंधित आईएएस अधिकारी के खिलाफ फर्जीवाड़े का मामला दर्ज किया है? तीसरा सवाल है कि नगर निगम के उस अधिकारी पर क्या कार्रवाई की गई जिसने तीन अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्र जारी किए और उन्हें सत्यापित किया?

उन्होंने कहा कि चौथा और अंतिम सवाल यह है कि जिस ऊंचे पद पर संबंधित आईएएस अधिकारी वर्तमान में कार्यरत हैं, उनके खिलाफ विभागीय स्तर पर कौन सी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है? क्या ऐसे अधिकारी के भरोसे झारखंड का पूरा वित्त विभाग चलाया जाएगा?

अजय साह ने आगे कहा कि झारखंड में ह्लकानून के राजह्व का खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है। आम जनता और बड़े अधिकारियों के लिए अलग-अलग कानून लागू किए जा रहे हैं। यदि ऐसा फर्जीवाड़ा किसी सामान्य व्यक्ति ने किया होता, तो नगर निगम उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करता लेकिन चूंकि यह मामला एक बड़े अधिकारी से जुड़ा है, इसलिए निगम का रवैया नरम दिखाई दे रहा है। उन्होंने इस पूरे मामले को गंभीरता से जांचने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

साह ने एसएससी और सीजीएल परीक्षा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह पूरी प्रक्रिया एक बड़ा धोखा और फर्जीवाड़ा है। उन्होंने सरकार को चुनौती दी कि यदि किसी भाजपा नेता की इसमें संलिप्तता है, तो ठोस सबूत पेश किए जाएं, न कि मनगढ़ंत आरोप लगाए जाएं। साथ ही, उन्होंने कहा कि यदि जेएमएम के अनुसार छात्रों के साथ खड़े होना उन्हें गुमराह करना माना जाता है, तो भाजपा इस तरह का ह्लगुमराहह्व अगले पांच साल तक करती रहेगी।

## पुस्तक मेला में डॉ. शांति देवी की पुस्तक जीवन दर्पण का हुआ लोकार्पण

बिभा संवाददाता

**रांची।** रांची के स्थानीय जिला स्कूल मैदान में लगे राष्ट्रीय पुस्तक मेले में गुरुवार को डॉ. शांति देवी की पुस्तक जीवन दर्पण का लोकार्पण हुआ।




समय इंडिया और बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुस्तक मेले में डॉ. शांति देवी की नवीनतम पुस्तक जीवन दर्पण कविता संग्रह का लोकार्पण विधायक सुरेश कुमार बैठा ने किया।

विधायक बैठा का पुस्तक मेला परिसर में स्वागत समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण ने किया। कृति चर्चा में भाग ले रहे साहित्यकारों ने संग्रह की कविताओं को जीवन की हकीकतों से रूबरू कराने वाली कविताएं बताया। चर्चा में दलित विमर्श पर कविताओं के मुखर स्वर को सभी ने सराहा। खासकर कविता में महिलाओं की निरीहता और सबलता के चित्रण को रेखांकित किया।

डॉ. शांति देवी की पृष्ठभूमि और लेखन को लेकर विमर्श में मानवता की पीड़ा और मौन की अभिव्यक्ति को सराहा गया। पुस्तक का प्रकाशन समय प्रकाशन, नई दिल्ली ने किया है।

वहीं दूसरी ओर पुस्तक मेले के दूसरे सत्र में विराट कवि सम्मलेन संपन्न हुआ। मेले में विभिन्न स्टॉल्स पर जहां बच्चों, युवाओं और वरिष्ठों के लिए उनकी रुचि की असंख्य पुस्तकें उपलब्ध हैं वहीं नाट्य साहित्य और नाट्य लेखन में रुचि रखने वाले पाठकों के लिए पुस्तकों का अनूठा संसार यहां से वहां तक पसरा है। झारखंड झरोखा मेले में एक ऐसा स्टॉल है जहां पर आप राज्य से संबंधित तमाम उपयोगी पुस्तकों के साथ राजकमल प्रकाशन और वाणी प्रकाशन की चर्चित पुस्तकें खरीद सकते हैं। इन दोनों प्रकाशनों की वरिष्ठ और युवा नाटककारों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। वरिष्ठ नाटककारों जयशंकर प्रसाद, भीष्म साहनी, शरद जोशी, मोहन राकेश के चर्चित नाट्य संग्रह पढ़ने के लिए खरीद सकते हैं।

#### उषा मार्टिन ने लगाया आयुर्वेद का मेगा कैंप, 110 लोगों का निः शुल्क इलाज

# समाज के लिए आयुर्वेद वरदानः डॉ ऋषि

बिभा संवाददाता

**रांची।** वर्तमान समय में आयुर्वेद वरदान है। इससे जीवन और शरीर दोनों का इलाज होता है। उक्त बातें साई बालाजी आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के डॉ ऋषि ने कहीं। शालिनी अस्पताल,साई बालाजी आयुर्वेदिक हॉस्पिटल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आज हेंसल, अनगड़ा में आयुर्वेदिक कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 110 लोगों को चिकित्सा परामर्श एवं दावा वितरण किया गया।



डॉ ऋषि ने सभी मरीजों को आयुर्वेद के फायदे के बारे में जानकारी दी। आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता और पंचकर्म के जरिए ईलाज के बारे में बताया।

उषा मार्टिन फाउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी ने ग्रामीणों को आयुर्वेद के फायदे और फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य पर किए जा रहे कार्यक्रम की चर्चा की, स्वयं सहायता समूह की आवश्यकता और उनको स्वास्थ्य कार्यक्रम से जोड़ के कार्य करने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गाँव से एक समूह का निर्माण किया जाएगा जो स्वास्थ्य से संबंधित कार्य भी करेंगे विशेष कर अधिक उम्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ना और उनके स्वास्थ्य अधिकार के बारे में जागरूक किया जाएगा। शालिनी अस्पताल के राणा विकास ने बताया कि अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के प्रयास से क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने के क्रम में आज का आयुर्वेदिक कैंप का आयोजन किया गया, कैंप का उद्देश्य दर्द निवारण में आयुर्वेद की जरुरत और फायदे को ग्रामीणों तक पहुंचना है।

शालिनी अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन भी किया जा रहा है जिसमें अबतक लगभग 500 से ज्यादा मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया है। ये सुविधा फरवरी तक जारी रहेगा। कैंप को सफल बनाने में अस्पताल के संपूर्णानंद, शिशिर, मोहरनाथ, फाउंडेशन से मोनित, हेंसल गांव की समूह सदस्य अनीता कुजूर, सुनीता कुजूर एवं नर्सिंग के विद्यार्थियो का योगदान रहा।

## रांची जेल के दो सुरक्षाकर्मियों को वाहन ने कुचला, एक की मौत और एक घायल

बिभा संवाददाता

**रांची।** रांची के खेलगांव ओपी क्षेत्र के बाबा चौक के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने रांची जेल के दो सुरक्षाकर्मियों को कुचल दिया। घटना में एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई, जबकि दूसरा जेलकर्मी गंभीर रूप से घायल है। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार दोनों सुरक्षाकर्मी बाइक से बाबा चौक होते हुए रांची जेल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे सुरक्षाकर्मी समीर कुमार राय (49) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे सुरक्षाकर्मी चन्द्र देव गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए।

खेलगांव थाना प्रभारी चन्द्रशेखर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दोनों सुरक्षाकर्मियों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने समीर कुमार राय को मृत घोषित कर दिया। घायल चंद्रदेव का इलाज चल रहा है। समीर राय और चंद्रदेव भारतीय सेना से रिटायर होकर रांची जेल में बहाल हुए थे। दोनों कर्मी नामकुम के रहने वाले हैं।

सुरक्षाकर्मियों को जिस वाहन ने कुचला है, अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरे को पुलिस खंगाल रही है ताकि चार पहिया वाहन का पता लगाया जा सके।

संक्षिप्त खबरें

## आजसू पार्टी की केंद्रीय सभा में होगी साल भर की योजना पर चर्चा

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** आजसू पार्टी कार्यालय, आदर्श कॉलोनी, तेलीडीह बस्ती, चास नगर, बोकारो में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक कुमार महतो ने कहा कि आगामी 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे धनबाद जिले के



अन्तर्गत पुटकी थाना क्षेत्र में स्थित भाटिंदा वॉटर फॉल के पास केंद्रीय सभा आयोजित की गई है। इस बैठक की अध्यक्षता माननीय झारखण्ड सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री -सह- आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष माननीय सुदेश कुमार महतो जी करेंगे। बैठक में पार्टी के साल भर की योजना, भविष्य की रणनीति, कार्यक्रम, और वर्तमान राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की जायगी। इस बैठक में सभी केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला एवं प्रखंड समिति, जिले के सभी पदाधिकारी, प्रखंड सह नगर अध्यक्ष और सचिव अनुसंगी इकाई के पदाधिकारी केंद्र एवं जिला के सभी पदाधिकारी जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, उपाध्यक्ष, प्रमुख, उप प्रमुख एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों को आमंत्रित किया गया है. इस मौके पर जिला सचिव बंकु बिहारी सिंह,जिला संयुक्त सचिव रंजीत सिंह चौधरी, चास नगर अध्यक्ष अभय शर्मा, चास नगर महासचिव बीरेन्द्र हरि उर्फ वीरू, अर्जुन महतो, मनोज गोप, राजेश कुमार,शीलू गोप आदि उपस्थित थे।

## ब्लास्ट फर्नेस में हुआ रिकॉर्ड हॉट मेटल का उत्पादन

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में दिनाँक 22 जनवरी 2025 को चार फर्नेस परिचालन से अब तक का सर्वश्रेठ 16821 टन हॉट मेटल का उत्पादन का नया दैनिक रिकॉर्ड बना है. उल्लेखनीय है कि पिछला सर्वश्रेष्ठ दैनिक हॉट मेटल उत्पादन का रिकॉर्ड 18 फ़रवरी




2024 को 16354 टन हॉट मेटल का उत्पादन चार फर्नेस के ऑपरेशन से कायम किया गया था। इसके साथ ही ब्लास्ट फर्नेस संख्या 01 से भी 20 जनवरी को अब तक का सर्वश्रेठ दैनिक 4436 टन हॉट मेटल का उत्पादन किया गया. ब्लास्ट फर्नेस संख्या 01 से पिछला सर्वश्रेष्ठ 4272 टन का दैनिक हॉट मेटल उत्पादन दिनाँक 18 फ़रवरी 2024 को किया गया था। निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी तथा अधिशासी निदेशक (संकार्य) सीआर महापात्रा के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) शौविक रॉय एवं उनकी समस्त टीम तथा सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## नेताजी चौक मुरलीडीह कुंआ मोड पर नेताजी का जन्मजयंती मनाई गई

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** चास प्रखण्ड चास तलगडिया मुख्य पथ मुरलीडीह कुंआ मोड पर नेताजी चोक संस्थापक सह अध्यक्ष राधेश्याम सिंह की अध्यक्षता में देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



गई और नारे लगाए गए। तुम मुझे खुन दो मै तुझे आजादी दुंगा। वक्ता ने नेताजी के जीवनी पर प्रकाश डाले। ।इस अवसर पर राजनीतिक दल, समाजसेवी,शिक्षा विद, व ग्रामीण उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दिया। भाजपा डाक्टर लखन खवास, गौर रजवार, काग्रेंस सतीश चन्द्र रजक, झामुमो अशौक दशौंधी, सृष्टि धर राजवार, सुसेन रजवार,जेएलकेम के अर्जुन रजवार , भाजपा पुर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम सिंह,मनोज कुमार महतो,लालू पाठक, राकेश मुखर्जी,संटु राय, जिपस प्रतिनिधि रामपद रविदास,पटेल चन्द्र महतो,चंदनकियारी विधानसभा पुर्व प्रत्याशी जगन्नाथ रजवार, बीस सुत्री प्रखण्ड अध्यक्ष सृष्टिधर रजवार, सुर्यकांत सिंह,रघुनाथ सिंह, दिलीप सिंह, सद्दाम अन्सारी,तपन कुमार दूबे,गौर रजवार, लालू पाठक,प्रकाश सिंह,कैलाश सिंह,भगवत प्रसाद तिवारी, कंचन हाजरा, सत्यनारायण सिंह,अनुप दसौंधी, परमेश्वरदास वैष्णव, योगेश प्रसाद, परेश कुमार सिंह,ललित सिंह, दिव्याश कुमार, राहुल सिह,जय कुमार सिंह, सैकड़ों आदि लोग उपस्थित थे।

## तपोवन सभागार में नन्हे नन्हे बच्चों ने फैंसी ड्रेस में समा बांधा

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में कक्षा प्रेप एवं प्रथम के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 90 से अधिक नन्हे नन्हे छात्र छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का विषय था सोशल मीडिया और दैनिक जीवन में हमारे




मददगार। बच्चों में डॉक्टर, इंजीनियर , टीचर, दुकानदार, ड्राइवर, नर्स, पुलिस इत्यादि का रूप धारण कर सभी निर्णायकों को प्रभावित किया। साथ ही सोशल मीडिया में फेसबुक, वॉट्सएप, इंस्टाग्राम, ईमेल इत्यादि का रूप धारण किया। निर्णायक की भूमिका में रिंकी पांडे एवं श्रेया टैंक ने अपनी शानदार भूमिका निभाई। सचिव महेश त्रिपाठी ने सभी को आर्शीवचन दिया। प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से उचित जानकारी के साथ साथ बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई, विधायक श्वेता सिंह ने किया माल्यार्पण

# जल्द से जल्द टेंपू के सभी तरह के पेपर दुरुस्त कर ले : डीटीओ

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने चेक पोस्ट चास स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जयंती के उपलक्ष्य पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर श्वेता सिंह ने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे इनकी प्रतिमा हमारे श्वसुर स्वर्गीय समरेश सिंह दादा के द्वारा क्षेत्र वासियों के मांग पर स्थापित करवाई गई थी क्यों कि ऐसे महान विभूति की प्रतिमा लगातार क्षेत्र वासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। यह सिर्फ एक प्रतिमा नहीं है यह एक जीवंत उदाहरण है जो हमें देश को सुदृढ़ करने में मार्गदर्शन करती है। हमारे श्वसुर स्वर्गीय समरेश सिंह दादा जब तक जीवित रहे हर वर्ष इस स्थल पर सुभाष जयंती के अवसर पर क्षेत्र वासियों के सहयोग से कार्यक्रम करते थे जो परंपरा आज भी जीवित हैं। श्वेता सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नेताजी की देश भक्ति के सकारात्मक संदेश देना है बोकारो जिले की मिट्टी से नेता जी का गहरा नाता रहा है स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नेता जी इस क्षेत्र में आंदोलन कारियो में आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए अपने विचारों से ऊर्जा देते थे।इस अवसर पर चास के निवर्तमान मेयर भोलू पासवान, गौरव राय, कौशल राय, बबला राम, अमर चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

### सुभाष चंद्र बोस जयंती बाट बिनोर में ग्रामीणों ने नेताजी को किया याद



**बोकारो।** बाट बिनोर स्कूल मोड़ में 128 वीं सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई गई। अध्यक्षता परमेश्वर दास वैष्णव ने किया। संचालन ज्योतिलाल महतो ने किया। परमेश्वर दास वैष्णव ने नेताजी के विचारधारा को आत्मसात करने की अपील किया। इस मौके पर मुख्य रूप से सतीश रजक, अशोक दोसंधी, तपन कुमार दुबे, दुर्जुती घोष, योगेश प्रसाद, भजन सरकार, राजू रजवार, राजू सिंह, भरत राय, सूरज सिंह खोकण गोराई आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## हमारी एकता हीं न्याय की गारंटी: राजेंद्र सिंह



बिभा संवाददाता

**बोकारो।** प्रबंधन के नकारात्मक रवैये के बावजूद काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार मजदूरो ने एकता के बदौलत मृतक हरेन्द्र कुमार भारती के लिये न्याय हासिल किया। बताते चले कि मृतक हरेन्द्र कुमार, कर्मचारी संख्याः- 787517, धमन भट्ठी विभाग के एम.एम.11 में कार्यरत थे। स्व. भारती को दिनांक 04 जनवरी 2025 को सामान्य पाली में कार्य करते हुए साँस लेने मे दिक्कत के बाद सहकर्मियो द्वारा ईलाज के लिये प्लांट मेडिकल लाया गया। जहाँ उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिये चिकित्सको ने उन्हे बोकारो जेनरल अस्पताल रेफर कर दिया। जहाँ लम्बी ईलाज के बाद भारती का देहांत हो गया। बीजीएच की लापरवाही एवं सुस्त व्यवस्था ने आखिरकार एक और मजदूर की जान ले ली।

स्व. भारती के देहांत की खबर संयंत्र मे आग की तरह फैल गयी।मृतक क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ (एचएमएस) के सक्रिय सदस्य थे।देहांत की खबर पाकर युनियन के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस श्री राजेंद्र सिंह स्वयं बी.जी.एच. पहुँचे। वहाँ शोक संतप्त परिजनो को धैर्य दिलाते हुए नियमानुसार आश्रित के नियोजन पर हो रही विलंब पर मौजूद प्रबंधन के अधिकारियो पर जमकर बरसे। शुरू मे प्रबंधन का रवैया एकदम नकारात्मक एवं लीपा-पोती वाला था। श्री सिंह एवं साथी कर्मचारियो के उग्र रवैये के आगे अधिकारियो की एक ना चली। मौके पर श्री सिंह के साथ आरके सिंह, शशिभूषण ब्लास्ट फर्नेस मे युनियन के शाखा अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, शाखा सचिव अम्बेडकर, इरफान सहित मनोज ठाकुर, संतोष कुमार, संतोष कर्मकार, अरविन्द कुमार, चन्द्र प्रकाश, अभिषेक कुमार, के के रजवार, मन्टु प्रसाद मुर्मू, असलम अंसारी, दल गोविंद किस्कु, एस.के. सिंह, विजय कुमार, अमरदीप सहित सैकड़ो मजदूर एवं युनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जल्द से जल्द टेंपू के सभी तरह के पेपर दुरुस्त कर ले : डीटीओ

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बालीडीह टॉल प्लाजा परिसर में गुरुवार को निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जांच शिविर 35वे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित किया गया है। यह शिविर बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर लगाया गया है। इस जांच शिविर में कुल 412 लोगों का नेत्र जांच सहित अन्य स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही शिविर में आने वालों को यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करने का भी अपील की गई। जांच के दौरान जिन लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ा मिलने पर दवा खाने के साथ ही आराम करने को कहा गया। चिकित्सक डॉ राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत यह नेत्र जांच व अन्य स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में कुल 412 चालकों एवं सहचालकों सहित अन्य लोगों की जांच की गई। इस कार्य में डॉ प्रेमशंकर कुमार, डॉ विवेक कुमार ने सहयोग किया। यह जांच शिविर परिवहन विभाग एवं सिविल सर्जन बोकारो के द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बस, टोटो, ऑटो चालकों के आंखों की जांच की जा रही हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने बताया कि अगले सप्ताह से तीन पहिया वाहनों सहित उनके चालकों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इसके तहत सभी तीन पहिया वाहनों का सभी तरह के कागज (जैसे रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन एवं गाड़ी का बीमा) को दुरुस्त करते हुए सभी अपने अपने तीन पहिया वाहनों के दाहिने साइड में रड लगाना अनिवार्य है। इसके साथ ही सभी चालकों को वाहन चलाने हेतु लाइसेंस रखना भी जरूरी है। उन्होंने आगे बताया कि सभी तीन पहिया वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दोनों अनुमंडल क्षेत्रों में लगाया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया कि आप सभी जल्द से जल्द टेंपू के सभी तरह के पेपर दुरुस्त कर ले नहीं तो अगले सप्ताह से चालान किया जाएगा। चालान जमा नहीं करने पर उक्त टेंपू मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एसबीआई ने सहयोग विलेज संस्था को दिया 15 साइकिल एवं दो कंप्यूटर

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के निर्वहन के क्रम भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय बोकारो द्वारा स्थानीय सहयोग विलेज संस्था को 15 साईकिल एवं 02 कंप्यूटर सेट का वितरण भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री के. वी. बंगारराजु के द्वारा किया गया। इस पुनीत अवसर पर धनबाद अंचल के उप महाप्रबंधक विजय कुमार एवं बोकारो के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक एवं उप महाप्रबंधक के द्वारा सहयोग विलेज के प्रांगण में फलदार पौधारोपण भी किया गया।

ज्ञातव्य हो कि सहयोग विलेज अनाथ, निराश्रित, असहाय, भूले भटके एवं बाल तस्करी के शिकार बच्चों हेतु बालगृह (बाल देख रेख संस्थान) का संचालन बोकारो जिला में सन 2018 से कर रही है।

अपने उद्बोधन में मुख्य महाप्रबंधक केवी बंगारराजु ने



कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के निर्वहन में भारतीय स्टेट बैंक की अग्रणी भूमिका को रेखांकित किया। निश्चित रूप से यह योगदान समाज को सशक्त बनाने एवं सर्वांगीण विकास के प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रदत्त साइकिल जहां बच्चों को शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं तक सुगमता से पहुंचने में मदद करेगी, वहीं कंप्यूटर तकनीकी क्षेत्र में कौशल विकास से लेकर बौद्धिक विकास में काफी मददगार साबित होगा।

इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देते हुए सफल बनाने में क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक अमर नाथ, अरविंद कुमार सिन्हा, सहदेव कच्छप, वंदना कुमारी, प्रीति कुमारी एवं राघव कुमार सिंह ने अपनी अग्रणी भूमिका प्रदान की।

### जेईई मेन-1 : बोकारो में दूसरे दिन 676 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 25 रहे अनुपस्थित

**बोकारो।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में नामांकन के लिए आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के प्रथम सत्र में दूसरे दिन बोकारो में कुल 676 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि, कुल परीक्षार्थियों में से 25 कैंडिडेट अनुपस्थित रहे। एनटीए के सिटी कोआर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के अनुसार, यहां के दोनों ही केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में जारी रही। परीक्षा पूरी तरह से कदाचार-मुक्त हुई। चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में कुल 123 में 117 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 06 अनुपस्थित रहे। इसी केंद्र में दूसरी पाली में कुल 139 में 132 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 07 अनुपस्थित रहे। वहीं, चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में पहली पाली में कुल 219 में 211 कैंडिडेट ने परीक्षा दी।

## बाल्मीकि नगर में मनाया गया संविधान गौरव दिवस

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गुरुवार को बाल्मीकि नगर में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के अध्यक्षता में बाल्मीकि नगर में संविधान गौरव दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार खत्री थे।और उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने राष्ट्रीय की समानता और शक्तिकरण कर एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना की थी। कार्यक्रम के नगर संयोजक अशोक कसकर ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर आज हम लोग नगर के विभिन्न जगहों पर यह कार्यक्रम कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन आकाश वर्मा ने की। और कार्यक्रम का समापन अक्षय करवा ने की। मौके पर उपस्थित




सूरज कसकर, चंदन नायक, आयशा कुमारी, हार्दिक करवा, शिवम करवा,सन करवा, पल्लवी कुमारी,मंदिता कुमारी, कुंदन वर्मा, कृष्णा करवा, रौनक करवा, अंश करवा, रितिका कुमारी, तारिणी वर्मा, रानी कुमारी, मनीषा कुमारी, सत्यम मुखी, हिमांशु करवा, रुद्र करवा, रोहित मुखी, संजू करवा, सुधांशु करवा, सावित्री देवी, बलवती देवी, राधा रानी, सिमरन कुमारी, बलराज करवा, एवं अनेकों लोग उपस्थित थे।

## बोकारो में हत्या का खुलासा: भाभी निकली मुख्य साजिशकर्ता, पांच आरोपी गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के कसमार थाना क्षेत्र के मधुकरपुर में पिछले दिनों हुए हत्या का पुलिस ने किया खुलासा। भाभी ही निकली हत्या की मुख्य साजिसकर्ता, जिसने चार अपराधियों के साथ मिलकर हत्या की रची थी साजिश। इस मामले में पुलिस ने भाभी सुनीता सहित पांच आरोपियों को हत्या के मामले में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इन आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, 9 गोली और एक खोखा को पुलिस ने बरामद किया है और 12 जनवरी को देर रात घर में घुसकर हत्या के मामले का उद्भेदन भी कर दिया। ये हत्या जमीन और संपत्ति विवाद के कारण हुई है। इस मामले में मृतक का अपनी ही भाभी सुनीता देवी मुख्य साजिशकर्ता निकली जो तीन



लाख में अपने ही देवर के हत्या की सुपारी शूटर को दे दी। पहली किस्त में डेढ़ लाख दिया गया था और काम तमाम करने के बाद बाकी के रकम देनी थी। मृतक पिंटू कुमार नायक हजारीबाग के डीसी ऑफिस में काम करता था ओर यह मामला कसमार थाना क्षेत्र का है। घटना के बारे में बोकारो एसपी मनोज श्वृगियारी ने अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से खुलासा किया। एसपी ने कहा की ये हत्या संपत्ति विवाद के कारण हुई है और मृतक तीन भाई था जिसमे बड़ा भाई कुंवारा में ही पहले ही मौत हो चुकी थी। मंझले भाई शादी के बाद कुछ दिनों तक रहा और पिछले 10 साल से लापता है वही छोटा भाई जो मृतक था वो हजारीबाग में डीसी ऑफिस में काम करता था। पिछले कुछ दिनों से देवर और भाभी के बीच संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था जिसमे भाभी ने देवर को रास्ते से हटाने की ठानी और पेटरवार थाना क्षेत्र के रहनेवाला शूटर छोटे लाल नायक और टिमा तुरी को हायर किया साथ ही राहुल कश्यप और हजारीबाग का रहनेवाला अजीत कुमार भी शामिल था। इसमें अजीत कुमार रैकी करने का काम किया था। मृतक पिंटू कुमार नायक जैसे ही 12 जनवरी को हजारीबाग से अपने घर कसमार थाना क्षेत्र के मधुकरपुर पहुंचा तो रात्रि के करीब 12 बजे जब वो सो रहा था तो आरोपियों ने घर में घुसकर दो गोली सीने में दाग दिया। पहली गोली की आवाज सुनते ही पिता दौड़कर आया जहा उनके सामने ही बेटे को आरोपियों ने दूसरी गोली दाग दिया और घर के छत के रास्ते से भाग निकला। घटना के बाद मृतक के पिता ने पुलिस को जानकारी दी जहां मौके पर पुलिस पहुंचकर अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया।

# किताबें संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में आवश्यक : न्यायाधीश त्रिपाठी

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** किताबें ज्ञान का सबसे अच्छा स्रोत हैं। अगर किसी से दोस्ती करनी हो तो किताबों से करें, जो आपके लिए बेस्ट फ्रेंड हो सकते हैं। खास तौर से बच्चे अगर अपनी सिलेबस की किताबों के अलावा अन्य ज्ञानपरक पुस्तक पढ़ें तो यह उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में काफी महत्वपूर्ण एवं सहायक साबित हो सकता है। उक्त बातें बोकारो के जिला एवं सत्र न्यायाधीश- तृतीय सह पोक्सो अधिनियम के विशेष न्यायाधीश देवेश कुमार त्रिपाठी ने कहीं। श्री त्रिपाठी गुरुवार को डीपीएस बोकारो में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित झारखंड के प्रथम विद्यालय स्तरीय पुस्तक मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आना



उन्होंने अपने लिए आनंद एवं प्रसन्नता का क्षण बताया।

अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि उन दिनों वह अक्सर पुस्तक मेले में जाया करते थे और अपनी पढ़ाई के अलावा अन्य किताबें जरूर पढ़ा करते थे। आज के बच्चों को यह आदत विकसित करनी चाहिए, जिससे कि किताबों के जरिए वे अपने आसपास, समाज, देश-विदेश, जीवन की पेशेवर यात्रा, जीवन के लक्ष्य व अन्य परिदृश्यों से भली-भांति अवगत हो सकें। किताबों में वह शक्ति है जो छोटे व्यक्तित्व को बड़े व्यक्तित्व में परिवर्तित कर सकती है। उन्होंने इस आयोजन के लिए डीपीएस बोकारो के प्रयासों की सराहना की। इसके पूर्व, विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया, जबकि विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.एस. गंगवार ने स्मृति-चिह्न भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। प्राचार्य ने भी बच्चों में पुस्तक पढ़ने की आदत डालने पर बल देते हुए जीवन की सफलता में किताबों की भूमिका को अग्रणी बताया।

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं बीबीसी ग्रुप के सहयोग से रीडिंग इंडिया 2025 मिशन के तहत ब्लॉसम थीम पर आयोजित इस पुस्तक मेले के उद्घाटन के साथ ही भीड़ उमड़ पड़ी। 3000 से अधिक पुस्तकों का संग्रहण विद्यालय के कालीदास कला भवन में प्रस्तुत किया गया है। ज्ञान, साहित्य और संस्कृति के इस संगम में बच्चों से लेकर बड़ों तक की पुस्तकें उपलब्ध हैं। देश-विदेश के नामचीन लेखकों की विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तकें जहां बड़ों को लुभा रही हैं, वहीं बच्चों के लिए भांति-भांति की ज्ञानपरक, मनोरंजक व गतिविधि आधारित किताबें आकर्षक बनी हैं। कलरिंग, एक्टिविटीज, इनसाइक्लोपीडिया, सेल्फ मोटिवेशन, नन-फिक्शन, बाल कहानियां, साइंस प्रोजेक्ट आदि से संबंधित किताबें मेले में प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए लगाई गई हैं। विद्यालय के छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए आयोजित यह पुस्तक मेला 25 जनवरी तक चलेगा। 23-24 जनवरी को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए प्रातः 8.30 से दोपहर 2.30 बजे, अभिभावकों के लिए दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक तथा 25 जनवरी को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए प्रातः 8.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक मेले का आयोजन किया गया है। मेले में प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित



बिभा संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड की ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य वाले बंता हजाम दक्षिणी पंचायत के मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा को विधायक व सीओ अरुणिमा एक्का ने इस कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बतातें चलें 18 जनवरी को रांची के ओरमांझी प्रखंड के रुक्का में मुखिया एवं उपमुखियाओ के क्षमता संवद्धन कार्यशाला- सह सम्मेलन का आयोजन हुआ था.जिसमें डीसी रांची मंजूनाथ भजंत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था .इसमें बंता हजाम दक्षिणी पंचायत के मुखिया शामिल नही हो सका था।

# बिरहू में सुभाषचंद्र बोस विद्यालय ने नेताजी की 128वीं जयंती मनाई

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जिले के गरीब असहाय व अभिभावक विहिन बच्चों के लिए बिरहू में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में हर्षोल्लास व श्रद्धा पूर्वक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ बतौर मुख्य अतिथि खूँटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित किया। साथ ही, विद्यार्थियों के बीच विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कश्यप की अगुवाई में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। मौके पर, उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि सरकार के द्वारा खूँटी जिले में चलाया जा रहा इस आवासीय विद्यालय में वैसे लोग पढ़ाई करते हैं जिन्हें गरीबी और असहाय के कारण पढ़ाई नहीं कर पाते। वहीं इस विद्यालय में पढ़ाई करके लोग अच्छी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। मौके पर उन्होंने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों में पढ़ाई के अलावा पेंटिंग व खेल आर्चरी के क्षेत्र में प्रतिभा है। जिसके कारण यहाँ के विद्यार्थी अपने विद्यालय ही नहीं बल्कि राज्य का भी नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा आश्वस्त करते हुए कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों के विकास के लिए जिला प्रशासन हमेशा तैयार है। जहाँ कमी होगी उसे पूरा किया जाएगा। साथ ही खेल के प्रति बढ़ावा के लिए सहयोग किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कश्यप, अब्राहम टुटी, आशीष कुमार, ईभा धान, रवि कुमार आदि अनेक लोग सहयोग किये। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख छोटराय मुंडा, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष नमिता देवी, सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।



### विद्यालय का पुस्तकालय को किया गया सुदृढ़ीकरण

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में एक पुस्तकालय संचालित है जिसपर सुव्यवस्थित किया गया। जिसका उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने अवलोकन किया। जहाँ वर्षों से चित्रकला का अभ्यास करते आये हैं। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कश्यप ने बतायी कि विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय उनके अध्ययन में सहयोगी होगा। जहां से बच्चे अपने से स्वाध्याय कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी यही आवासित रहकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। जहाँ न केवल पढ़ाई करते हैं बल्कि विद्यार्थियों में पेंटिंग व चित्रकला तथा खेल तीरंदाजी प्रतिभा भी अच्छी है। जिसमें सहयोग सुविधा मिले तो बच्चे और भी अच्छा कर सकते हैं।

## जन्मजात कटे ओठ और तालु वाले मरीजों के लिए निशुल्क ऑपरेशन



बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जन्मजात कटे ओठ और तालु की समस्या से जूझ रहे शिशुओं और सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए एक विशेष निशुल्क ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 जनवरी, 2025 को अल्मा मेटर, दूसरा तल्ला, गोपाद कॉम्प्लेक्स, ऊपर चौक खूँटी में आयोजित किया जाएगा। परामर्श शिविर में विशेषज्ञ की टीम उपलब्ध होगी, जो इन समस्याओं से पीड़ित मरीजों का जांच करेंगी और फिर एक निश्चित तारीख को क्षितिज हॉस्पिटल हजारीबाग मे निशुल्क ऑपरेशन करेगी। मरीज के साथ साथ उनके दो परिजनों का आने जाने, रहने और खाने का खर्च भी देगी l यह पहल उन जरूरतमंद परिवारों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो आर्थिक तंगी के कारण इस प्रकार के उपचार से वंचित रह जाते हैं। संस्था द्वारा जन्मजात कटे ओठ और तालु की समस्या के लिए निःशुल्क ऑपरेशन और उपचार व विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कीउच्च स्तर की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगी। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए मरीजों को जल्द से जल्द पंजीकरण करना आवश्यक है। अधिक जानकारी और पंजीकरण के लिए निम्नलिखित नंबरों पर 9709016516 / 6200 684 371संपर्क कर सकते हैं। यह शिविर समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए एक सेवा भावना के साथ आयोजित किया जा रहा है। जरूरतमंद लोग समय पर आकर इस विशेष अवसर का लाभ उठाएँ। जिसमें अल्मा मेटर, दूसरा तल्ला, गोपाद कॉम्प्लेक्स, ऊपर चौक खूँटी में किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नेताजी की प्रतिमा पर पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों ने किया माल्यार्पण

**लोहरदगा/बिभा संवाददाता।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर जिला के पावरगंज चौक पर अवस्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, नजारत उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज, कोषागार पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), समेत जिला के अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।



### जी कंपनी सशस्त्र सीमा बल किस्को द्वारा चलाया गया पौधारोपण अभियान

**लोहरदगा/बिभा संवाददाता।** 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गुमला और लोहरदगा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के लिए तैनात है। साथ ही लोगों के उत्थान व सामाजिक कल्याण के प्रति भी प्रतिवद्ध है। इसी क्रम में गुरुवार को किस्को प्रखंड अंतर्गत एकलव्य विद्यालय खरकी व सक्षम महिला उत्पादक समूह औद्योगिक सिलाई केंद्र किस्को में जी समवाय 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल किस्को के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 32 वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जी समवाय किस्को के कंपनी कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह (सहायक कमांडेंट) के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर ज्ञानेश्वर सिंह (सहायक कमांडेंट) जी समवाय किस्को ने लोगों को पौधों के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि पेड़ो की वजह से ही मनुष्यों को ऑक्सीजन मिलती है और हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहता है। साथ ही सलाह दी कि आने वाली पीढियां पर्यावरण के संसाधनो और सुविधाओं का आनंद लेना चाहती है तो उन्हें पेड़ लगाना और बचाना जरूरी है। इस कार्यक्रम में समवाय के अधिकारी व जवानो के साथ-साथ सक्षम महिला उत्पादक समूह औधोगिक सिलाई केंद्र किस्को के मैनेजर सतीश कुमार एवं सभी कर्मचारी, स्थानीय ग्रामीणों का योगदान भी सराहनीय रहा जो कि पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता के परिपक्वता को दर्शाता है।




### कुडू थाना के नए थाना प्रभारी से कांग्रेस नेता ने किया शिष्टाचार मुलाकात

**लोहरदगा/बिभा संवाददाता।** जिले के कुडू थाना के नए थाना प्रभारी मनोज कुमार से कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष कमरुल इस्लाम एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नासिर अंसारी एवं समाज सेवी हलीम अंसारी ने सॉल एवं बुके देकर शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान कमरूल इस्लाम ने कहा कि कुडू के नव पदस्थापित थाना प्रभारी लोगों के हित में कार्य करेंगे और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे। इसी अपेक्षा के साथ मुलाकात की गई। मौके पर थाना प्रभारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की सेवा हेतु हमेशा तत्पर है। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र के लोग अफवाह पर ध्यान ना दें एवं थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की सहायता करे। किसी प्रकार की समस्या होने पर सबसे पहले कुडू थाना को सूचित करें सभी समस्याओं का समाधान होगा।



### अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नेताजी की जयंती पर याद की गई उनकी शिक्षायें

**लोहरदगा/बिभा संवाददाता।** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा में सचिव इंद्रजीत कुमार ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पुष्पार्चन कर उनके देश प्रेम और सशक्त नेतृत्व को स्मरण किया गया कि कैसे देश की आजादी के लिए उन्होंने सेना का गठन किया और देश विदेश में सच्चे नायक तैयार किए जिनमें महिलाएं भी कदम से कदम मिला कर थीं, नेता जी का व्यक्तित्व और कर्त्तृत्व सदैव प्रेरणा स्रोत है वे प्रबंधन, कूटनीति, विदेश नीति आदि सभी में पारंगत थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका, आफताब, पंकज, जंगबहादुर समेत प्रशिक्षुओं द्वारा पुष्प अर्पित किए गए।




### राष्ट्रीय बालिका दिवस : बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का होगा आयोजन

**लोहरदगा/बिभा संवाददाता।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण कार्यालय, लोहरदगा की ओर से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे से नया नगर भवन, लोहरदगा (सदर प्रखंड कार्यालय के समीप) में किया गया है। उक्त कार्यक्रम की जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।




## भंडरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने भंडरा प्रखंड के नवदीहा चौक से थाना मोड़ तक किया पदयात्रा

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भंडरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत के नेतृत्व में जय बापू, जय भीम, जय संविधान सम्मान यात्रा का आयोजन भंडरा प्रखंड के नवदीहा चौक से थाना मोड़ तक तक पदयात्रा किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से लोहरदगा कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी ज़िलाद्यक्ष हाजी सकील अहमद , प्रभारी मोहन दुबे ,युवा ज़िलाद्यक्ष विशाल डुंगडुंग मुख्य रूप से सम्मिलित हुए, सर्वप्रथम नेताओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि देते हुए पदयात्रा प्रारंभ किया गया। पदयात्रा में कांग्रेसियों ने संविधान की रक्षा, और डॉ आंबेडकर और बापू के प्रति सम्मान को लेकर जोरदार नारा लगाते हुए आवाज बुलंद किया। इस अवसर पर ज़िलाद्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान रचियेता डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति संसद में दिया गया बयान काफी निंदनीय है भाजपा आरएसएस शुरू से ही देश के संविधान के खिलाफ है और केन्द्र के सत्ता में आने के बाद रह रहकर संविधान को बदलना चाहते हैं। हाजी शकील अहमद ने कहा कि बीजेपी आम लोगों का संवैधानिक अधिकार छीनना चाहते हैं इस देश के शोषित वंचित दलित आदिवासी अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा समाज के लोगों को एक सूत्र में बांधकर संविधान हमें गर्व से जीने का अधिकार देता है। डॉ अंबेडकर का अपमान कर भाजपा आरएसएस वाले समय-समय पर अपने मंशा को उजागर करते रहे हैं, हमें पूरे देश में आम लोगों को इस बात से अवगत कराना होगा और उनके चेहरे को बेनकाब करना होगा। सभा में उपस्थित लोगों ने संविधान की रक्षा का संकल्प लेते हुए ऐसी ताकतों से आम लोगों को सतर्क रहने का आग्रह किया। प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे ने कहा कि बीजेपी पहले संविधान पर हमला करती थी और अब संविधान निर्माता अंबेडकर जी का अपमान कर रही है अमित शाह को इस्तीफ़ा दे देना चाहिए, मौक़े पर ज़िलाद्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी ज़िलाद्यक्ष हाजी सकील अहमद, प्रभारी मोहन दुबे युवा ज़िलाद्यक्ष विशालडुंगडुंग, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, बीस सूत्री अद्यक्ष डोमना उराँव, रेहानअख़्तर, अफताब अंसारी, दानिस अली, हरि भगत, चंदर उराँव आदि उपस्थित थे।




## विधायक के जनता दरबार में फरियादियों की लगी भीड़



बिभा संवाददाता

**सिल्ली।** विधायक अमित महतो ने गुरुवार को प्रखंड के बंता हजाम-दक्षिणी एंव बड़ा चांगड़ू पंचायत सचिवालय में जनता दरबार लगाया, इस दौरान दोनों पंचायत के विभिन्न गांव से व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के निराकरण के लिए आए लोगों से क्रमवार मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। विधायक ने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदन पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सभी योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। वही बंता हजाम दक्षिणी पंचायत सचिवालय में जनता दरबार कार्यक्रम के दौरान बच्चों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि करने के लिए पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा जनता दरबार का उद्देश्य आम जनता और प्रशासन के बीच की दूरियों को मिटाना है मैं जनता की समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हूं। वही विधायक अमित महतो को महिलाओं ने झारखंडी रीति रिवाज के साथ स्वागत किया। मौके पर झामुमो नेता मनोरंजन महतो सतीश महतो जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी सीओ सिल्ली अरुनिमा एक्का प्रखंड कृषि पदाधिकारी कमलाकांत महतो कल्याण पदाधिकारी बलराम सिंह मुंडा वीपीआरओ कार्तिक मुंडा एंव बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### आठ कांडों को अंजाम देने वाला माओवादी असाय गिरफ्तार

**खूँटी।** जिले के अड़की थाना क्षेत्र से आठ मामले के आरोपी माओवादी नक्सली असाय उर्फ सनिका मुण्डा को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। असाय मुण्डा के उपर पहले से आठ मामले चल रहे हैं। वहीं असाय उर्फ सनिका मुण्डा एक बार जेल भी जा चुका है। लेकिन फिर जेल से निकलने के बाद अड़की, सयको खूँटी और मारंगहादा थाना क्षेत्र में सक्रीय होने से फिर नक्सली गतिविधियों में लिप्त होकर कई मामलों पर अभियुक्त रहा है। वहीं अड़की पुलिस को मिली जानकारी के बाद हेमरोम गांव स्थित उसके घर पर छापामारी किया गया। जहाँ से उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। खूंटी डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि असाय मुण्डा माओवादियों का सक्रिय सदस्य रहा है। जो फरार चल रहा था। पुलिस को जानकारी मिली कि वह अपना गांव हेमरोम आया हुआ है। तभी पुलिस उसे घर पर छापामारी किया और उसी घर से गिरफ्तार कर लिया। इस छापामारी अभियान में अड़की थाना प्रभारी प्रवीण तिवारी एवं अन्य पुलिस पदा व सिपाही शामिल थे।

## ख्रीस्त राजा विद्यालय में दसवीं कक्षा के छात्रों को दी गई विदाई

बिभा संवाददाता

**चंदवा।** खीस्त राजा विद्यालय परिवार के द्वारा बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर दसवीं कक्षा में अध्ययनरत 159 विद्यार्थियों को विदाई दी गई। चंदवा पल्ली में फादर मार्सेल व फादर जोसेफ की अगुवाई मिस्सा पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम के पश्चात विदाई कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना के साथ हुई तत्पश्चात आठवीं नौवीं व अन्य कक्षा के विद्यार्थियों के द्वारा विदाई गीत समेत कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए फादर जोसेफ एक्का ने कहा कि आप सभी के भविष्य निर्माण में 10 वीं बोर्ड की परीक्षा महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस परीक्षा के बाद आप सभी विद्यार्थियों को कैरियर बनाने कई रास्ते प्रशस्त होंगे, कोई आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, सैनिक समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपना भविष्य बना कर देश की सेवा कर सकते हैं, इस लिए आने वाल समय आपके भविष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है, पूरी लगन, मेहनत व ईमानदारी के साथ आगामी दशवीं की परीक्षा में भाग लें व अपना शत प्रतिशत देने का प्रयास करें। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदा किया, साथ ही आगामी परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने पर सम्मानित करने किये जाने की भी बात कही। मौके पर विद्यालय के कुलदीप लकड़ा, शांति एक्का, दीपा भेंगरा, सुनीता तिर्की, बसंती कुजूर, पूनम एक्का, अनूप लकड़ा, अमरदीप नगेसिया, अनूपा कुमारी, अणिमा टोप्पो, समीर बारला, सुनीता तिर्की, बसंती कुजूर, रोहित कच्छप, मो. इम्तियाज अंसारी, प्रियंका कुमारी, सुधीर लकड़ा, अनिल लकड़ा, रोमानुस नगेसिया, पातरिक बारला, रोहित कच्छप समेत समेत सैकड़ो उनविद्यार्थी मौजूद थे।

### राहे में प्रदीप वर्मा फाउंडेशन ने किया कंबल वितरण

**राहे।** राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा के द्वारा प्रदीप वर्मा फाउंडेशन के तत्वावधान में राहे प्रखंड के बनसिया पंचायत भवन में पंचायत के विभिन्न गांवों के जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष चित्तरंजन महतो द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित लाभुकों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने फाउंडेशन के सेवा मूलक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण करना बड़ा पुण्य का कार्य है। फाउंडेशन सदस्य संजय कुमार महतो ने कहा फाउंडेशन प्राकृतिक आपदा - बाढ़, अकाल, सुखाड़, भूकंप और महामारी जैसी परिस्थितियों में राहत सेवा करते रहती है। कार्यक्रम को बूथ अध्यक्ष नीरद वरण महतो सहित अन्य ने भी संबोधित किया।

## सोनाहातू में 26 वर्षीय युवक का शव बरामद, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका

बिभा संवाददाता

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के सारेयाद - रंगाडीह सड़क किनारे सोनाहातू पुलिस ने एक 26 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। युवक के चेहरे में कई गहरे जख्म के निशान देखे गए हैं। प्रथम दृष्टि में युवक की हत्या कर शव को फेंके जाने का मामला प्रतीत होता है। युवक के समीप उसका यामाहा R 15 गाड़ी JH01FA6246 बाइक भी पड़ा मिला है। शव के पॉकेट से मिला आधार कार्ड के अनुसार रजरप्पा क्षेत्र के कोरांबे, मुरपा का रहने वाला अजित कुमार था। पुलिस ने घर वालों को सूचना दिया।

परिजनों ने बताया कि अजित कुमार बाइक से 20 जनवरी को ही घर से निकला था। पेशे से ट्रक चालक था और 2016 में सिल्ली में शादी किया था। इसका एक 5 वर्षीय बेटी भी है। मृतक की पत्नी भादू देवी ने बताया कि 2016 में शादी हुई थी। लेकिन दो वर्ष से पति के साथ अनबन चल रहा था। साल भर से पत्नी को खर्चा पानी देना भी बंद कर दिया था। एक साल मजदूरी करके अपना और अपनी बच्ची का भरण पोषण कर रहे हैं। छः माह से अपने मायके सिल्ली में रह रही थी। इस दौरान एक -दो बार ही भेंट करने आया था लेकिन भरण पोषण करने का खर्चा नहीं दिया था।

मृतक युवक का सोनाहातू थाना क्षेत्र के चोगा गांव के एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती रांची में पढ़ाई कर रही है। परिजनों के अनुसार युवती की शादी तय हो गई है। संभवतः शादी में अड़चन न हो इसलिए हत्या किया गया हो।

मृतक के पत्नी के आवेदन और भाई के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला के हर बिंदु पर पुलिस जांच कर रही है।



## झामुमो की जिला कार्यालय में संयोजक मंडली की बैठक संपन्न

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा जिला कार्यालय में संयोजक मंडली की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। यहां पर बैठक की अध्यक्षता संयोजक प्रमुख मोजम्मिल अहमद ने की। इस बीच बैठक में चर्चा की गई कि केंद्रीय समिति के आदेशानुसार लोहरदगा जिला में पार्टी के सदस्यता अभियान एवं पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय कमेटी का पूर्नगठन और बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु रणनीति तैयार की गई। इधर बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संयोजक प्रमुख मोजम्मिल अहमद ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता बूथ व पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर एकजुटता दिखाते हुए युद्ध स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले एक महीने के अंदर लोहरदगा जिले में सभी पंचायत एवं वार्ड समितियों का पूनर्गठन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रखंड, नगर और महानगर समितियों का भी गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए सभी संयोजक सदस्य बूथ स्तर तक जाएंगे और नए सदस्य जोड़ने का काम करेंगे। इधर सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु हर प्रखण्ड में प्रभारी का चयन किया गया। जिसमें पेशरार प्रखंड में राधा तिर्की एवं बालमुकुंद लोहरा को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही भंडरा व लोहरदगा सदर प्रखंड की जिम्मेदारी अनिल उरांव व समीद अंसारी को दी गई है। वहीं जिले के सेन्हा प्रखंड में सतीम टोप्पो व सरिता भगत को बागडोर सौंपा गया है। इसी तरह किस्को प्रखंड के लिए अजय उरांव व अख्तर अंसारी को प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं कुड़ू नगर के लिए तिवारी उरांव को प्रभारी बनाया गया। इस बीच सभी को संयोजकों को संयोजक प्रमुख मोजम्मिल अहमद ने बधाई दी और कहा कि हमारी पार्टी लोहरदगा में काफी मजबूत है। उन्होंने कहा कि लोग अब झामुमो से जुड़ना चाहते हैं। मोजम्मिल अहमद ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन की लोकप्रियता पूरे झारखंड प्रदेश वासियों में है। उन्होंने कहा कि हम बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करेंगे और सभी वर्गों और उम्र के लोगों को पार्टी से जोड़ेंगे। जल्द ही जिला के नेताओं सहित प्रखंड और पंचायत के नेताओं को भी बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। यहां पर बैठक को संबोधित करते हुए संयोजक सदस्य अनिल उरांव ने कार्यकर्ताओं से अपील की और कहा कि वे बिना किसी भेद-भाव के ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें। इस बीच बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि केंद्रीय समिति के आदेशानुसार पार्टी हित में कार्य किया जाएगा और लोहरदगा जिले में पचास हजार नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में संयोजक सदस्य अनिल उरांव, समिद अंसारी राधा तिर्की, सरिता भगत, अख्तर अंसारी, सतीम टोप्पो, बालमुकुंद लोहरा युवंती देवी बरखा रानी अफरोज अंसारी परवेज अंसारी सजद अंसारी राजकिशोर राम सुषमा देवी सायमानंद लोहारा संकर उराव अजय उराव तिवारी उराव सहित पार्टी के सभी प्रखंड एवं जिले के पूर्व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद थे।




## शिव मंदिर वार्षिकोत्सव में निकली कलश यात्रा, आज होगा अनुष्ठान

बिभा संवाददाता

**रनिया।** प्रखंड क्षेत्र के तोकेन में बना भव्य और आकर्षक शिव मंदिर निर्माण का प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मन या जा रहा है। इस मौके पर वृहस्पतिवार को पीला व गेरुआ वस्त्र धारण कर ग्रामीण महिला पुरुषों ने हर्षोल्लास पूर्वक कलश यात्रा निकाले। इस दौरान कलश यात्रा में सैकड़ों महिला पुरुष की मौजूदगी में जयकारे के बीच तोकेन तालाब से शिव मंदिर पहुँचा। वहीं पुरोहित बसंत महराज और नरसिंह तिवारी के मंत्रोच्चारण के बीच पूजन व 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन भी प्रारंभ हो गया। वर्षगांठ के मौके पर क्षेत्र का माहौल भक्ति में हो गया है। 24 घंटे का अखंड कीर्तन में नवाटोली, कोटांगेर, झरिया टोली, मरचा सहित विभिन्न मंडलीय भाग ले रही है। कार्यक्रम का सफल आयोजन में स्थानीय ग्रामीण आनंदनाथ सिंह, बद्री सिंह, दीपू सिंह, देवशरण महतो, अशोक गोप, विदेश्वर सिंह, रणविजय सिंह सहित स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग रहा। अखंड हरी कीर्तन का समापन हवन व प्रसाद वितरण के साथ आज शुक्रवार को होगा।



संपादकीय

## बच्चियों को उड़ने की आजादी दें

देश में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' का आज 17 संस्करण मनाया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण दिवस की शुरुआत केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा सन-2008 से हुई। इसी दिन यानी 24 जनवरी 1966 को इंदिरा गांधी ने पहली बार बतौर प्रधानमंत्री कार्यभार संभाला था। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पूरे भारत में विभिन्न स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिनमें 'सेव द गर्ल चाइल्ड', 'चाइल्ड सेक्स रेशियो' व 'चाइल्ड क्राइम प्रोटेक्शन' अभियानों के अलावा बालिकाओं के स्वास्थ्य और उन्हें सुरक्षित वातावरण देने सहित तमाम तरह की जागरूकता मुहिम चलाई जाती है। इसमें सामाजिक और सरकारी संस्थानों की भागीदारी होती है।अफसोस, ऐसी तमाम कोशिशों के बावजूद बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले जुल्म और अपराध कम नहीं हो रहे। किशोरियों की तस्करी सबसे बड़ा चिंता का विषय है। कई राज्यों में बच्चियां अपने घरों में बंदिशों की बेड़ियों में जकड़ी हुई हैं। केंद्र सरकार ने हाल ही में संपन्न हुए संसद के शीतकालीन सत्र में आंकड़ा पेश कर बताया कि पूरे देश में अभी लाखों की संख्या में बच्चियों को उनके अभिभावक स्कूलों में नहीं भेजते। ये हाल तब है जब बच्चियों की शिक्षा पर केंद्र व राज्य सरकारें सजगता से लगी हुई हैं। यहां सरकारों को दोष नहीं दे सकते। बच्चियों से जुड़ी मौजूदा समय की सबसे विकराल समस्या 'बाल तस्करी' ही है। इस विकट समस्या का कैसे समाधान हो, इसे लेकर जनमानस कैसे जागरूक हों आदि विषय को ध्यान में रखकर ही सालाना 24 जनवरी को पूरे भारत में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जाता है। बेटियों के सम्मान में केंद्र सरकार का 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा जबरदस्त सफल रहा है। इससे बालिका लिंगानुपात में भी इजाफा हुआ है। 2014 में बेटियों के जन्मानुपात का आंकड़ा 918 था, तो वहीं 2022-23 में 15 अंकों की छलांग लगाकर ये आंकड़ा 933 तक जा पहुंचा। इस आंकड़े में हरियाणा अभी भी पिछड़ा हुआ है। देश की तरक्की में बेटियों को उड़ने की आजादी मिलनी चाहिए। उनकी शिक्षा-दीक्षा में कोई कोर-कसर नहीं छोड़नी चाहिए। हालांकि किशोरियों के लिए जबसे माहौल बदला है, उन्होंने अपनी काबीलियत साबित कर दी है। रक्षा से लेकर खेल तक कोई ऐसा क्षेत्र नहीं हैं जहां बेटियां परचम न फहरा रही हों। लड़कियों के प्रति रुढ़िवादी सोच से लोग अब किनारा करने लगे हैं। कुछ लोग जो इस सोच से बाहर नहीं निकल रहे, वे अपनी लड़की को उनके अधिकारों से वंचित रखते हैं, इससे उनका करियर बन ही नहीं पाता।

# सफलता की अनिवार्यता फ्यूचर का स्ट्रैटिजिक थिंकिग

लेखक



डॉ मयंक मुरारी

चिंतक और लेखक

> उदारीकरण के बाद 1992 में इतिहासकार फ्रांसिस फुकियामा ने एक किताब लिखी- द एंड ऑफ हिस्टरी एंड दी लॉस्ट मैन। इसके साथ ही पूरी दुनिया में बाजारवाद पर आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था का दौर शुरू हो गया। पिछले साल 2022 में ग्रैग बरमैन और ऑब्रे फॉक्स की एक किताब आयीं है- ग्रेज्युअलः इंक्रिमेंटल चेज इन रेडिकल एज। इसने अब विचार और तकनीक के कछुआ और खरगोश की दौर को खत्म कर दिया है। अब दुनिया टेक्नोलॉजी संसार के साथ ड्राईविंग सीट पर है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में दुनिया बड़े और सतत बदलाव के दौर में है।

भविष्य आपकी और हमारी सोच से कहीं अधिक तेज है। हमारा जीवन, बाजार, उद्योग और विचार तथा टेक्नोलॉजी सबकुछ तीव्रता से बदल रहा है। क्या किसी को ऐसा लगता है कि वर्ष 2000 बस कुछ साल पहले की बात है और 2030 भविष्य में बहुत दूर की बात है ? ऐसा नहीं है। पिछले पांच सौ सालों का इतिहास विचार यानी आइडिया और तकनीक यानी प्रौद्योगिकी के इर्द गिर्द चला, आनेवाला समय स्टैटिजिक थिंकिग का होगा। इस 21 वीं सदी का इतिहास उनके हाथों में होगा, जो स्ट्रैटिजिक थिंकिग से फ्यूचर को बेहतर तरीके से देख, पढ़ और उसके अनुरुप तैयार होंगे। जिसके पास ज्ञान नहीं होगा, वे नेपथ्य में चले जायेंगे। जिसके पास ज्ञान का सतत संवर्द्धन की काबिलियत होगी, वे भविष्य को अपने अनुरुप बदलने का ताकत रखेंगे, वही समाज, बाजार और संसार का शक्तिमान बनेंगा। भविष्य में संभावित परिवर्तन, आनेवाले खतरे और उसके वैकल्पिक सशक्त समाधान करनेवाला व्यक्ति या व्यवसाय ही सफल होंगे। विकास का एक संभावित धारा होती है। इसको समझना जरूरी है। स्टैनफोर्ड यूनिवसिटी का माहौल, युवाओं की स्ट्रैटिजिक थिंकिंग और भविष्य के लिए खतरा उठाने की अदम्य सहास ने ही सिलिकन वैली को जन्म दिया जो आज दुनिया को गढ़ रहा है। एक जमाना था जब आक्सफोर्ड और कैंब्रिज दुनिया को दिशा देती थी। नालंदा और तक्षशिला सहित दर्जन भर ज्ञानकेंद्र के कारण भारत भी विश्व गुरू था। उदारीकरण के बाद 1992 में इतिहासकार फ्रांसिस फुकियामा ने एक किताब लिखी- द एंड ऑफ हिस्टरी एंड दी लॉस्ट मैन। इसके साथ ही पूरी दुनिया में बाजारवाद पर आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था का दौर शुरू हो गया। पिछले साल 2022 में ग्रैग बरमैन और ऑब्रे फॉक्स की एक किताब आयीं है- ग्रेज्युअलः इंक्रिमेंटल चेज इन रेडिकल एज। इसने अब विचार और तकनीक के कछुआ और खरगोश की दौर को खत्म कर दिया है। अब दुनिया टेक्नोलॉजी संसार के साथ ड्राईविंग सीट पर है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेस के दौर में दुनिया बड़े और सतत बदलाव के दौर में है। सबकुछ बदल रहा है और यह तेजी से बदल रहा है। ऐसे में एक ही चीज हमारे अस्तित्व को बचा सकती है। रणनीतिक विचार यानी स्ट्रैटिजिक थिकिंग और एंटीसिपेटिंग द फ्यियूचर यानी आसन्न भविष्य के बारे में पूर्वानुमान। एक्सएलआरआई के प्रोफेसर अपलक खटुआ बताते है कि नोकिया और कोडक के उतार-चढ़ाव का दौर एक केस स्टडी है। नोकिया मोबाइल ने बाजार में अपने एकाधिकार बनाये रखने के लिए सब कुछ किया, जो किया जा सकता है। तकीनीक भी बदला और स्थिति में भी परिवर्तन किया। उसको पता था क्या हो रहा है ? एंड्रोयाड के दौर में जब एप्पल मोबाइल बाजार में उतर रहा था, तब भविष्य के आंकलन में नोकिया विफल रहा। दूसरी ओर कोडक ने वह भी किया, जो नोकिया नहीं कर सका। वह बाजार में अपने एकाधिकार को बनाए रखने के लिए डिजिटल सर्विस में भी उतरा। फिर भी असफल रहा। दूसरी ओर एप्पल मोबाइल का बाजार मोबाइल हेंडसेट से शुरू हुआ और आज वह हरेक क्षेत्र में है। सफलता केवल तकनीक का ज्ञान और उसका उपयोग नहीं है, बल्कि भविष्य का सटीक आंकलन और उसके अनुसार व्यवहार भी है।



यह प्रगति, समृद्धि और अवसरों के नये युग की शुरूआत है। टेक्नोलॉजी आज भावी अर्थव्यवस्था को गढ़ने की भूमिका में लगा है। दुनिया में एआई की तीव्र आवाज गूंज रही है। अमेरिका में इसे एक 19 साल का युवा सैम अल्टमैन अपनी एक स्टार्ट अॅप "ओपन एआई" के रूप में शुरू किया, जो आज "चैट जीपीटी" के रूप में मुफ्त सेवाएं दे रहा है। यह एक इंस्ट्रूमेंट यानी एक उपकरण है जो दुनिया को प्रगति, क्षमता और अवसर का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। ऐसे कई उपकरण और तकनीक आने वाले कल को बदल डालेंगे। यही कारण है कि अब "ब्लू ओसन स्ट्रेटेजी" की बात हो रही है। इस सिद्धांत को चैन किम और रेनी मौबोर्गने ने एक सौ सालों एवं तीस से अधिक कंपनियों रणनीतिक कदमों के अध्ययन के आधार पर प्रतिपादित किया है। इसमें उन उद्योगों एवं विचारों को शामिल किया गया है जो आज अस्तित्व में नहीं है। एक अज्ञात बाजार जो स्थान और प्रतिस्पर्धा से अछूता है। इस रणनीति के तहत नये बाजार खोलने, उसके लिए नई मांग बनाने के लिए लिए संघर्ष के बदले नयी रणनीति पर विचार किया जाता है। एक सौ साल पहले आॅटोमोबाइल, संगीत रिकॉर्डिंग, विमानन उद्योग अनजाने थे। 20 साल पहले म्यूचूअल फंड, सेलुलर टेलीफोन, डिलीवरी पैकेज, कॉफी बार, का अस्तित्व नहीं था। आज के 20 साल बाद कितने उद्योग जो अज्ञात है, तब क्या वे अस्तित्व में नहीं आयेंगे! जो आने वाले भविष्य का पूर्वानुमान लगा सकेंगे, वह इतिहास में दर्ज हो जायेंगे और बाकि समय के द्वारा मिटा दिये जायेंगे।

# महाकुंभ के मंच से भाजपा का राजनीतिक संदेश

लेखक



अजय कुमार



उत्तर प्रदेश की राजनीति में बुधवार का दिन बेहद खास और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रहा, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के महाकुंभ में अपनी पूरी कैबिनेट की बैठक आयोजित की। यह आयोजन सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश देने के लिहाज से भी अहम था। संगम के पवित्र तट पर मंत्रिमंडल की बैठक के साथ मुख्यमंत्री ने न केवल प्रदेश सरकार के विकास कार्यों पर चर्चा की, बल्कि अपने सहयोगी दलों को भी एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत अन्य मंत्रियों के साथ संगम में डुबकी लगाई। इस धार्मिक अनुष्ठान को भाजपा की ₹संस्कृति और परंपरा से जुड़े रहने₹ की विचारधारा के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की और कई बड़े फैसले लिए। इनमें प्रदेश के पिछड़े इलाकों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा, बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए नई योजनाओं की शुरुआत और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए रक्षा उत्पादन नीति में बदलाव शामिल थे। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी सरकार समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस बैठक का एक प्रमुख उद्देश्य यह दिखाना था कि भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ खड़ी है, खासकर उन राजनीतिक अटकलों के बीच जो यह कह रही थीं कि भाजपा के सहयोगी दल उससे नाराज हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर सहयोगी दलों के नेताओं को विशेष महत्व दिया। उन्होंने अपना दल (सोनेलाल) के नेता आशीष पटेल और निषाद पार्टी के नेता संजय निषाद को आमंत्रित कर स्पष्ट संदेश दिया कि गठबंधन मजबूत है। आशीष पटेल ने हाल ही में सरकारी अधिकारियों पर अपने खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया था, और उनकी नाराजगी की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। इसी तरह, संजय निषाद भाजपा द्वारा कटेहरी उपचुनाव में अपने उम्मीदवार उतारने के कारण कथित तौर पर नाराज बताए जा रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस बैठक के जरिए इन विवादों को हल करने और गठबंधन में विश्वास बहाल करने की कोशिश की।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा का यह कदम विपक्ष के गठबंधन को कमजोर करने और भाजपा के सहयोगियों के बीच विश्वास बनाए रखने का प्रयास है। इस रणनीति का उद्देश्य समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठजोड़ के जरिए अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिशों को विफल करना भी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बैठक को ₹राजनीतिक दिखावा₹ करार देते हुए भाजपा पर आरोप लगाया कि वह धार्मिक स्थलों को राजनीतिक संदेश देने के लिए इस्तेमाल कर रही है। अखिलेश ने कहा कि कुंभ जैसे धार्मिक आयोजन राजनीति का मंच नहीं होना चाहिए, लेकिन भाजपा ने इसे प्रचार का जरिया बना लिया है।

इन सबके बीच, मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव ने प्रदेश की राजनीति को और गर्मा दिया है। यह उपचुनाव भाजपा और समाजवादी पार्टी दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भाजपा ने इस चुनाव को पूरी गंभीरता से लिया है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद इसके प्रचार की कमान संभाल रहे हैं। मिल्कीपुर की यह सीट सपा के अवधेश प्रसाद के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। भाजपा के उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान मैदान में हैं, और भाजपा हर संभव कोशिश कर रही है कि यह सीट उनके खाते में जाए।

भाजपा ने इस चुनाव के लिए एक विस्तृत रणनीति तैयार की है। जातीय गणित को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने दलित, ब्राह्मण और पिछड़े वर्गों के मतदाताओं को साधने का प्रयास तेज कर दिया है। पार्टी ने बूथ स्तर पर मजबूत टीम बनाई है, जो मतदाताओं से सीधा संपर्क कर रही है। घर-घर जाकर वोटर पर्चियों का वितरण किया जा रहा है, और इस प्रक्रिया को दो बार दोहराने की योजना बनाई गई है ताकि कोई भी मतदाता छूट न जाए। भाजपा के प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ मंत्री और नेता भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी भी इस चुनाव को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। सपा ने अपने उम्मीदवार अजीत प्रसाद को जिताने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। सपा का प्रचार अभियान भाजपा की नीतियों और शासन को मुद्दा बनाकर मतदाताओं को आकर्षित करने पर केंद्रित है। सपा के प्रचारकों का कहना है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास को पीछे छोड़ दिया है और कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ा है। सपा ने पीडीए फॉर्मूले के जरिए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वोटों को अपने पक्ष में करने की कोशिश की है।

मिल्कीपुर के उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है, जिससे मुकाबला भाजपा और सपा के बीच सीधा हो गया है। हालांकि, चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी ने संतोष कुमार को उम्मीदवार बनाया है। वह सपा के पूर्व नेता रह चुके हैं और अब सपा के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उनके दलित मतदाताओं पर पड़ने वाले प्रभाव का चुनाव परिणाम पर गहरा असर पड़ सकता है।

यह उपचुनाव भाजपा और सपा दोनों के लिए राजनीतिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। भाजपा जहां अपनी विकास योजनाओं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता के सहारे जीत की उम्मीद कर रही है, वहीं सपा अपनी सामाजिक समीकरणों और भाजपा सरकार की कथित नाकामियों को मुद्दा बनाकर मैदान में उतरी है। दोनों ही दल यह समझते हैं कि इस उपचुनाव का परिणाम प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव ला सकता है। 5 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। भाजपा और सपा दोनों ही दल अपने-अपने स्टार प्रचारकों को मैदान में उतारने की योजना बना रहे हैं। अखिलेश यादव और शिवपाल यादव सपा के प्रचार अभियान को गति देने वाले हैं, जबकि भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य वरिष्ठ नेताओं का फोकस क्षेत्र में रहेगा। जातीय गणित, विकास के मुद्दे और भाजपा-सपा के बीच की टकराहट इस चुनाव को और रोचक बना रही है।

## राशिफल

**मेष:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

**वृष:** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवासए मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मिथुन:** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्घिए बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**कर्क:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**सिंह:** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**कन्या:** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला:** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक:** आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।

**धनु:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।


**मकर:** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा।

**कुंभ:** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे।

**मीन:** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

# बेटी बचाओ के दावों पर सवाल है बीस हज़ार में दुल्हन की बिक्री

लेखक



मनोज अग्रवाल

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

> रोहिंग्या शरणार्थी महिलाओं को अच्छे जीवन का लालच देकर जम्मू-कश्मीर में 'दुल्हन' के रूप में बेचा जा रहा है। दो दिन पहले कोलकाता में रेलवे पुलिस ने अब्दुल रहमान नाम के शख्स को दो बच्चियों के साथ गिरफ्तार किया है। वह इन बच्चयों को कश्मीर ले जाने की जुगत में लगा था। जम्मू कश्मीर में रोहिंग्या महिलाओं की भारी मांग है। 52 साल के एक आदमी की फैमिली लंबे टाइम से शादी के लिए लड़की ढूंढने में लगी थी, लेकिन दुल्हन नहीं मिली। वह मानसिक रूप से कमजोर था।

देश में मानव तस्करी का एक बड़ा जाल बिछ चुका है इस नेटवर्क से जुड़े लोग दूसरे देशों से लडकियां लाकर देश के कई हिस्सों में बेच रहे हैं इस का ताजा मामला 20,000 में एक दुल्हन बेचने का सामने आया है। एक ओर भारत सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के दस साल पूरे होने का जशन मना रही है दूसरी ओर आरजी कर की डाक्टर बेटी के साथ हुई घिनौनी वारदात हो या जम्मू-कश्मीर में खरीदी गई लड़की को दुल्हन बनाने का मामला भारत में बेटियों की सुरक्षा का काला सच बयान कर रहे हैं। देश में इस नेटवर्क से जुड़े लोग दूसरे देशों से लडकियां लाकर देश के कई हिस्सों में बेच रहे हैं इस का ताजा मामला 20,000 में एक रहीं दुल्हन बेचने का सामने आया है। रोहिंग्या शरणार्थी महिलाओं को अच्छे जीवन का लालच देकर जम्मू-कश्मीर में 'दुल्हन' के रूप में बेचा जा रहा है। दो दिन पहले कोलकाता में रेलवे पुलिस ने अब्दुल रहमान नाम के शख्स को दो बच्चियों के साथ गिरफ्तार किया है। वह इन बच्चयों को कश्मीर ले जाने की जुगत में लगा था। जम्मू कश्मीर में रोहिंग्या महिलाओं की भारी मांग है। 52 साल के एक आदमी की फैमिली लंबे टाइम से शादी के लिए लड़की ढूंढने में लगी थी, लेकिन दुल्हन नहीं मिली। वह मानसिक रूप से कमजोर था। यहां तक कि वह खुद उठकर पानी भी नहीं पी सकता था। अचानक एक दिन मोहल्ले को पता चला कि उसकी शादी हो गई। बातें खुलीं तो




निकला कि लड़की रोहिंग्या है। 20,000 में कोई उसे यहां बेच गया। जम्मू- कश्मीर में ऐसे ढेरों मामले देखने को मिल रहे हैं। कोलकाता में पकडा गाय अब्दुल रहमान बांग्लादेश का रोहिंग्या मुस्लिम है और कई साल से कश्मीर में मजदूरी करता है। उसके साथ करीब 12- 12 साल की दो बच्चियां थीं, जिन्हें वो अपने साथ कश्मीर ले जा रहा था। आए दिन न जाने ऐसी कितनी ही रोहिंग्या लड़कियों को अवैध तरीके से जम्मू-कश्मीर समेत देश के कई राज्यों में लाकर जबरदस्ती 'दुल्हन' बना दिया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में यह रैकेट लंबे समय से चल रहा है। पहले बांग्लादेश और अब म्यांमार से भी रोहिंग्या लड़कियों को यहां लाकर उनकी शादी उम्र से दोगुने शख्स से करा दी जाती है। यही नहीं दिव्यांग या मानसिक रूप से अक्षम लोग, जिनकी शादी जम्मू-कश्मीर में नहीं हो पाती है, वो भी इस अवैध तरीके से दुल्हन खरीद रहे हैं। जम्मू कश्मीर पुलिस के राडार पर ऐसे कई नेटवर्क हैं जिनकी पहचान कर ली गई है, जो एनजीओ की ओट में यह काम कर रहे थे। दिसंबर, 2024 तक 24 रोहिंग्या लड़कियां जम्मू में और 124 कश्मीर में 'दुल्हन' बन चुकी हैं। कई लड़कियां अच्छी लाइफ की तलाश में अपनी जिंदगी नरक बना चुकी हैं। बांग्लादेश और म्यांमार में रोहिंग्या बस्तियों में एनजीओ की आड़ में तस्कर लड़कियों की पहचान करते हैं। कम उम्र की लड़कियों पर इनकी नजर ज्यादा रहती है। मानव तस्करी में लगे लोग हर जगह फैले हैं। खासतौर से जहां रोहिंग्या मुसलमानों की बस्ती हैं। तस्कर लड़कियों को पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा के रास्ते अवैध तरीके से भारत में लाते हैं। फिर यहां से देश के अलग-अलग राज्यों में इन्हें भेजा जाता है। असम पुलिस के मुताबिक रोहिंग्या खासतौर से जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और केरल जाते हैं।

जम्मू कश्मीर में यह रैकेट लंबे समय से चल रहा है। पहले बांग्लादेश और अब म्यांमार से भी रोहिंग्या लड़कियों को झूठे वादे और सपने दिखाकर यहां लाया जाता है। बाद में उनकी शादी उनकी उम्र से दोगुने शख्स से करा दी जाती है। यही नहीं दिव्यांग या मानसिक रूप से अक्षम लोग, जिनकी शादी जम्मू-कश्मीर में नहीं हो पाती है, वो भी इस अवैध तरीके से दुल्हन खरीद रहे हैं। पिछले महीने ही जम्मू कश्मीर पुलिस ने ऐसे कई नेटवर्क की में और 124 कश्मीर में 'दुल्हन' बन चुकी हैं। जानकारों की मानें तो जम्मू-कश्मीर के लिए यह एक खतरनाक स्थिति हो सकती है। पाकिस्तान इसका फायदा उठा सकता है।

रोहिंग्या अवैध तरीके से राशन कार्ड से लेकर आधार कार्ड तक बनवा रहे हैं। जम्मू कश्मीर में अपनी कियों की शादी कराकर भी रोहिंग्या वहां की नागरिकता हासिल की कोशिश में जुटे रहते हैं। पुलिस को दिसंबर में ही 61 से ज्दा अवैध आधार कार्ड जम्मू में और 97 आधार कार्ड कश्मीर में मिले। जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद के मुताबिक यहां के लोकल लोगों से रोहिंग्या लड़कियों की शादियां लंबे समय से हो रही हैं। कश्मीर से ज्यादा ये जम्मू में देखने को मिल रहा है। हमें इन्हें वापस भेजना चाहिए। हमें भी अमेरिका, यूरोप की तरह सख्त कदम उठाना चाहिए। बांग्लादेश और म्यांमार में पहले ही रोहिंग्या मुसलमानों की स्थिति सही नहीं है। ऐसे में अच्छे जीवन की तलाश में रोहिंग्या महिलाएं एक ऐसे मकड़जाल में फंस रही हैं, जिनसे बाहर निकलना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। कुछ महिलाओं की आपबीती रोंगटे खड़े करने वाली है। एक महिला बताती है, उसे कहा गया कि बंगाल में नौकरी दिलाएंगे। फिर बस और ट्रेन से लंबा सफर कर कश्मीर ले आए। अपने से तीन गुना उम्र के शख्स के साथ शादी करा दी गई। वापस जाने की बात करो तो पति बहुत मारता है। तस्करों के चंगुल में फंसी ऐसी ही दूसरी महिलाओं की भी यही कहानी है। बताते चलें कि साल 2009 में पहली बार जम्मू-कश्मीर में रोहिंग्याओं का आना शुरू हुआ था। देश में जो संख्या कभी 200 थी, वो अब 50,000 के पार हो चुकी है। अकेले जम्मू-कश्मीर में ही 11,000 से ज्यादा रोहिंग्या हैं।

आर्मी कैंप, रेलवे स्टेशन, पुलिस लाइन जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के पास भी इनकी बस्तियां बन रहीं हैं। मानव तस्करी, ड्रग्स तस्करी और कई अन्य अपराधों में रोहिंग्या के शामिल होने के आरोप है पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में बढ़ते रोहिंग्या की संख्या का फायदा उठा सकता है

जम्मू कश्मीर में बसने वाला पहला रोहिंग्या सईद हुसैन था, जिसे 2009 में यहां की राज्य सरकार ने बसाया था।रोहिंग्या मुसलमान अवैध तरीके से राशन कार्ड से लेकर आधार कार्ड तक बनवा रहे हैं। जम्मू कश्मीर में अपनी लड़कियों की शादी कराकर भी रोहिंग्या वहां की नागरिकता हासिल करने की कोशिश में जुटे रहते हैं। पिछले दिसंबर में ही पुलिस को 61 से ज्यादा आधार कार्ड जम्मू में और 97 आधार कार्ड कश्मीर में मिले। ये सभी आधार कार्ड अवैध तरीके से बनवाए गए थे।

## संतरे से ज्यादा इन 6 फलों में होती है विटामिन सी की मात्रा, आज ही करें अपनी डाइट में शामिल, मिलेंगे गजब के फयदे

विटामिन सी से भरपूर चीजों का सेवन करने से शरीर को ऊर्जा मिलती है। वहीं अगर शरीर में विटामिन सी की कमी हो जाए तो व्यक्ति को थकान, कमजोरी, मसूड़ों से खून आना, जोड़ों में दर्द जैसे कई लक्षण महसूस होने लगते हैं। यूएसडीए के अनुसार, एक संतरा व्यक्ति की दैनिक खुराक को पूरा करने के लिए लगभग पर्याप्त होता है। यही वजह है कि जब कभी शरीर में विटामिन सी की कमी पूरी करने की बात होती है तो लोग सबसे सबसे पहले संतरे को एक अच्छा फल मानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, संतरे के अलावा 5 ऐसे अन्य फल भी हैं, जिनमें संतरे से ज्यादा विटामिन सी मौजूद होता है। आइए जानते हैं उनके बारे में।

अनानास

अनानास में प्रति 100 ग्राम 47.8 मिलीग्राम विटामिन सी होता है और संतरे में 45 मिलीग्राम विटामिन सी होता है।

कीवी

पोषण विशेषज्ञों के अनुसार लगभग दो कीवी में 137 मिलीग्राम विटामिन सी होता है। कीवी प्रीबायोटिक्स का एक समृद्ध स्रोत है, जो पाचन तंत्र में प्रोबायोटिक्स या अच्छे बैक्टीरिया और यीस्ट के विकास के लिए आवश्यक हैं।

जामुन

जामुन में मौजूद विटामिन सी, इम्यूनिटी बढ़ाने, घाव भरने, स्किन में कोलेजन का उत्पादन करने और आयरन के अवशोषण में मदद करती है। जामुन में विटामिन सी की अच्छी मात्रा मौजूद होती है। बता दें जामुन में प्रति 100 ग्राम में लगभग 80-90 मिलीग्राम विटामिन सी होता है, जो प्रतिरक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

पपीता

पपीता विटामिन सी का अच्छा स्रोत है। पपीते में विटामिन सी की मात्रा इतनी होती है कि यह दैनिक जरूरत से 1.5 गुना ज्यादा होता है। पपीते में मौजूद विटामिन सी, प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर दिल की सेहत को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है।

बेर

इस छोटे, खट्टे फल में प्रति 100 ग्राम में लगभग 90 मिलीग्राम विटामिन सी होता है, जो इसे एक हेल्दी नाश्ता बनाता है।

आंवले

आंवले में विटामिन सी की मात्रा 100 ग्राम में 500 से 700 मिलीग्राम होती है। यह विटामिन सी का एक बेहतरीन स्रोत है, जो हमेशा बना रहता है। जबकि संतरा या नींबू जैसे अन्य विटामिन सी रिच फलों में हवा या धूप के संपर्क में आने पर विटामिन सी की मात्रा कम हो जाती है।





# बिना मेहनत के तेजी से बजन घटाने के लिये बेस्ट है अदरक की चाय या ग्रीन टी, जाने इस्तेमाल करने का तरीका

जब भी वेट लॉस की बात आती है तो आप क्या खाते हैं या क्या पीते हैं, यह बहुत अधिक मायने रखता है। अमूमन वेट लॉस के लिए दो बेहद ही पॉपुलर ड्रिंक हैं, ग्रीन टी और अदरक की चाय। ये दोनों ही ताजगी देने वाली हैं, जिनसे कई तरह के हेल्थ बेनिफिट्स भी मिलते हैं। जहां ग्रीन टी कैटेचिन और कैफीन के कारण मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करके अधिक फैट बर्न करने में मदद करती है, वहीं अदरक की चाय का थर्मोजेनिक प्रभाव होता है जो भूख को कम करने, पाचन में सुधार करने और सूजन को दूर करने में मदद करता है।इस बात में कोई दोराय नहीं है कि अदरक की चाय और ग्रीन टी दोनों ही वेट लॉस मे मददगार हैं। लेकिन अक्सर लोगों को यह समझ नहीं आता कि वे इन दोनों में से किसका सेवन करें। जहां कुछ लोग ग्रीन टी की सिफारिश करते हैं तो कुछ लोगों के लिए अदरक की चाय अधिक बेहतर है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको बता रही हैं कि वेट लॉस के लिए ग्रीन टी या अदरक की चाय में से किसका सेवन करना ज्यादा बेहतर रहेगा

### ग्रीन टी के वेट लॉस में फायदे

ग्रीन टी अपने कैटेचिन, विशेष रूप से एपिगैलोकैटेचिन गैलेट के लिए जानी जाती है। कैटेचिन मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने में मददगार है, जिससे फैट बर्न करना अधिक आसान हो जाता है। साथ ही, इसमें थोड़ा कैफीन होता है जो आपका एनर्जी लेवल बनाए रखता है। अधिक एक्टिव रहने से भी वेट लॉस में मदद मिलती है।

### कब पीएं ग्रीन टी?

आप वर्कआउट या भोजन से पहले एक कप ग्रीन टी का सेवन कर सकती हैं। यह फैट बर्न करने और पाचन को बेहतर बना सकती है। ग्रीन टी को दिन में दो से तीन कप पिया जा सकता है। आप इसमें शहद या नींबू भी मिक्स कर सकते हैं।

### ग्रीन टी के नुकसान

अगर ग्रीन टी का अधिक सेवन किया जाता है तो इससे आपकी नींद खराब हो सकती है या कैफीन के कारण पेट खराब हो सकता है।

### अदरक की चाय के वेट लॉस में फायदे

अदरक की चाय को वेट लॉस के लिए इसलिए अच्छा माना जाता है, क्योंकि यह एक नेचुरल थर्मोजेनिक है, जिसका अर्थ है कि यह आपके शरीर को गर्म करता है, जिससे अधिक कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है। साथ ही, यह अतिरिक्त भूख को कम करने के साथ-साथ पाचन को बेहतर बनाता है।

### कब पीएं अदरक की चाय?

आप अदरक की चाय को सुबह या मील्स के बीच में ले सकते हैं। इसे दिनभर में एक से दो कप पिया जा सकता है। टेस्ट को बेहतर बनाने के लिए इसमें दालचीनी या नींबू निचोड़ें।

### अदरक की चाय के नुकसान

अगर अदरक की चाय का जरूरत से ज्यादा सेवन किया जाता है तो इससे आपको हार्ट बर्न की शिकायत हो सकती है।

### किसका करें सेवन?

ग्रीन टी और अदरक की चाय दोनों ही वेट लॉस में कारगर है। आप इनके गुणों के आधार पर इनका चयन करें। मसलन-

मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने के गुणों और कैटेचिन की वजह से ग्रीन टी थोड़ी बेहतर है।

अदरक की चाय आपके पेट को आराम देने और सूजन को कम करने के लिए सबसे बढ़िया है।

ग्रीन टी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जो ओवर ऑल हेल्थ और स्किन के लिए बहुत अच्छी होती है।

वहीं, अदरक की चाय एंटी-इंफ्लेमेटरी होती है, जो कसरत के बाद मांसपेशियों के दर्द में आराम दिलाने में मदद करती है।

बेहतर रिजल्ट के लिए आप दोनों का सेवन कर सकती हैं। अतिरिक्त फैट बर्न के लिए वर्कआउट से पहले ग्रीन टी लें और पाचन को शांत करने और फूड क्रेविंग को कमम करने के लिए भोजन के बाद अदरक की चाय ली जा सकती है।



## सर्दियों में रोज़ाना पीयें यह जूस, सेहत बनी रहेगी टनाटन, नहीं लगाने पड़ेंगे डॉक्टर के चक्कर

सर्दियों में फिट और हेल्दी रहने के कई ऑप्शन होते हैं. इस समय गाजर, मूली, शलजम, चुकंदर, शकरकंद और मटर जैसी कई सब्जियां होती है, इसमें मौजूद पोषक तत्व सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित हो सकते हैं. आप इन्हें सलाद के तौर पर भी डाइट में शामिल कर सकते हैं. लेकिन अगर आपको सलाद खाना पसंद नही है तो आप इन सब्जियों का जूस बनाकर पी सकते हैं.ताजे फल और सब्जियों के जूस सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित हो सकता है. तरे का जूस, नींबू का जूस, और आमला जूस में विटामिन सी होता है ऐसे में ये इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने और स्किन के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है. वहीं अलग जूस की अपनी अलग विशेषता होती है. आज हम आपको कुछ ऐसी जूस के बारे में बताने जा रहे हैं जो सर्दियों के मौसम के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं.

गाजर और चुकंदर का जूस

गाजर और चुकंदर का जूस में आयरन, विटामिन ए, विटामिन सी और कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं. ये जूस आपकी स्किन और सेहत दोनों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है. आप 4 गाजर, 1 चुकंदर, हरी धनिया, 1 आंवला, अदरक, स्वाद अनुसार काला नमक और चीनी मिलाकर जूस बना सकते हैं. ये आपकी स्किन के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है.

आंवले का जूस

आंवला में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने के साथ ही स्किन और हेयर के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है. सर्दियों में आप आंवला और चुकंदर, आंवला और एलोवेरा, आंवला और लौका, गाजर और आंवला का जूस बनाकर भी सकते हैं.

चुकंदर, गाजर, अदरक, और सेब का जूस

चुकंदर, गाजर, अदरक, और सेब का जूस के सूज को एबीसी जूस भी कहा जाता है. इस जूस को पीने से इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद मिल सकती है. वहीं इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ए, विटामिन बी6, विटामिन सी और कई पोषक तत्व मौजूद होते है, जो आपकी स्किन, होयर और ओवर ऑल हेल्थ के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं.

संतरे का जूस

संतरे में विटामिन सी, विटामिन ए और विटामिन बी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. इसमें मौजूद विटामिन सी इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मददगार साबित हो सकता है. आप गाजर, हरा सेब, और संतरा इसके अलावा संतरे, मौसंबी, आंवले का जूस भी पी सकते हैं. लेकिन लिवर और किडनी से जुड़ी बीमारियां, एसिडिटी की समस्या और कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का इस जूस का सेवन करने से बचना चाहिए.

## सर्दियों में इन तरीकों से डाइट में शामिल करें तिल, मिलेंगे गजब के फायदे, तेजी से कम होगा बजन

ठंड में ज्यादातर लोग तिल या तिल से बनी चीजों को खाना पसंद करते हैं। तिल के लड्डू से लेकर तिल की गजक तक, तिल सर्दियों के सुपरफूड में से एक है। तिल में प्रोटीन, आयरन, विटामिन, ओमेगा 6, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस जैसे कई पोषक तत्व होते हैं। ये सभी पोषक तत्व हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये शरीर को गर्म रखने के साथ ही एनर्जी बूस्ट करने में मदद करता है। इसके अलावा पेट से जिद्दी चर्बी को कम करने के लिए भी तिल काम आ सकती है। इसे खाने से भूख को नियंत्रित किया जा सकता है। पेट की जिद्दी चर्बी और वजन कम करने की सोच रहे हैं तो तिल को खाने में शामिल करें। यहां जानिए किन तरीकों से आप तिल को डायट में शामिल कर सकते हैं।

1) स्मूदी में शामिल करें - तिल के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इसे आप सुबह की स्मूदी में मिला सकते हैं। स्मूदी में इसका एक बड़ा चम्मच मिलाने से पोषक तत्व बढ़ जाते हैं। यह आपकी स्मूदी का स्वाद और बनावट दोनों बढ़ा देगा। तिल के बीज हेल्दी फैट, प्रोटीन और फाइबर से भी भरपूर होते हैं, जो आपको लंबे समय तक तृप्त रखेंगे।

2) सलाद में डालें - आप अपने सलाद को तिल के बीज के साथ और भी ज्यादा पौष्टिक बना सकते हैं। हेल्दी फैट और फाइबर के साथ, तिल आपके सलाद में कुरकुरापन जोड़ता है। हरी पत्तेदार सब्जियों, एवोकाडो में तिल मिलाने से फैट बर्न करने में मदद मिल सकती है।

3) तिल से बनाएं बार - घर का बना ग्रेनोला बार हेल्दी स्नैक के तौर पर खाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए ओट्स, मेवे और मुट्ठी भर तिल भून लें। थोड़ा सा शहद मिलाएं और बेकिंग ट्रे पर इसे फैला लें। इसे बेक करें और टेस्टी बार तैयार है। इसे खाकर वजन मेनेज करने में मदद मिलती है।

# उंगलियों की ये 5 एक्सरसाइज आपको बना देंगी जीनियस, तेजी से बढ़ेगा दिमाग



बढ़ती उम्र में व्यक्ति की याददाश्त कमजोर होना एक कॉमन समस्या है। लेकिन आजकल की भागती-दौड़ती टेंशन भरी लाइफस्टाइल के चलते कम उम्र में ही लोगों को भूलने की बीमारी हो रही है। ऐसा नहीं है कि यह समस्या सिर्फ वयस्कों में देखी जा रही है बल्कि बच्चे भी इस समस्या से अछूते नहीं रह गए हैं। बच्चों के लिए भी चीजें याद रखना मुश्किल होता जा रहा है। जिसकी वजह से वो कई बार अपनी कक्षा में बाकी बच्चों से पीछे रह जाते हैं। अगर आपको भी लगता है कि आप भी छोटी-छोटी चीजें अकसर भूल जाते हैं या आपको किसी चीज को याद रखने में कठिनाई होती है तो अपनी उंगलियों का यूज करना शुरू कर दीजिए। जी हां, दिमाग तेज करने और याददाश्त बढ़ने के लिए ये 5 आसान फिंगर मूवमेंट आपकी मदद कर सकती हैं।

### पहली एक्सरसाइज

दिमाग तेज करने वाली अपनी पहली फिंगर मूवमेंट में आपको एक हाथ की सभी उंगलियों को चोंच के आकार में एक दूसरे के साथ मिलाएं और दूसरे हाथ की हथेली के बीच में चिड़ियां की तरह चोंच मारे। इस एक्सरसाइज को दोनों हाथों से एक-एक करके 50 बार दोहराएं। ऐसा करने से एकाग्रता बढ़ने के साथ मेमोरी बूस्ट होती है।

### दूसरी एक्सरसाइज

अपने दोनों हाथों की उंगलियों को फैलाएं और दूसरे हाथ की उंगलियों में फंसा लें। इस दौरान आपकी दोनों हथेलियां एक दूसरे से जुड़ी हो। अब पहले अपने दाएं हाथ की उंगलियों को एक साथ उठाएं, फिर इस हाथ की उंगली को वापस बंद करें और दूसरे हाथ की उंगलियों को उठाएं। इस एक्सरसाइज को कम से कम 2 मिनट तक करें। ऐसा करने से तनाव कम होने के साथ एंजायटी भी कंट्रोल रहती है।

### तीसरी एक्सरसाइज

दिमाग तेज करने के साथ डिसीजन मेकिंग को भी अच्छा बनाए रखने के लिए आप ये तीसरी फिंगर ऑपोजिशन एक्सरसाइज कर सकते हैं। इस एक्सरसाइज में आप एक-एक करके अपनी सभी उंगलियों से अपने अंगूठे को छूएं।

### चौथी एक्सरसाइज

मस्तिष्क को शांत रखने के लिए इस चौथी एक्सरसाइज में %ज्ञान मुद्रा योग% जैसी तकनीक का अभ्यास करें। इस मुद्रा में दोनों हाथों की तर्जनी और अंगूठों का उपयोग किया जाता है।

### पांचवीं एक्सरसाइज

गुस्से पर कंट्रोल और ओवरथिंकिंग की समस्या को कम करने के लिए आप ये पांचवीं एक्सरसाइज कर सकते हैं। इस एक्सरसाइज को करने के लिए सबसे पहले अपनी सभी उंगलियों को मिलाकर हथेली को सीधा रखें। इसके बाद उंगलियों को आधा मोड़ें, फिर उंगलियों को चोंक के आकार में बनाए और इसके बाद मुट्ठी बना लें। इस फिंगर मूवमेंट को 2 मिनट तक करें।

# मध्य प्रदेश में पहली बार हार्ट ट्रांसप्लांट ऐतिहासिक उपलब्धि : मुख्यमंत्री डॉ यादव

**प्रदेश में पहली बार जबलपुर, भोपाल और इंदौर में बने तीन ग्रीन कॉरिडोर**

**चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय में यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण सोपानः उप मुख्यमंत्री शुक्ल**



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गुरुवार को एक साथ तीन ग्रीन कॉरिडोर बने। जबलपुर में ब्रेन डेड घोषित व्यक्ति 61 वर्षीय बलिराम कुशवाहा का हार्ट भोपाल और लिवर इंदौर भेजे गया। इस दौरान जबलपुर, भोपाल और इंदौर में ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। भोपाल में हार्ट का सफल ट्रांसप्लांट किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश ने चिकित्सा सेवाओं में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में पहली बार सफलतापूर्वक हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिये चिकित्सकीय टीम को बधाई दी है।

वहीं, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग और नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर और एम्स भोपाल के चिकित्सीय स्टॉफ की सजगता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है। प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग जनसेवा के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने प्रक्रिया में शामिल डॉक्टरों, सहयोगी स्टॉफ और पुलिस प्रशासन को बधाई दी है, जिनकी मेहनत और तत्परता से यह संभव हो पाया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मरीज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि इस प्रक्रिया में ग्रीन कॉरिडोर और पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा का उत्कृष्ट उपयोग किया गया। इस जनहितैषी सेवा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, प्रशासन की सजगता और तालमेल ने ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से अंगों को समय पर पहुंचाने का कार्य संभव हो सका। जबलपुर, भोपाल और इंदौर में तीन ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए, जो प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सागर जिले के ग्राम मानक्याई निवासी 61 वर्षीय बलिराम कुशवाहा के परिवारजनों द्वारा अंगदान की पहल को महान और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि बलिराम कुशवाहा के परिवारजनों ने इस कठिन समय में जो उदार और संवेदनशील निर्णय लिया है, वह न केवल सराहनीय है, बल्कि समाज के लिए एक मिसाल भी है। उन्होंने परिवारजनों की परोपकारिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह कदम एक नई जिंदगी देने का अद्भुत उदाहरण है और मानवता की सेवा का प्रतीक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों से इस महान कार्य से प्रेरणा लेने और अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा का उपयोग गंभीर मरीजों के परिवहन के साथ इस प्रकार की आपातकालीन और महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाओं के लिए भी किया जा रहा है। यह सेवा हमारी स्वास्थ्य प्रणाली को और अधिक सशक्त बना रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ट्रांसप्लांट के बाद मरीज के स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया केवल चिकित्सा क्षेत्र की सफलता ही नहीं, बल्कि मरीजों और उनके परिवारों के लिए एक नई आशा का संचार करती है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय में एक महत्वपूर्ण सोपान है।

दरअसल, सागर जिले के ग्राम मानक्याई निवासी 61 वर्षीय बलिराम कुशवाहा दो दिन पहले 21 जनवरी को एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जबलपुर में भर्ती कराया गया था, चिकित्सकों ने उन्हें बुधवार को ब्रेन डेड घोषित कर दिया। इसके परिजनों ने अंगदान का निर्णय लिया। जबलपुर में ब्रेन डेड मरीज की सूचना मिलते ही राज्य शासन ने तुरंत कार्रवाई की। एम्स भोपाल के डॉक्टरों की एक टीम रातों-रात जबलपुर पहुंची और अंग रिट्रीवल की प्रक्रिया को अंजाम दिया। इस पूरी प्रक्रिया में जबलपुर, भोपाल और इंदौर में तीन ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। पुलिस और चिकित्सा विभाग ने बेहतरीन समन्वय से अंगों का समय पर परिवहन सुनिश्चित हुआ।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा से अवैध वसूली का बड़ा रैकेट सामने आया

मिर्जापुर । नरायनपुर से हनुमना राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अतरैला शिवगुलाम टोल प्लाजा से अवैध वसूली का बड़ा रैकेट सामने आया है। सालों से यहां लगातार अवैध वसूली की शिकायत आती रही हैं। लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में टोल संचालक की रजामंदी पर मनमाने ढंग से वाहनों चालक के साथ वसूली का प्रकरण सामने आते रहे हैं। कई-कई बार दक्षिण भारत से आने वाले बड़े वाहनों को रोका गया। वाहनों को पास कराने के नाम पर उनका शोषण हुआ। इसकी शिकायत भी संबंधित से की गई लेकिन कार्रवाई के अभाव में टोल प्लाजा पर कभी कार्रवाई नहीं की गई। लेकिन अब लखनऊ एसटीएफ की कड़ी कार्रवाई के बाद पूरा मामला खुल गया। दअअसल, राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा का संचालन 2021 से प्रारंभ हुआ। मात्र तीन चार सालों में कई कंपनियां बदल गईं। हालात ये है कि सभी ने अपने आपको टोल पर घाटा होना बताया। टोल वसूलने वाली पूर्व की एक कंपनी के अधिकारी ने बताया कि टोल की वसूली क्षमता प्रतिदिन की 20 लाख के पार की है। जो वर्तमान में इसमें और भी वृद्धि हुई होगी। टोल कंपनी घाटा बताकर मुनाफा कमाने का खेल करती हैं। बहरहाल, कार्रवाई से यह तय हो गया कि टोल पर किस प्रकार से वाहनों से अवैध वसूली का खेल हो रहा है। अतरैला में 2021 से शुरू हुए टोल प्लाजा के बाद अब तक कई कंपनियां टोल वसूली का कार्य कर चुकी हैं।

## राजौरी में मौत पर केंद्रीय मंत्री का बयान, प्रारंभिक जांच में अज्ञात विषाक्त पदार्थों का सेवन बीमारी का कारण

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 17 लोगों की मौत के बाद हड़कंप मचा हुआ है। सावधानी बरतते हुए जम्मू-कश्मीर सरकार ने राजौरी संभाग के सुदूर बधाल गांव को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। पूरे गांव की कड़ी निगरानी की जा रही है। अब तक माना जा रहा था कि इतने लोगों की जान जाने की वजह कोई रहस्यमयी बीमारी है। लेकिन अब केंद्रीय मंत्री ने इस दावे को लेकर एक बड़ी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राजौरी में पिछले एक माह में 17 लोगों की जान जाने की वजह रहस्यमयी बीमारी नहीं है। प्रारंभिक जांच में अज्ञात विषाक्त पदार्थों के कारण बीमारी के होने की संभावना जाहिर की गई है। शुरुआती जांच में जहरीला पदार्थ होने की बात सामने आई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि लखनऊ की सीएसआईआर लैब की प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह बीमारी कोई संक्रमण, वायरल या बैक्टीरियल प्रकृति की नहीं है। जहरीला पदार्थ पाया गया है। अब यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि यह किस तरह का जहरीला पदार्थ है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगर कोई साजिश मिलाती हैं, तब उचित कार्रवाई भी की जाएगी।

## पूर्व सैनिक ने पत्नी की हत्या कर शव के टुकड़े किए और प्रेशर कुकर में उबाला

हैदराबाद। एक निर्दयी पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने पहले शव के टुकड़े किए फिर प्रेशर कुकर में डालकर उबाल दिया। फिर एक बैग में भरकर झील में फेंक आया। बची हुई हडिडयों को पीसकर उन्हे भी ठिकाने लगा दिया। हिरासत में लिए गए व्यक्ति का कहना है कि उसने शरीर के टुकड़ों को उबालने के बाद उन्हें झील में फेंक दिया। आपको बता दें कि महिला के लापता होने की सूचना करीब एक सप्ताह पहले मिली थी और उसके माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी ।जिस व्यक्ति पर हत्या के आरोप लगे हैं वह सेना से रिटायर है। वर्तमान में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति पर अपनी पत्नी के साथ झगड़े के बाद अपराध को अंजाम देने का संदेह है और जांच के दौरान पूरी जानकारी सामने आएगी। बता दें कि 35 साल की पुट्टावेंकट माधवी के लापता होने की सूचना 18 जनवरी को मिली थी। उसके परिवार ने उसके पति गुरुमूर्ति से उसके बारे में पूछताछ की थी। माधवी के माता-पिता ने मीरपेट पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने दावा किया कि कुछ दिन पहले एक रिश्तेदार के घर जाने को लेकर उसके साथ हुई बहस के बाद वह गुस्से में घर से चली गई थी। गुरुमूर्ति को पूछताछ के लिए मीरपेट पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां उसने कथित तौर पर गुस्से में हत्या की बात कबूल की। ??पुलिस सूत्रों ने बताया कि सबूत मिटाने के लिए उसने अपने बाथरूम में उसके शरीर के टुकड़े किए। इसके बाद चूल्हे पर कुकर में टुकड़ों को उबाला। इसके बाद हड्डियों को अलग किया। इसके बाद मूसल से उन्हें पीसकर फिर से उबाला। तीन दिनों तक मांस और हड्डियों को पकाने के बाद उसने उन्हें एक बैग में पैक किया और उसे पास की एक झील में फेंक दिया।

## मणिपुर की भाजपा को जारी रहेगा जदयू का समर्थन, अपने प्रदेश अध्यक्ष को हटाया

नई दिल्ली ।जनता दल (यूनाइटेड) की मणिपुर इकाई के अपने प्रदेश अध्यक्ष को हटा दिया है। मणिपुर में एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के कुछ ही समय बाद, जदयू ने राज्य में भाजपा से नाता तोड़ने का निर्णय लेने से पहले केंद्रीय नेतृत्व से परामर्श नहीं करने के लिए मणिपुर इकाई के अध्यक्ष को उनके पद से हटा दिया। जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मणिपुर में भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के पार्टी के फैसले की खबर को भ्रामक और निराधार बताया। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि यह खबर भ्रामक और निराधार है। पार्टी ने इसका संज्ञान लिया है और पार्टी की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष को उनके पद से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमने एनडीए को समर्थन दिया है और मणिपुर में एनडीए सरकार को हमारा समर्थन भविष्य में भी जारी रहेगा। मणिपुर इकाई ने केंद्रीय नेतृत्व से कोई संवाद नहीं किया, उन्हें विश्वास में नहीं लिया गया। उन्होंने (मणिपुर जेडीयू प्रमुख) खुद ही पत्र लिखा था। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई और उन्हें पद से मुक्त कर दिया गया। पार्टी प्रवक्ता ने साफ तौर पर कहा कि हम एनडीए के साथ हैं और राज्य इकाई राज्य के विकास के लिए मणिपुर के लोगों की सेवा करना जारी रखेगी। बता दें कि साल 2022 विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने राज्य की छह सीटें जीतीं।

## खराब स्वास्थ्य के चलते राहुल गांधी की मुस्तफाबाद की रैली भी हुई रद्द

**`* कांग्रेस ने आप को 'अल्कोहल अफेक्टेड पार्टी बताया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी गुरुवार को भी दिल्ली में चुनाव प्रचार नहीं कर सके। उनकी मुस्तफाबाद की रैली भी रद्द हुई है। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि तबीयत खराब होने की वजह से राहुल गांधी चुनाव प्रचार करने नहीं आ सके। बता दें कि बुधवार को राहुल गांधी को सदर बाजार में जनसभा को संबोधित करना था, लेकिन राहुल गांधी यहां भी नहीं पहुंचे। खराब स्वास्थ्य के चलते राहुल की नई दिल्ली सीट पर प्रस्तावित कार्यक्रम भी रद्द करना पड़ा। वे 21 जनवरी को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस की जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली में भी शामिल नहीं हुए थे। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि राहुल आने वाले दिनों में दिल्ली में कई जनसभाएं कर सकते हैं। वे रोड शो और पदयात्रा में भी शामिल हो सकते हैं।

कांग्रेस ने पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल सरकार की शराब नीति में कथित भ्रष्टाचार को लेकर गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधकर आरोप लगाया कि 'आप' का मतलब 'अल्कोहल अफेक्टेड पार्टी आप) है तथा 'शराब से पैसा बनाने की उसकी लत' ने दिल्ली को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि एक ऑडियो भी जारी किया जो कथित तौर पर आप विधायक शरद चौहान का है। कांग्रेस द्वारा जारी ऑडियो में दावा किया गया कि उपमुख्यमंत्री रहते आप नेता मनीष सिसोदिया ने शराब नीति को मंजूरी देने के साथ कहा था कि उनकी पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए इससे पैसा आएगा। कांग्रेस नेता द्वारा जारी ऑडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

वहीं आप की तरफ से फिलहाल इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। खेड़ा ने कहा, 'शराब स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और शराब की लत इंसान, उसके परिवार और समाज को बर्बाद कर देती है, यह हम सब जानते हैं। लेकिन शराब से पैसा बनाने की लत से न सिर्फ इंसान और समाज बल्कि पूरा शहर खराब हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया, 'अल्कोहल अफेक्टेड पार्टी यानी आप ने शराब के जरिए पैसा बनाने की लत में पूरी दिल्ली को बर्बाद करके रख दिया।'

## कई राज्यों में हिंदू नामों के लिबास में खुद को छिपाकर रह रहे अवैध बांग्लादेशी

**`* पिछले कुछ दिनों में कई बांग्लादेशी घुसपैठिया को पकड़ा गया**

**`* बंगाल और असम में सबसे ज्यादा संख्या**



**मुंबई (एजेंसी)।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने वाला आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद बांग्लादेशी घुसपैठिया निकला, जो बिजॉय दास नाम से मुंबई में रह रहा था। मुंबई में एक बांग्लादेशी महिला कुलसुम शेख को भी मुंबई पुलिस ने पकड़ लिया है। वह 2016 से मोहिनी के नाम से शहर में रह रही थी। इसतरह से कई बांग्लादेशी बेंगलुरु, दिल्ली, यूपी, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, असम, कर्नाटक और देश के कई राज्यों से पकड़े जा चुके हैं, जिन्होंने भारत में हिंदू नामों के लिबास में खुद को छिपाया हुआ है। दिल्ली में आए दिन बांग्लादेशियों के पकड़े जाते हैं। देश के कई हिस्से हैं, जहां अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण इलाके की डेमोग्राफी बदल गई है। पिछले दिनों पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भी बीएसएफ पर घुसपैठ कराने के सनसनीखेज आरोप लगाए थे।

रिपोर्टस के मुताबिक, कश्मीर से कन्याकुमारी के बीच देश के करीब 17 राज्यों में करीब दो करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। इस बारे में पहला आधिकारिक आंकड़ा संसद में 2007 में आया था। तब तत्कालीन गृह राज्य मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने बताया था कि भारत में 1.2 करोड़ अवैध बांग्लादेशी हैं। हालांकि बाद में उन्होंने आंकड़े के स्रोतों को गलत बताकर अपना बयान वापस ले लिया था। फिर दूसरी बार इस पर सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर जोगिंदर सिंह ने 2014 में एक आंकड़ा रखा। तब उन्होंने अनुमान लगाया था कि देश में करीब पांच करोड़ अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। हालांकि इस आंकड़े की कभी पुष्टि नहीं हुई। मगर हर शहर में बनी अधिकतर अवैध झुग्गियों का कनेक्शन इन बांग्लादेशियों से रहा है।

रिपोर्टस के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 57 लाख और असम में 50 लाख से अधिक बांग्लादेशी हैं। असम के 33 जिलों में से 9 बारपेटा, धुबरी, दरांग, नौगांव, करीमगंज, दारंग, मोरीगांव, बोंगाईगांव, धुबरी,गोलपारा और लाकांडी में मुस्लिम आबादी 50 से 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है। बीजेपी सहित कई संगठनों का दावा है कि राज्य में 45 विधानसभा सीट पूरी तरह से मुस्लिम वोटरों के कब्जे में है, इसमें अधिकतर बांग्लादेश से पलायन कर असम पहुंचे हैं। असम के नलबाड़ी, कछार और कामरूप में भी धार्मिक जनसंख्या में बदलाव हुआ है। पिछले चार दशकों में बिहार के सीमांचल के चार जिले किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में मुस्लिम आबादी बहुत तेजी से बढ़ी है। किशनगंज में मुस्लिम आबादी 67.58 प्रतिशत और हिंदू आबादी 31.43 प्रतिशत है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने रिपोर्ट में दावा किया है कि झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ हो रही है और इस कारण से क्षेत्र की जनसांख्यिकी में काफी बदलाव आया है। विधानसभा चुनावों में इस पर खूब होहल्ला मचा था।

सूत्रों के अनुसार, त्रिपुरा, असम और बंगाल में बिचौलियों की भरमार है, जो बांग्लादेशियों को भारत में अवैध तरीके से बसाने और उनके लिए फर्जी कागजात बनाते हैं। इसके अलावा बंगाल से बांग्लादेश से लगने वाले 2272 किलोमीटर लंबे बॉर्डर में कई लूप होल हैं। पश्चिम बंगाल का मालदा, दिनेशपुर, छपली नवबादगंज, मुर्शिदाबाद और 24-परगना घुसपैठ के लिए बदनाम है। इसके अलावा हुगली नदी और जंगल के रास्ते से घुसपैठ होती है। सैफ के हमलावर शरीफुल इस्लाम ने छह माह पहले बॉर्डर किनारे बहने वाली दावकी नदी को पार करके भारत में घुसपैठ की थी। 22 जनवरी को हरियाणा के रेवाड़ी में 15 बांग्लादेशी पकड़े गए, जो 15 साल पहले भारत आए थे। फरवरी 2024 में आगरा से 40 बांग्लादेश घुसपैठिये पकड़े गए थे। रिपोर्टस के मुताबिक, बॉर्डर क्रॉस कराने वाले एजेंट हर बांग्लादेशी घुसपैठिए से चार से 15 हजार रुपये वसूलता है। फिर उन्हें नकली दस्तावेज और नौकरी के लिए अलग-अलग पैसे देने होते हैं। मुंबई पुलिस ने एक रैकेट का खुलासा किया था, जिसमें पता चला कि एजेंटों ने घुसपैठ से लेकर नौकरी दिलाने तक के रेट तय कर रखे हैं।

## आप और कांग्रेस ने उतार दिए मुस्लिम प्रत्याशी, त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी बल्लीमारान सीट




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की हाई प्रोफाइल सीटों में पुरानी दिल्ली की बल्लीमारान सीट भी शामिल है। कभी कांग्रेस का गढ़ रही सीट अभी आम आदमी पार्टी के पास है। सीट की एक बड़ी खासियत यह है कि इस सीट से जीत दर्ज करने वाले विधायक को दिल्ली मंत्रिमंडल में जगह मिलती है। 2015 से इस सीट पर आप का कब्जा है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) आज तक यह सीट जीत नहीं सकी है, लेकिन इस बार भगवा दल ने कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है। बागड़ी युवा और निगम पार्षद हैं। वहीं कांग्रेस ने अपने पुराने चेहरे और पूर्व मंत्री हारुन यूसुफ पर फिर से दांव लगाया है। वहीं आप ने दिल्ली सरकार में मंत्री इमरान हुसैन को मौका दिया हैं।

इस सीट को जीतने के लिए तीनों दलों ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। जानकार मानते हैं कि सीट पर मुकाबला रोचक और त्रिकोणीय मुकाबले में फंसा हुआ है। यह सीट मुस्लिम बहुल है। मुस्लिम मतदाताओं की एकजुटता सीट पर जीत और हार तय करने में बड़ी भूमिका निभाती है। जानकारों का मानना है कि इस चुनाव में आप और कांग्रेस दोनों के उम्मीदवार मुस्लिम समुदाय से हैं। इसमें यदि मुसलमान वोटरों में बिखराव हुआ, तब इसका फायदा भाजपा को मिल सकता है। भाजपा भी मुस्लिम वोटों में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। कहा जा रहा है कि मुस्लिम वोटर जिसके पक्ष में लामबंद होते हैं, उसकी जीत की राह आसान हो जाएगी।

बल्लीमारान सीट पर मतदाताओं की कुल संख्या 153231 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 83202 और महिला वोटरों की संख्या 70013 है। इस सीट पर थर्ड जेंडर भी 16 हैं। पिछले 2020 के चुनाव नतीजों में सीट पर आप उम्मीदवार इमरान हुसैन विजयी हुए। हुसैन को 64.87 फीसद यानी 65,612 वोट मिले। दूसरे स्थान पर भाजपा रही। भाजपा उम्मीदवार को 29.12 फीसद यानी 28,995 वोट और तीसरे स्थान पर रहने वाली कांग्रेस को 4.75 प्रतिशत वोट यानी 4797 वोट मिले। कांग्रेस ने इस बार अपना पूरा दम-खम लगा दिया है।

बल्लीमारान सीट पर 1993 से 2013 तक कांग्रेस का कब्जा रहा। सीट से कांग्रेस के यूसुफ लगातार जीत दर्ज करते आए लेकिन 2015 के चुनाव में आप ने पहली बार इस सीट से जीत दर्ज की। तब से यह सीट उसके पास है। घनी आबादी और तंग गलियों वाले बल्लीमारान के बाजार में दूर-दूर से लोग खरीदारी और कारोबार के लिए आते हैं। यहां जाम की समस्या आम बात है। सड़क किनारे पोलों पर लिपटे और लटके बिजली के तार यहां की खास पहचान हैं। जगह-जगह कूड़ा और कचरा भी समस्या है। लोग इसका प्रबंधन चाहते हैं।

## सैफ पर हमला मामले में नया मोड़, आरोपी शहजाद के पिता का बयान, सीसीटीवी फुटेज में दिखा शख्स मेरा बेटा नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** अभिनेता सैफ अली खान पर हमले मामले में एक बड़ा मोड़ आ गया है। जहां अभी तक सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा हो रही थी, वहीं अब आरोपी शहजाद के पिता ने भी चौंकाने वाला बयान दिया है। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी शहजाद के पिता रुहैल अमीन फकीर ने कहा है कि सैफ के घर में सीसीटीवी में जो संदिग्ध दिख रहा है वहां उनका बेटा नहीं है।

सैफ पर बीते गुरुवार की रात हुए हमले के बाद पुलिस ने कई संदिग्ध को पकड़कर दावा किया कि उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया है। घटना के दो दिन बाद पुलिस ने ठाणे के इलाके से मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को गिरफ्तार किया। अब शहजाद के पिता का बयान सामने आया है, जो होश उड़ाने वाला है। शहजाद के पिता का नाम रुहैल है। उन्होंने बयान दिया है उससे पुलिस के दावे पलटते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने कहा है कि सैफ पर हमले के बाद सीसीटीवी में जो दिखा वहां मेरा बेटा नहीं है।

एक मीडिया हाऊस ने उन्हें वॉट्सएप पर सीसीटीवी और उनके बेटे दोनों की तस्वीर भेजी, जिस पर उसके पिता ने दावा किया कि दोनों अलग-अलग हैं। अमीन का कहना ही कि पुलिस ने जो सीसीटीवी में फोटो दिखाई है वहां कोई और है। उन्होंने कहा, मैं उसका पिता हूं, अच्छे से देखने के बाद ही कह रहा हूं। सैफ के घर सीसीटीवी में दिख रहा संदिग्ध मेरा बेटा नहीं है। जो अरेस्ट हुआ है, वह मेरा बेटा है। रुहैल अमीन फकीर ने कहा, सीढ़ियो पर जो दिख रहा है वहां मेरा बेटा नहीं है। मैं उसका बाप हूं। जो सीसीटीवी में दिखा है, उसकी कद-काठी भी मेरे बेटे जैसे नहीं है। मैंने कई बार फोटो देखी है, अपने परिवार को भी दिखाया है।

हालांकि पुलिस का कहना है कि उन्होंने मामले में हर तरीके से जांच कर ली है और पूरी तरह से जांच-पड़ताल के बाद ही इस फैसले तक पहुंची है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने दावा किया है कि घटनास्थल से शरीफुल के 19 फिंगर प्रिंट्स मिले, जिनकी जांच करवाई जा रही है।

## भारत में मतदाताओं की संख्या बढ़कर एक अरब के करीब पहुंची

नई दिल्ली। भारत में मतदाताओं की संख्या अब 99.1 करोड़ हो गई है, जो पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव के समय 96.88 करोड़ थी। निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पहले जारी एक बयान में कहा कि मतदाता सूची युवा और लैंगिक रूप से संतुलित दिखती है, जिसमें 18 से 29 आयु वर्ग के 21.7 करोड़ युवा मतदाता हैं और मतदाता लैंगिक अनुपात 2024 में 948 से छह अंक बढ़कर 2025 में 954 हो गया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसकी स्थापना 1950 में हुई थी। दिल्ली विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिए 7 जनवरी को यहां संवाददाता सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा था कि भारत जल्द ही एक अरब से ज्यादा मतदाताओं का नया रिकॉर्ड बनाएगा।

## रहें सावधान... फिर आ रहा तेज सर्दी के साथ, बारिश और ओलावृष्टि का दौर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सूरज को देखकर फिर बादल घुमड़ने लगे हैं। कई दिनों से निकल रही धूप के बाद बारिश की दस्तक से ठंड का प्रकोप बढ़ने वाला हैं। पहले ही जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने की आहट हो चुकी है। इधर, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा-पंजाब में शीतलहर के साथ पाला भी परेशान कर रहा है। इसमें से कई राज्यों में कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी हुई है। अब फिर आईएमडी ने 24 जनवरी से लेकर सप्ताह के अंत तक कई राज्यों में बादल छाए रहने के साथ बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु में अगले 2 दिन तक आंधी के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जाहिर की गई है। आईएमडी आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की बात कर रहा है। मौसम विभाग ने बताया है कि 24 से लेकर 26 जनवरी तक बादलों की आवाजाही के साथ बारिश हो सकती है। कई राज्यों तेज हवाओं के साथ बारिश और बिजली कड़कने सहित ओलावृष्टि होने का अलर्ट है। केरल और तमिलनाडु में भी आगामी 3 दिन तक तेज आंधी तूफान के साथ भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट है। इधर, उत्तर भारत में कोहरे की धुंध के कारण बड़ी संख्या में ट्रेन और हवाई परिवहन बुरी तरह से प्रभावित है। कई ट्रेनों के विलंब से चलने और कईयों को रद्द कर दिया गया है।

आईएमडी के मुताबिक, एनसीआर के लोगों का अब अगले एक हफ्ते तक कोहरे और तेज हवाओं का सामना करना पड़ेगा। इसकारण ठंड फिर बढ़ जाएगी। 24 जनवरी को अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। 25 जनवरी को अधिकतम तापमान 20 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहने की संभावना है। 26, 27 और 28 जनवरी को एनसीआर में घना कोहरा छाया रहेगा। इस दिनों अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहने की उम्मीद है। मौसम में बदलाव के कारण डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी कि वे लापरवाही ना बरतें।



# ट्रेन में करोड़ों का माल भूले लोग, अब ढूंढकर सामान पहुंचा रहा आरपीएफ

## - पिछले वर्ष आरपीएफ ने 6.6 करोड़ का सामान वापस किया

**नई दिल्ली।**

ट्रेन में सफर के दौरान कई यात्री अपना सामान भूल जाते हैं। इसमें कई बार ऐसा सामान भी होता है तो जो कीमती होता है। यात्रियों को लगता है कि चलती ट्रेन में या स्टेशन में छूटा सामान वापस मिलने वाला नहीं है। इसलिए लोग कहीं पर संपर्क भी नहीं करते हैं लेकिन क्या आपको पता है कि ट्रेन या स्टेशन में खोया सामान भी वापस मिल सकता है। स्वयं आरपीएफ यात्रियों का खोया उन्हें ढूंढ़ ढूंढ़कर सामान लौटा रहा है। पिछले वर्ष आरपीएफ ने 6.6 करोड़ का सामान वापस किया है। कई बार यात्री ट्रेन चढ़ने या उतरने में हड़बड़ी करते हैं या फिर कई बार स्टेशन छोड़ने समय जल्दबाजी में कुछ सामान वहीं छूट जाता है। ट्रेन पर बैठने या उतरने के बाद जब वो लगेज चेक करते हैं तो पता चलता है कि फलां सामान छूट या है। इस तरह का सामान बरामद करने के लिए आरपीएफ ऑपरेशन 'अमानत' चलाता है। आरपीएफ खोए हुए सामान को वापस मालिक तक पहुंचाने के लिए ऑपरेशन अमानत चलाता है। इसके माध्यम से आरपीएफ ट्रेन या स्टेशन में यात्रियों के खोए हुए सामानों का पता लगाता है और सुनिश्चित करता है कि वे उनके असली मालिकों को वापस कर दिए जाएं। 2024 में, 6.67 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सामान लगभग 2200 असली मालिकों को लौटा दिए गए। इस तरह अगर आपका भी सामान ट्रेन या स्टेशन में छूट जाए तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। रेलवे के अनुसार अगर आपका कोई सामान ट्रेन या स्टेशन में छूट जाता है तो आपको आरपीएफ से संपर्क कर अपने सामान की जानकारी देनी चाहिए। आरपीएफ को ऑपरेशन अमानत के तहत अगर यह सामान कहीं से बरामद होता है तो वापस मिल सकता है। इसके लिए अब आपको जरूरी औपचारिकता करनी होगी।

# रोजगार के मोर्चे पर खुशखबरी: ईपीएफओ में बढ़ोतरी

## - ईपीएफओ से नवंबर में जुड़े 14.63 लाख मेंबर्स

**नई दिल्ली ।**

रोजगार के मोर्चे पर एक शानदार खुशखबरी आई है, जो आम लोगों के जीवन में नया उत्साह भर रही है। भारत के प्रमुख रिटायरमेंट फंड बॉडी, ईपीएफओ ने पिछले साल नवंबर में 14.63 लाख नए मेंबर्स को अपने नेटवर्क में शामिल किया है, जो एक साल में 4.88 फीसदी की वृद्धि है। श्रम मंत्रालय ने इस वृद्धि को स्वीकारते हुए बताया कि ईपीएफओ की प्रभावी पहुंच और सक्षम प्रयासों के बदलाव से यह मुमकिन हुआ है। मंत्रालय ने आंकड़ों पर ध्यान दिया कि 18-25 आयु वर्ग का अहम योगदान है। इस आयु वर्ग में भी 4.81 लाख नए मेंबर्स जुड़े हैं, जिससे समय के साथ छात्रों की भी दरमियानी से सरकारी नौकरियों की ओर दिशा बढ़ रही है। डेटा के अनुसार नवंबर 2024 में जुड़े नए मेंबर्स में से लगभग 2.40 लाख महिलाएं हैं, जो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक




महत्वपूर्ण साबित होता है। राज्यवार विश्लेषण से पता चलता है कि महाराष्ट्र जैसे राज्यों में इस वृद्धि का सबसे बड़ा योगदान है। इस सुधार से स्पष्ट है कि रोजगार के क्षेत्र में नए उत्थान की दिशा में वीरों एक नया पल आया है। ईपीएफओ की इस बढ़ती आपूर्ति के साथ, देश के अर्थव्यवस्था में भी नया जीवन फूंका जा रहा है।

# ईवी में भरोसा बढ़ाने मारुति किराये पर देगी पेट्रोल कार

## टॉप 100 शहरों में हर 5 से 10 किलोमीटर पर फास्ट चार्जिंग स्टेशनों की भी योजना




**मुंबई ।**

मारुति सुजूकी ने अपनी इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा को बाजार में उतारने से पहले चार्जिंग व्यवस्था और सर्विस नेटवर्क का व्यापक विस्तार करने का ऐलान किया है। यह कार 500 किलोमीटर तक चलने का क्षमता होगी और 2,700 मिलीमीटर लंबे व्हीलबेस के साथ आएगी। इसके साथ ही कंपनी पुराने जमाने की सोच को तोड़कर ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के लिए कई नई योजनाएं लेकर आ रही है। इसमें एक हाइब्रिड कार किराए पर देने का प्रस्ताव भी शामिल है, जो ईवी ग्राहकों को लंबी या बहुत दूरी तक की यात्रा के लिए विकल्प प्रदान करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि ईवी सिलसिले में ग्राहकों को जितनी सुविधाएं मिल सकती हैं, उतनी ही सरल और आसानी से मिलनी चाहिए। उन्होंने उज्ज्वल भविष्य की कल्पना करते हुए कहा कि हम ईवी को खरीदने वाले ग्राहकों को पहली कार के रूप में महसूस कराना चाहते हैं। इस निर्धारित राह को आगे बढ़ाते हुए मारुति सुजूकी ने विभिन्न शहरों में 1,000 सर्विस वर्कशॉप को ईवी कारों के लिए तैयार करने का भी ऐलान किया है। कंपनी ने टॉप 100 शहरों में हर 5 से 10 किलोमीटर पर फास्ट चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना करने की भी योजना बनाई है। इन सब उपायों से मारुति सुजूकी का उद्देश्य है ग्राहकों को सुरक्षित और सुखद ईवी यात्रा का अनुभव करवाना, ताकि उन्हें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी होने की भावना में एक उत्कृष्ट माध्यम मिले।

कंपनी ने जो दिशा में कदम बढ़ाया है, यह स्पष्ट दर्शाता है कि भावनात्मक सहयोग और आधुनिक तकनीक का सही संयोजन हमें समृद्धि की ओर ले जा सकता है।

# नोएडा प्लांट में भी बनेंगे गैलेक्सी एस25 सी रिज के स्मार्टफोन: सैमसंग

## - सैमसंग की भारतीय बाजार में अपनी पकड़ जमाने की योजना




**नई दिल्ली ।**

साउथ कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज कंपनी सैमसंग ने अपने नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस 25 सीरीज लॉन्च की है। अमेरिका के सैन जोस में आयोजित इवेंट में इस सीरीज की घोषणा की गई और इसमें गैलेक्स एस25 अल्ट्रा, एस25+ और एस25 मॉडल शामिल हैं। यह स्मार्टफोन भारत के नोएडा स्थित सैमसंग प्लांट में भी बनाया जाएगा। गैलेक्सी एस25 सीरीज की कीमत 800 डॉलर (करीब 66,000 रुपये) से शुरू होकर अल्ट्रा-प्रीमियम सेगमेंट में प्रस्तुत हो रही है। इस लॉन्च से सैमसंग ने भारतीय बाजार में अपनी पकड़ जमाने का मिशन तय किया है। सीरीज को विकसित करने में सैमसंग के बेंगलुरु स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर ने सहयोग किया है। इस सेंटर ने एआई क्षमताओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और इसे साउथ कोरिया के बाहर कंपनी का सबसे बड़ा आरएंडडी सेंटर बना दिया है। सैमसंग की उम्मीद है कि इस नई सीरीज स्मार्टफोन बाजार में एक नया दौर खोलेगा और स्मार्टफोन कंपनियों के बीच मुकाबला औरत बढ़ाएगा। यह सीरीज फिचर्स में कस्टमाइज्ड स्नैपड्रैगन 8 एलीट मोबाइल प्लेटफॉर्म फॉर गैलेक्सी को समेत लेकर आता है, जो एआइ फीचर्स के लिए बेहतर प्रोसेसिंग परफार्मेंस प्रदान करता है। इस सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सीरीज की ग्लॉबल लॉन्चिंग ने उम्मीदों को उच्च कीमत, तकनीकी नवाचार और शानदार डिज़ाइन की उम्मीद दी है। सैमसंग की गैलेक्सी एस25 सीरीज एक नया मील का पत्थर बन सकती है।

# सरकार को बजट में संरचनात्मक सुधारों के लिए राजनीतिक पकड़ का उपयोग करना चाहिए: सुब्बाराव

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 3.0 सरकार को वृद्धि तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए आगामी बजट में राजनीतिक रूप से कठिन संरचनात्मक सुधारों को लागू करने के लिए अपनी विशाल राजनीतिक पकड़ का इस्तेमाल करना चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। यह बजट वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं तथा धीमी पड़ती घरेलू वृद्धि के बीच आ रहा है। सुब्बाराव ने एक साक्षात्कार में कहा` कि यह राजग 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट है और इसे राजनीतिक रूप से कठिन संरचनात्मक सुधारों को लागू करने के लिए अपनी विशाल राजनीतिक पकड़ का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बजट का प्राथमिक उद्देश्य अर्थव्यवस्था को टिकाऊ बनाना तथा उच्च वृद्धि पथ पर लाना है। सुब्बाराव ने कहा, लेकिन केवल वृद्धि से काम नहीं चलेगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वृद्धि का लाभ व्यापक रूप से सभी तक पहुंचे यानी हमें असमानता कम करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के निचले तबके की आधी आबादी का विशाल उपभोग आधार देश की वृद्धि का सबसे बड़ा चालक है। सुब्बाराव ने कहा` कि निचले आधे हिस्से में उपभोग बढ़ाने का एकमात्र स्थायी तरीका



रोजगार सृजन है। यदि वे अधिक कमाएंगे, तो वे अधिक खर्च करेंगे, जिससे अधिक उत्पादन, अधिक रोजगार तथा उच्च वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

# मारुति ब्रेजा को प्रमोट करते दिखाई देंगे कार्तिक आर्यन

**मुंबई ।** मारुति सुजुकी इंडिया ने बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन को अपनी प्रमुख कॉम्पैक्ट एसयूवी, मारुति ब्रेजा का नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। यह घोषणा भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के दौरान की गई। कार्तिक को ब्रेजा के साथ जोड़कर कंपनी ने युवाओं को आकर्षित करने और गाड़ी की डाइनैमिक इमेज को और मजबूत करने की रणनीति पर काम किया है। मारुति ब्रेजा को 2016 में लांच किया गया था, और यह तब से कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में एक प्रमुख खिलाड़ी बनी हुई है। अब तक इसकी 12 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। 2024 में 1,88,160 यूनिट्स की बिक्री के साथ ब्रेजा ने बाजार में सबसे ज्यादा बिकने वाली कॉम्पैक्ट एसयूवी का दर्जा हासिल किया। इसका मुकाबला टाटा नेक्सन, हुंडई वेन्यू और किआ सोनेट जैसी गाड़ियों से है। ब्रेजा 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ आती है, जो कि 101.64 बीएचपी पावर और 136.8 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। ब्रेजा में 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स विकल्प मौजूद हैं। इसके साथ मारुति की स्मार्ट-हाइब्रिड तकनीक भी है, जो माइलेज और पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रदर्शन को बेहतर बनाती है।




# अमेजान ने सात गोदाम बंद करने का किया ऐलान, 1700 नौकरियां खतरे में

**मुंबई ।** ऑनलाइन रिटेलर अमेजन ने कहा कि वह आने वाले दो महीने में कनाडा के क्यूबेक में अपने सभी सात गोदामों को बंद कर देगा। अमेजन का कहना है कि इस फैसले के बाद लंबे समय तक उनके कस्टमर्स की बचत होगी। हालांकि, कनाडाई संघ ने अमेजन पर आरोप लगाया है कि उसने क्षेत्र में अपनी कोशिशों को रोकने के कारण गोदामों को बंद करने का निर्णय लिया है। संघ ने यह भी कहा कि उन्होंने एक गोदाम को सफलतापूर्वक संघबद्ध किया है। अमेजन के अनुसार, इस फैसले से ग्रेटर मॉन्ट्रियल क्षेत्र में लगभग 1,700 लोगों की नौकरियां प्रभावित होंगी, जिनमें से 250 कर्मचारी अस्थायी तौर पर काम कर रहे हैं। अमेजन की तरफ से जानकारी दी गई कि पैकेज को बांटने के लिए स्थानीय और तीसरे पक्ष की कंपनियों को नियुक्त करेगा। अमेजन की ओर से 2020 से पहले क्यूबेक में जिस बिजनेस मॉडल को फॉलो किया गया था, वो उसे फिर से इस्तेमाल करेगा। अमेजन एक प्रवक्ता के मुताबिक ये फैसला यूं ही नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि इस फैसले के बाद प्रभावित कर्मचारियों को एक पैकेज दिया जाएगा। इस पैकेज में सुविधाओं के बंद होने के बाद 14 हफ्ते तक का वेतन दिया जाएगा। साथ ही नौकरी प्लेसमेंट संसाधनों जैसे लाभ को भी इसमें शामिल किया गया है।

# स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का शेयर 33 प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली ।** स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 90 रुपये से 33 प्रतिशत उछाल के साथ गुरुवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई तथा एनएसई पर शेयर की शुरुआत 120 रुपये पर हुई, जो निर्गम मूल्य से 33.33 प्रतिशत की बढ़त` दिखाता है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन बीएसई पर 999.42 करोड़ रुपये और एनएसई पर 999.50 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के ओ खिरी दिन पिछले सोमवार को 188.38 गुना अभिदान मिला था। रेफ्रिजरेंट्स आपूर्तिकर्ता स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का 199.45 करोड़ रुपये का आईपीओ 1.78 करोड़ नए शेयर और 43.02 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था। इसके लिए 85-90 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था।

# वॉलमार्ट ने भारत की स्टार्टअप कंपनियों के साथ किया समझौता

**वाशिंगटन ।** खुदरा क्षेत्र की अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी वॉलमार्ट ने भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए शुरुआती स्तर के रणनीतिक कार्यक्रमों की घोषणा की है। यह कंपनी ने पुणे स्थित केबीकोल्स साइंसेज, चेन्नई स्थित ग्रीनपॉड लैब्स और बेंगलुरु स्थित क्रॉपिन के साथ सहयोग करने का निश्चय किया है। वॉलमार्ट के उपाध्यक्ष ने इस उद्देश्य को बताते हुए कहा` कि प्रौद्योगिकी नवाचार ही है जो वैश्विक स्तर पर मजबूत आपूर्ति श्रृंखला को आगे बढ़ाने के लिए वास्तविक दुनिया के समाधानों को प्रेरित करती है। यह साझेदारी समर्थन करने वाली यह स्टार्टअप कंपनियाँ वॉलमार्ट की आपूर्ति श्रृंखलाओं में नवाचार लाने में मदद करेंगी और वॉलमार्ट को उनके समाधानों की प्रेरणा मिलेगी। यह साझेदारी भारतीय बाजार में नए उद्यमियों के लिए एक बड़ी संधि की ओर कदम बढ़ाती है।




# इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर 450 एक्स का नया संस्करण पेश, दो बैटरी विकल्पों में उतारा

**मुंबई ।**

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में एथर एनर्जी ने अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर 450 एक्स का नया संस्करण पेश किया। स्कूटर में कई तकनीकी सुधार और फीचर अपग्रेड किए हैं, जो इस स्कूटर को पहले से ज्यादा आकर्षक और उपयोगी बनाते हैं। एक्सपो में पेश मॉडल इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में एथर की मजबूत स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए तैयार है। एथर 450 एक्स को दो बैटरी विकल्पों में उतारा गया है। 2.9 किलोवॉट प्रतिघंटा बैटरी वाला वेरिएंट 126 किलोमीटर की रेंज देता है, जबकि 3.7 किलोवॉट प्रतिघंटा बैटरी वाला वेरिएंट 161 किलोमीटर तक की रेंज देता है। इनकी कीमत क्रमशः 1.75 लाख और 1.85 लाख रखी गई है। स्कूटर में नया टच स्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम जोड़ा गया है, जिससे यूजर्स को बेहतर इंटरफेस का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए सिम पोर्ट और एक विशेष इमरजेंसी बटन दिया है। यह बटन तीन बार दबाने पर राइडर की लाइव लोकेशन पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजता है, जो सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ी सुविधा है। प्रो पैक वेरिएंट में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, गूगल मैप्स इंटीग्रेशन, ऑटो-होल्ड और फाइंड माई स्कूटर जैसे उन्नत फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा, स्कूटर चार नए रंग विकल्पों–लूनर ग्रे, ट्रू रेड, हाइपर सैंड, और अन्य शेड्स में उपलब्ध होगा। डिजाइन में बड़े बदलाव नहीं किए गए हैं, लेकिन सस्पेंशन ट्यूनिंग और एडवांस्ड राइडिंग मोड्स को बेहतर बनाया गया है। एथर 450 एक्स का यह नया संस्करण लंबी रेंज, प्रीमियम फीचर्स और सुरक्षा के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में एक नई दिशा तय करने के लिए तैयार है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही ऑटो, आईटी, सीमेंट और कुछ हेल्थकेयर स्टॉक्स में तेजी से आया है। इससे पहले गत दिवस भी बाजार बढ़त पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान घरेलू कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणाम कमजोर रहने की आशंका व डोनल्ड ट्रंप के टैरिफ शुल्क बढ़ाने की योजना से बाजार की तेजी पर कुछ हद तक अंकुश भी लग गया।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज करोबार के अंत में 115.39 अंक करीब 0.15 फीसदी बढ़कर 76,520 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 50 अंक तकरीबन 0.22 फीसदी की बढ़त के साथ ही 23,205 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्रा सीमेंट्स 7 फीसदी उछलकर बंद हुआ। जोमैटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सनफार्मा, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयरों में भी बढ़त रही।

वहीं पावर ग्रिड , कोटक बैंक, एचसीएल टेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, एलएन्डटी और टीसीएस के शेयरों में गिरावट रही। आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और कमोडिटी शेयरों में जोरदार खरीदारी के कारण घरेलू बाजार में उत्साह का माहौल रहा।

दूसरी ओर एशियाई बाजारों की बात करें तो टोक्यो और शंघाई के बाजारों में बढ़त रही जबकि हांगकांग और सियोल के बाजार नीचे आये।

यूरोपीय बाजारों में भी बढ़त रही। अमेरिकी शेयर बाजार गत दिवस तेजी के साथ बंदु हुए थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार




गिरावट में खुले हालांकि बाद में वापसी करते हुए शेयर बाजार हरे निशान में लौट गए।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय आठ पैसे की गिरावट के साथ ही 86.43 रुपये पर बंद हुआ। वहीं सुबह रुपया गुरुवार के कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में पांच पैसे की गिरावट के साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.40 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे की गिरावट के साथ 86.46 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 86.52 प्रति डॉलर पर आ गया। हालांकि, शेयर बाजार में तेजी आने से इसमें कुछ सुधार हुआ और यह बुधवार के बंद स्तर से पांच पैसे की गिरावट के साथ 86.40 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.35 पर बंद हुआ था।



# ड्राई फ्रूट्स व्यापारियों की मांग, जीएसटी घटाकर 5 फीसदी किया जाए

**नई दिल्ली ।** देश के ड्राई फ्रूट्स व्यापारियों की इकाई नट्स एंड ड्राई फ्रूट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एनडीएफसी) ने सरकार से कई महत्वपूर्ण अनुरोध किए। एनडीएफसी ने अखरोट के आयात शुल्क को प्रति किलोग्राम के आधार पर युक्तिसंगत बनाने, जीएसटी को घटाकर पांच प्रतिशत करने और इस क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना शुरू करने की मांग की है। काउंसिल के अनुसार भारत का मेवे का बाजार 18 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर से बढ़ रहा है और यह 2029 तक 12 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो: 1,500 से अधिक कंपनियों ने लिया भाग, 200 से अधिक नए और मौजूदा उत्पादों का देखा

## एक्सपो में इलेक्ट्रिक वाहन प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे

**मुंबई ।**

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का भव्य समापन हुआ। भारत मंडपम, यशोभूमि, और ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित प्रदर्शनी में 1,500 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। करीब 8 लाख दर्शकों ने वाहन, कलपुर्जा और प्रौद्योगिकी खंडों में प्रस्तुत किए गए 200 से अधिक नए और मौजूदा उत्पादों का देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जनवरी को केंद्रीय मंत्रियों और वाहन उद्योग के दिग्गजों की मौजूदगी में एक्सपो का उद्घाटन किया। इस बार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे। मारुति सुजुकी इंडिया ने अपना पहला इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा लांच किया, जो भारत में निर्मित होकर 100 से अधिक देशों में निर्यात होगा। हुंदै मोटर इंडिया ने क्रेटा इलेक्ट्रिक पेश की, जबकि विनफास्ट (वियतनाम) और बीवाईडी (चीन) ने भी अपने ऑटोमोबाइल उत्पाद प्रदर्शित किए।

आयोजन ने परिवहन क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला–वाहन निर्माता, कलपुर्जा निर्माता, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, बैटरी निर्माता और सॉफ्टवेयर फर्मों को एक छत के



नीचे लाने का काम किया। इसका मुख्य उद्देश्य टिकाऊ परिवहन और प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देना था।

वाहन निर्माताओं के संगठन सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने बताया यह आयोजन टिकाऊ परिवहन पर उद्योग के फोकस को दिखाता है। वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि सभी पक्षों के सुझावों पर विचार किया जाएगा।

# अंडर-19 विश्व कप: भारत ने श्रीलंका को हराया, सुपर सिक्स में जगह पक्की



**कोलकाता (एजेंसी)।** कुआलालंपुर सलामी बल्लेबाज जी तृषा की 49 रन की पारी और तेज गेंदबाजों की नई गेंद से शानदार गेंदबाजी से भारत ने यहां श्रीलंका पर 60 रन की एकतरफा जीत के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए आईसीसी अंडर-19 टी20 महिला विश्व कप के सुपर सिक्स में प्रवेश किया।

बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में त्रिशा ने 44 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया जिससे भारत को नौ विकेट पर 118 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मिथिला विनोद (10 गेंद में 16 रन) और वीजे जोशीथा (नौ गेंद में 14 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाए। इसके बाद तेज गेंदबाज जोशीथा (17 रन पर दो विकेट) और शबनम शकील (नौ रन पर दो विकेट) ने शुरुआती चार ओवर में दो-दो विकेट झटक कर श्रीलंका का स्कोर चार विकेट परनौ रन कर दिया।

अगले ओवर में कप्तान मनुडी नानायककारा के रन आउट होने से उसकी 12 रन तक आधी टीम पवेलियन पहुंच गई।श्रीलंका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 58 रन ही बना सकी। भारत ने ग्रुप चरण के अपने अभियान को तीन मैचों में तीन जीत के साथ खत्म किया। श्रीलंका के लिए रश्मिका सेवांडी (12 गेंद में 15 रन) ही दोहरे अंक में रन बना सकी।

वह अच्छी लय में दिख रही थी लेकिन जरूरी रन रेट को कम करने के लिए पारुणिका सिसोदिया (सात रन पर दो विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में मिथिला विनोद को कैच देकर आउट हो गई। आयुषी शुक्ला (13 रन पर एक विकेट) और मलेशिया के खिलाफ पांच रन पर पांच विकेट लेने वाली वैष्णवी शर्मा (चार ओवर में तीन रन पर एक विकेट) ने भी श्रीलंका के बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका नहीं दिया।

# लक्ष्य सेन का अंतरराष्ट्रीय सर्किट में संघर्ष जारी, इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर हुए



**जकार्ता (एजेंसी)।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का अंतरराष्ट्रीय सर्किट में संघर्ष जारी है और वह बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापान के केंटा निशिमोटो से हारकर बाहर हो गए।

भारत के 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी लक्ष्य को निशिमोटो से 16-21 21-12 21-23 से पराजय मिली। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को भी दूसरे दौर में हार का मुंह देखना पड़ा। इस भारतीय जोड़ी को बढ़त बनाने के बावजूद मलेशिया के पांग रोन हू और सु यिन चेंग की जोड़ी से 21-18 15-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन ने मैच में खराब शुरूआत की और पहला गेम गंवा बैठे। उन्होंने दूसरा गेम जीत कर अच्छी वापसी की लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# भारत ने 7 विकेट से जीता पहला टी-20, अभिषेक शर्मा के धुआंधार 79 रन



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को पहले टी-20 में 7 विकेट से हरा दिया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत ने बॉलिंग चुनी। इंग्लिश टीम 132 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने तेजी से बैटिंग की और 12.5 ओवर ही 3 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से ओपनर अभिषेक शर्मा ने 34 गेंद पर 79 रन बनाए। उन्होंने पारी में 8 छक्के और 5 चौके लगाए। उन्हें आदिल रशीद ने लॉन्ग ऑफ पर हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। अभिषेक शर्मा ने जैमी ओवर्टन के खिलाफ 9वें ओवर की पहली बॉल पर छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने 20 गेंद पर अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। अभिषेक ने अपने टी-20 करियर की दूसरी फिफ्टी लगाई। वे एक सेंचुरी भी लगा चुके हैं। बॉलिंग में वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट लिए। इंग्लैंड से जोस बटलर ने 68 रन बनाए, जोफ्रा आर्चर को 2 विकेट मिले। भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली, दूसरा मैच 25 जनवरी को चेन्नई में खेला जाएगा।

# रणजी ट्रॉफी में विफल रहे रोहित, यशस्वी और शुभमन



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल रणजी ट्रॉफी के अपने पहले ही मैच में विफल रहे हैं। इनका प्रदर्शन कितना खराब था, इसका अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि ये तीनों मिलकर 11 रन ही बना पाये। रोहित और यशस्वी जहां मुम्बई की ओर से खेल रहे हैं, वहीं शुभमन पंजाब के कप्तान हैं। हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय टीम की खराब बल्लेबाजी के कारण क्रिकेट बोर्ड ने सभी खिलाड़ियों के लिए रणजी में खेलना अनिवार्य कर दिया था। रोहित करीब एक दशक बाद आजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई मुम्बई की ओर से रणजी मैच में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ खेलने उतरे। मुम्बई की । पारी की शुरुआत करते हुए यशस्वी तीसरे ही ओवर में आउट हो गए। वह तेज गेंदबाज औकिब नबी डार का शिकार बने। यशस्वी 8 गेंदों पर एक चौके की सहायता से केवल 4 रन बना पाये। वहीं कप्तान रोहित भी 19 गेंदों पर 3 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। रोहित का विकेट उमर नजीर मीर ने लिया। इसके अलावा पंजाब की ओर से कर्नाटक के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए शुभमन भी 8 गेंदों में केवल 4 रन ही ना पाये, ये रन उन्हें चौके से मिले थे। गेंदबाज अभिलाश शेट्टी ने उन्हें आउट किया। रोहित इंग्लैंड के खिलाफ छह फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज और उसके बाद चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। ऐसे में उनके इस कमजोर प्रदर्शन से टीम प्रबंधन की चिन्ताएं बढ़ गयी हैं। रोहित के अलावा शुभमन और यशस्वी के भी असफल होने से भारतीय टीम की बल्लेबाजी की पोल खुल गयी है।

# ऑटोग्राफ लेने वाला नहीं, ऑटोग्राफ देने वाला बनने की कोशिश करो : कपिल देव की स्कूली बच्चों को सलाह

गुरुग्राम ।भारत के पूर्व महान हरफनमौला कपिल देव ने बृहस्पतिवार को यहां एक निजी स्कूल में बच्चों के साथ बातचीत में उन्हें ऑटोग्राफ (हस्ताक्षर) मांगने वाले बनने से बचने और ऑटोग्राफ देने वाले बनने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। भारत के 1983 विश्व कप विजेता कप्तान ने इस दौरान छात्रों के साथ मैदान पर समय भी बिताया।



उन्होंने बल्लेबाजी में हाथ आजमाते हुए अपने अंदाज में स्कायर कट भी लगाए।इस 66 साल के पूर्व दिग्गज ने छात्रों को दिए अपने संदेश में कहा, 'छात्रों के व्यक्तित्व के विकास के लिए खेल एक जरूरी साधन है लेकिन उसे पढ़ाई की कीमत पर तवज्जो नहीं मिलनी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'आपको कभी मेरा ऑटोग्राफ नहीं मांगना चाहिए बल्कि खुद को इतना अच्छा बनाना चाहिए कि एक दिन आप खुद उस पर हस्ताक्षर कर सकें।' कपिल की इस बात पर छात्रों ने खूब तालियां बजाई। कपिल ने पत्रकारों को बताया कि वह उत्साही छात्रों से आश्चर्यचकित थे। उन्होंने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित और खुश हूं कि मैं छोटे बच्चों और उभरते खिलाड़ियों के साथ अच्छा समय बिता सका। मुझे यह अवसर देने के लिए मैं स्कूल प्राधिकरण को धन्यवाद देता हूं।'

## चैम्पियंस ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार हैं सभी खिलाड़ी : हार्दिक पंड्या

दुबई ।भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर उत्साहित हैं।हार्दिक ने अन्य क्रिकेटरों मोहम्मद नबी, फिल साल्ट, शादाब खान और शाहीन शाह अफरीदी के साथ टूर्नामेंट के एक प्रमोशनल एड में कहा कि खिलाड़ी इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने तैयार हैं।हार्दिक ने कहा कि भारतीय टीम इस टर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करने उतरेगी। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले माह पाकिस्तान में किया जाएगा हालांकि भारतयी टीम अपने मुकाबले हाइब्रिड मॉडल के तहत ही दुबई में खेलेगी।भारतीय टीम ने साल 2013 में इंग्लैंड में आयोजित इस टूर्नामेंट को जीता था जबकि 2002 में वह मेजबान श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता रही थी।हार्दिक ने कहा कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की वापसी से क्रिकेट को काफी बढ़ावा मिलेगा।यह एकदिवसीय प्रारूप को और प्रासंगिक बनाता है।इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से प्रशंसकों और खिलाड़ियों में खेल को लेकर उत्साह आता है।उन्होंने आईसीसी के एक वीडियो में कहा कि इसमें भारतीय टीम क्रिकेट के अपने विशिष्ट कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।इसके साथ ही अपने प्रदर्शन से हर खिलाड़ी ट्रॉफी को फिर से घर लाने के लिए प्रतिबद्ध है।इस टूर्नामेंट का शुरुआती मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 19 फरवरी को कराची में होगा। वहीं भारतीय टीम 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।यह वीडियो चैम्पियंस ट्रॉफी और 'सफेद जैकेट हासिल करने के लिए सब कुछ दांव पर लगाने वाले खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों को दिखाता है।



# रणजी ट्रॉफी : जडेजा ने दिल्ली के खिलाफ पांच विकेट लिए



नई दिल्ली ।आज से यहां शुरु हुए रणजी ट्रॉफी सत्र में सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में घातक गेंदबाजी करते हुए दित्ली के खिलाफ पांच विकेट लिए।जडेजा की बेहतरीन गेंदबाजी से ही सौराष्ट्र ने दिल्ली को पहली पारी में 188 रन पर समेट दिया।दिल्ली की ओर से कप्तान आयुष बदोनी ने अर्धशतक लगाया। वहीं सौराष्ट्र की ओर से जडेजा ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 35वीं बार 5 विकेट ।जडेजा ने 17.4 ओवर में 66 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने सनत सांगवान, यश ढुल, आयुष बदोनी, हर्ष त्यागी और नवदीप सैनी के विकेट लिए। इस मैच में दिल्ली की टीम पहले बल्लेबाज करने मैदान पर उतरी। दिल्ली की ओर से कप्तान ऋषभ पंत भी रन बनाने में असफल रहे। ऋषभ 10 गेंद में एक ही रन बनाकर पेवेलियन लौट गये।पहले दिन के खेल में जडेजा की गेंदबाजी के सामने दिल्ली के बल्लेबाज विफल रहे। पांच विकेटों के साथ ही जडेजा के अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 547 विकेट हो गए हैं। उनके अब 547 विकेट हो गये हैं और वह 550 के विकेट से केवल तीन विकेट दूर हैं।जडेजा ने अंतिम बार रणजी ट्रॉफी मुकाबला 2023 में तमिलनाडु के खिलाफ खेला था।

# टाटा स्टील चेस: भारत के नंबर-1 शतरंज खिलाड़ी बने डी गुकेश, वर्ल्ड रैंकिंग में भी हुआ इजाफा



**मुंबई (एजेंसी)।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश का टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। उन्होंने पांचवें राउंड के मुकाबले में बुधवार को विजक आन जी को मात दी। इस जीत से गुकेश को डबल फायदा हुआ। इस दौरान वह न सिर्फ भारत के नंबर वन खिलाड़ी बने बल्कि उन्होंने वर्ल्ड रैंकिंग में भी चौथा स्थान हासिल किया। गुकेश वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद पहली बार कोई टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

गुकेश ने पांचवें राउंड के मैच जर्मनी के विंसेंट केमार को मात दी जो कि कुछ महीने पहले तक उनकी ही टीम का हिस्सा थे। सिंगापुर में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में गुकेश का सामना चीन के डिंग लिरेन था। इस चैंपियनशिप की तैयारी के लिए गुकेश ने जो टीम तैयारी की थी उसमें विंसेंट भी शामिल थे। उन्होंने गुकेश को वर्ल्ड चैंपियन बनाने में काफी मदद की।

गुकेश ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में कोशिश की थी कि वह लिरेन के खिलाफ मैचों को लंबा खींचे। वह चाहते थे कि लिरेन थक जाएं। विंसेंट ने भी बुधवार को गुकेश के खिलाफ यही प्रयोग अपनाया। उन्होंने कोशिश की और मैच को लंबा खींचा। वह शुरू से ही मजबूत पॉजिशन में नहीं ते लेकिन वह मैच को खींचकर 72वें मूव तक ले गाए। दोनों की बीच 6 घंटे लंबा मैच चला।

गुकेश को विंसेंट के बाद अपने एक और साथी का सामना करना है। पेंटाला हरिकृष्णा भी गुकेश की वर्ल्ड चैंपियनशिप टीम का हिस्सा थे। गुकेश सातवें राउंड में उनका सामना करने उतरेंगे। गुकेश के लिए हालांकि, ये कोई मुश्किल की स्थिति नहीं है। वह अपने विपक्षी को लेकर एक खिलाड़ी के तौर पर देखते हैं। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले कहा था कि विंसेंट और हरिकृष्णा का सामना करना उनके लिए खास होगा। गुकेश ने कहा कि, एक बार जब मैं बोर्ड पर पहुंच जाता हूं तो आमतौर पर मुझे प्रतिद्वंद्वी की परवाह नहीं होती, चाहे वह एक अच्छा दोस्त हो या कोई और। ये हमेशा की तरह व्यवसाय होगा। पिछले साल के दौरान हमारे बीच एक मजबूत रिश्ता बना। मुझे खुशी है कि वे इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं।

# भारत में स्पिन खेलना बड़ी चुनौती, इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा : हार के बाद बोले बटलर

**कोलकाता(एजेंसी)।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के खिलाफ सात विकेट से मिली करारी हार के बाद कहा कि भारतीय परिस्थितियों में स्पिनरों को खेलना चुनौती बनी रहेगी और उनके बल्लेबाजों को पांच मैच की श्रृंखला में वापसी करने के लिए इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा।

इंग्लैंड की टीम बुधवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन तिकड़ी के सामने 132 रन आउट हो गई। भारत ने केवल 12.5 ओवर में लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में शुरुआती बढ़त बनाई। बटलर ने यहां ईडन गार्डन्स में मैच के बाद कहा, 'हम उस तरह का खेल नहीं खेल पाए जैसा कि खेलना चाहते थे। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की।'

उन्होंने कहा, 'हमारे कुछ बल्लेबाज पहली बार उनके कुछ गेंदबाजों का सामना कर रहे थे। उनके प्रदर्शन पर गौर करना अच्छा होगा। हर कोई अच्छा खेलना चाहता है और उन पर दबाव बनाना चाहता है। हम बड़ा स्कोर बनाना चाहते हैं जिसका हम बचाव कर सकें।'


इंग्लैंड के कप्तान ने स्वीकार किया कि स्पिन भारत में लगातार चुनौती बनी रहेगी और उन्होंने अपनी टीम से इससे निपटने के लिए व्यक्तिगत रणनीति तैयार करने का अनुरोध किया। बटलर ने कहा, 'हमारे पास वास्तव में अच्छे खिलाड़ी हैं और हम जानते हैं कि भारत के खिलाफ उन्हें स्पिन का काफी सामना करना पड़ेगा। हमारा मानना है कि हमें प्रत्येक मैच में कम से कम तीन स्पिनर का सामना करना पड़ेगा। हमें उन पर दबाव बनाने के लिए अपनी व्यक्तिगत रणनीति के साथ खेलना होगा।'

हार के बावजूद बटलर ने कहा कि इंग्लैंड क्रिकेट के अपने आक्रामक ब्रांड से नहीं हटेगा जो 2015 से उनकी पहचान रही है। उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट में हम हमेशा आक्रामक खेल खेलने का प्रयास करते हैं। ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि



2015 के बाद से हमारा सीमित ओवरों की क्रिकेट में खेलने का यही तरीका रहा है और हम वास्तव में कभी इससे पीछे नहीं हटे हैं।'

# दिव्यांग क्रिकेटर से मिले बटलर , बल्ले पर ऑटोग्राफ दिया



कोलकाता ।इंग्लैंड की टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान जोस बटलर को लेकर एक विडियो सोशल मीडिया पर आया है।इसमें बटलर भारतीय क्रिकेट टीम से हुए टी20 मुकाबले से पहले एक दिव्यांग प्रशंसक से मिलते और उसके ऑटोग्राफ देते नजर आ रहे हैं।बटलर ने व्हीलचेयर पर रहने वाले इस प्रशंसक और दिव्यांग क्रिकेटर धर्मवीर पाल से बात कर उसके बल्ले पर हस्ताक्षर किए।इसके लिए लोगों ने इंग्लैंड के कप्तान की जमकर प्रशंसा की है।सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में दिखता है कि बटलर धर्मवीर के पा जाकर उससे बात करते देखते हैं। वीडियो की शुरूआत बटलर के रूम में जाने से पहले धर्मवीर की ओर मुड़ने से होती है।बटलर ने उनसे बात कर ऑटोग्राफ दिया।इससे धर्मवीर की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।धर्मवीर ने अपनी हिम्मत और पदर्शन के आधार पर दिव्यांग के तौर पर भारतीय टीम में जगह बनाकर अपनी पहचान बनायी है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट : वाटसन

सिडनी ।पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है चैम्पियंस इस टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने का अवसर मिल जाएगा।भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी।वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो एकदिवसीय विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को को कम करने का अच्छा रास्ता है।उन्होंने कहा,



'चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट है क्योंकि एकदिवसीय विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है और इससे इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है। । एकदिवसीय क्रिकेट को इस तरह के टूर्नामेंट से ऊर्जा मिलती रहती है क्योंकि यह काफी अच्छा प्रारूप है।वाटसन ने कहा, 'हम टी20 के बाद भी एकदिवसीय क्रिकेट को बनाये रखना चाहते हैं , इसलिए चैम्पियंस ट्रॉफी अहम है।इसमें सिर्फ 8 टीमें खेलती है और हर गेंद महत्वपूर्ण होती है।इसमें आपको लगातार अच्छा खेलना होता है वरना बाहर होने का खतरा बना रहता है।भारतीय टीम ने साल 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी पर उस समय विराट कोहली और रोहित शर्मा अच्छे फार्मू में थे। अभी होनो ही खराब दौर से गुजर रहे हैं।वाटसन ने कहा कि यह चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि खराब दौर विराट और रोहित के प्रभाव पर कोई असर डालेगा।दुबई में हालात अलग होंगे और एकदिवसीय में वे खुलकर खेल सकेंगे।कोहली वैसे भी एकदिवसीय में अन्य प्रारुपों से बेहतर खेलते हैं।।वाटसन ने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी में रोहित के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होने की संभावना है।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान सुरक्षा के इंतजाम, 15000 जवानों की होगी तैनाती, सड़कों पर होगी आर्मी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगले महीने 19 फरवरी से पाकिस्तान में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होना है। सुरक्षा के कारण टीम इंडिया इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत दुबई में खेलेगी। जबकि अन्य 7 टीमें अपने सभी मैच पाकिस्तान में ही खेलेगी। वहीं अब इस टूर्नामेंट में सुरक्षा तैयारियों को लेकर कई खबरें सामने आ रही हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान इस टूर्नामेंट की तैयारियां पूरी ना होने के कारण आलोचनाओं में घिरा रहा है। ऐसी कई तस्वीरें और वीडियो सामने आती रही हैं जिनमें कराची, लाहौर और रावलपिंडी के मैदानों में दर्शकों के बैठने की व्यवस्था तक दुरुस्त नहीं हुई है। वहीं अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा हुआ है।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार कहा जा रहा है कि, पाकिस्तान इस टूर्नामें के लिए सुरक्षा के लिए 15 हजार सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने वाला है। एक पाकिस्तानी चैनल के मुताबिक पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने लाहौर और रावलपिंडी मैदानों की सुरक्षा के लिए 12,564 पुलिस कर्मियों की तैनाती का प्लान बनाया है। लाहौर में कुल 7,618 और रावलपिंडी में 4,535 पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा स्पेशल ब्रांच के 411 अधिकारी सारे सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालेंगे। सुरक्षा व्यवस्था केवल मैदानी इलाकों के लिए नहीं बल्कि आसमान में भी आर्मी सुरक्षा व्यवस्था का खास ख्याल रखेगी। पुलिस कर्मी होटल से लेकर मैदान के रास्तों पर कैमरा फिट कर रही है। हर तरह से खिलाड़ियों की सुरक्षा का इंतजाम किया जा रहा है।

बता दें कि, पाकिस्तान 29 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने जा रहा है। साल 2009 में श्रीलंकाई टीम पर हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर सुरक्षा कारणों से लगातार सवाल उठते रहे हैं। लाहौर और रावलपिंडी के लिए सुरक्षा कर्मियों की संख्या सामने आ चुकी है लेकिन कराची को लेकर अभी तक अपडेट सामने नहीं आया है। बता दें कि, इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं आएगी। बीसीसीआई ने हाइब्रिड मॉडल की मांग





की थी, जिसके तहत टीम इंडिया के सारे मैच दुबई में खेले जाएंगे।

संक्षिप्त खबरें

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं राष्ट्रीय पराक्रम दिवस पर माल्यार्पण कार्यक्रम



**रामगढ़/बिभा संवाददाता।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के अवसर पर गुरुवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य ने सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उपायुक्त ने सभी से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने की अपील की। एसपी ने कहा कि नेताजी के कार्य व बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता।

## ज्ञान ज्योति महाविद्यालय ने सुभाष चंद्र बोस जयंती धूमधाम से मनाया



**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** ज्ञान ज्योति महाविद्यालय, हजारीबाग द्वारा 23 जनवरी 2025 को महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर रैली निकाली गई। जिसे महाविद्यालय के प्राचार्य श्री शंभू कुमार ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। साथ ही महाविद्यालय के निदेशक विनय कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों के शहादत को भारत के सभी बच्चों को अपने दिल में हमेशा याद रखनी चाहिए। जिससे बच्चों में देश प्रेम की भावना उत्पन्न होती है साथ ही बच्चे देश के हित एवं विकास कार्यों के प्रति हमेशा तत्पर रहेंगे। इस कार्यक्रम के सफल बनाने में इकाई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया साथ ही महाविद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों में उत्साह भरने का कार्य किया। महाविद्यालय के शिक्षक रंजन कुमार, दीपेंद्र कुमार, नीलिमा कुजूर, उमेश ठाकुर, पूनम कुमारी, उर्मिला राणा, मनोज राणा, कृष्णा कुमार, कुंदन कुमार शर्मा, रानी कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पूरे ओज एवं उत्साह के साथ संपन्न



**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में नेताजी की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य तारकेश्वर राय, नरेंद्र कुमार सिंहा एवं आचार्या दिनेश कुमार शर्मा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय में पढ़ने वाली बहन सृष्टि, पुष्पा एवं प्रज्ञा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्चा देशभक्त बताया। मौके पर विद्यालय के आचार्य तारकेश्वर राय ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को महान सपूत एवं देशभक्त बताते हुए उनके पराक्रम को भैया' बहनों के बीच पूरे ओज एवं उत्साह से रखा। उन्होंने भैया - बहनों से नेताजी की जीवनी से सीख लेते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। मौके पर आचार्य नरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा- नेताजी सुभाषचंद्र बोस में जो आदर्श और देश प्रेम का जो जज्बा था वह सभी भारतवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। नेताजी एक महान स्वतंत्रता सेनानी, सच्चे देशभक्त एवं भारत माता के महान सपूत थे। नेताजी ने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा एवं दिल्ली चलो का नारा दिया था। उन्होंने नेताजी को एक सच्चा राष्ट्रभक्त, कर्मठ एवं अतुलनीय व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति बताते हुए उनके जीवन से सीखने की आवश्यकता पर जोर दिया। मौके पर समस्त आचार्य राजीव रंजन, राहुल पासवान आचार्यबंधु -भगिनी एवं भैया- बहन उपस्थित थे।

## 25 दिवसीय बेल मेटल डोकरा प्रशिक्षण की हुई शुरुआत



**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड के कोर्रा क्षेत्र में विशेष घटक योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति के बेल मेटल डोकरा शिल्पकारों के लिए 25 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से 20 महिलाओं को 25 दिन तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर ट्रेनिंग एजेंसी छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसायटी के कोआर्डिनेटर अब्दुल अंसारी ने सभी महिला ट्रेनि से प्रशिक्षण में रूचि लेकर भाग लेने की अपील की एवं इसके महत्व को समझाया। जिला समन्वयक श्रीश त्रिपाठी ने बताया कि बेल मेटल डोकरा के सामान की मार्केट में बहुत डिमांड है। प्रशिक्षण में डोकरा से बने जाली, मछली, कछुआ, बिरसा मुंडा मूर्ती इत्यादि बनाना सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत जो महिलाएँ अपना बेल मेटल डोकरा में उद्योग की शुरुआत करना चाहती है वें उद्योग विभाग के सरकारी लोन - पी.एम.ई .जी.पी , पी.एम.विश्वकर्मा में अप्लाई कर सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान ही प्रशिक्षुओं का आर्टिजन कार्ड फार्म भरवाकर डी.सी.हैंडीक्राफ्ट विभाग भेज दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत बेल मेटल डोकरा के लघु उत्पादन ईकाई भी उद्योग विभाग के सहयोग से सभी ट्रेनि के सहयोग से लगाने पर चर्चा की गई।

### विधायक प्रदीप प्रसाद ने पंकज ठाकुर की मौत पर जताया शोक, पहुंचे अस्पताल

# दुख की घड़ी में मृतक के परिवार के साथ खड़ा हूं : प्रदीप प्रसाद

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पंकज ठाकुर, पिता स्व. रामकुमार ठाकुर, गोदखर निवासी की निधन की खबर पर गहरा शोक व्यक्त किया। पंकज ठाकुर की मौत को लेकर स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताई है, जिसके बाद विधायक ने इस मामले में त्वरित जांच और कार्रवाई की मांग की है। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने मृतक के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने पोस्टमार्टम को शीघ्र करने और शव को मृतक के घर भेजवाने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, मृतक के परिवार के लिए यह बेहद कठिन समय है, हम उनका हर संभव सहयोग करेंगे।विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की यदि लोगों द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है, तो इसकी निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए। मामले की पूरी पारदर्शिता के साथ जांच हो और दोषियों को कठोर से कठोर सजा मिले। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि किसी भी पोस्टमार्टम प्रतिक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और कोई भी समय की बर्बादी न हो, ताकि मृतक के परिवार को तकलीफ पहुंचे।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने प्रशासन से अनुरोध किया कि इस मामले की जांच को प्राथमिकता दी जाए और तुरंत कार्रवाई शुरू की जाए ताकि मामले की असलियत सामने आ सके। उन्होंने कहा, ऐसी घटनाओं से समाज में भय का माहौल बनता है और लोगों में अविश्वास पैदा होता है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि इस घटना में जो भी दोषी हैं, उन्हें सजा मिले। विधायक प्रदीप प्रसाद ने मृतक पंकज ठाकुर के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए कहा यह परिवार अपने जीवन के एक बेहद कठिन समय से गुजर रहा है, और हम उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। हमारी पूरी कोशिश होगी कि परिवार को इस कठिन समय में अकेला महसूस न हो।

## सांसद मनीष जायसवाल को मिली दिल्ली चुनाव में बड़ी जिम्मेवारी



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को दिल्ली विधानसभा चुनाव -2025 में एक बड़ी और महत्त्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी। उन्हें दिल्ली के दो विधानसभा क्षेत्र पटेल नगर और राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र का राजनीतिक प्रबंधन का जिम्मे सौंपा है। चुनाव के दरम्यान ये दोनों विधानसभा क्षेत्र में सांसद मनीष जायसवाल की गतिविधि दिखेगी। सांसद मनीष जायसवाल अपने कुशल राजनीतिक चुनाव प्रबंधन, क्षमता और विद्वता का पिछले बिहार विधानसभा चुनाव, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव, कर्नाटक विधानसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव में संगठन द्वारा दिए गए दायित्व का बखूबी निर्वहन कर प्रदर्शित कर चुके हैं। बीते झारखंड विधानसभा चुनाव में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पांच में से चार विधानसभा और हजारीबाग जिले के सभी पांचों विधानसभा सीटों पर एनडीए की प्रचंड जीत सुनिश्चित कराने में उनका अहम योगदान रहा था। सांसद मनीष जायसवाल को दिल्ली विधानसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेवारी मिलने पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता और यहां की जनता बेहद उत्साहित हैं और अपने सांसद को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर रहें हैं साथ ही विश्वास जाता रहें हैं कि वे दिल्ली विधानसभा चुनाव में संगठन के पक्ष में उत्कृष्ट कार्य करेंगे और पार्टी को जीत दिलाने में मदद पहुंचाएंगे।

## रामगढ़ थाना प्रभारी पर लगे आरोप हत्या के आरोपी को बचाने कि साजिश



बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ में आयोजित तीसरे जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान संगीता कुमारी नामक महिला ने रामगढ़ थाना प्रभारी व रामगढ़ थाना कांड संख्या 388/24 के अनुसंधानकर्ता राजू उरांव पर जांच में लापरवाही का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। अपने दिए आवेदन में संगीता कुमारी ने आरोप लगाया है कि 14 दिसंबर 2024 को अपने पति स्वर्गीय श्याम कुमार महतो के हत्या का मामला दर्ज कराया था। जिसमें अनुसंधानकर्ता द्वारा आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया। दिए गए आवेदन में संगीता कुमारी ने अनुसंधानकर्ता पर जांच प्रभावित करने का आरोप लगाया है। कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी रामगढ़ थाना में ठोस कार्रवाई नहीं करते हुए केस में शिथिलता बरती जा रही है। महिला का आरोप है कि तुलसी महतो से उसके पति ने 6 डिसिमिल जमीन खरीद का सौदा किया था। लगभग 30 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। जन समाधान कैम्प में संगीता कुमारी के साथ गांव के लोगों ने भी एसपी अनुरोध किया कि उच्चस्तरीय जांच कराकर न्याय दिलाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ता संगीता देवी की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संगीता देवी को कांड की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि पुलिस अनुसंधान के हर बिंदु पर गहनता पूर्वक जांच कर रही है। अनुसंधान के क्रम में किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़कागांव में जिला परिवहन विभाग, जिला खेल विभाग तथा प्रखंड कार्यालय, बड़कागांव, दाड़ी, कटकमदाग तथा केरेडारी के सहभागिता से बड़कागांव में सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना था जिसमें पहला मैच बड़कागांव और दाड़ी के बीच खेला गया जिसमें बड़कागांव 2 गोल से विजय हुआ इसी प्रकार दूसरा मैच कटकमदाग तथा केरेडारी के बीच आयोजित हुआ जिसमें केरेडारी एक गोल से विजय हुआ। खेल के उपरांत बड़कागांव तथा केरेडारी को विजय ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया खेल के पश्चात सभी खिलाड़ियों को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई गई। ज्ञात हो कि सड़क सुरक्षा माह 2025 अंतर्गत जिले में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें से विभिन्न प्रखंडों में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी एक है अब तक 12 प्रखंडों के बीच फुटबाल मैच का खेल चुकी है तथा सदर, पद्मा, इचाक तथा कटकमसांडी के बीच मैच खेला जाना है। यह मैच जिले में लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से आकर्षित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

## विवेकानंद सेंट्रल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**हजारीबाग।** श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम (विवेकानंद सेंट्रल स्कूल परिसर) में 26वां वार्षिक खेल दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। वार्षिक खेल दिवस के समारोह के मुख्य अतिथि कमांडिंग ऑफिसर एंटोनी हेनरी सेलवम ने तथा प्राचार्या डॉ० मौसुमी मैती एवं विद्यालय के सचिव डॉ० समाप्ति कुमार पॉल ने कार्यक्रम का आरंभ सेनानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस को फूल अर्पित कर तथा झंडोतोलन करके किया। प्राचार्या ने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस के आदर्शों को आत्मसात करने के लिए बच्चो को प्रेरित की तथा बच्चों से यह भी कहा कि खेल में जीतने से ज्यादा भाग लेना अधिक महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि ने बच्चों को खेल में अनुशासन के महत्व को बताया तथा उन्होंने कहा कि अनुशासन से ही व्यक्ति के सर्वांगीण विकास होता है।खेल का आरंभ मुख्य अतिथि प्राचार्या तथा सचिव के द्वारा बैलून उड़ा कर किया गया। खेल दिवस का मुख्य आर्कषण प्रार्थना-नृत्य तथा 1 से 5 वर्ग के बच्चों द्वारा मास पीटी था।

## अवैध शराब बेचने के विरुद्ध हुई कार्रवाई तीन पर अभियोग

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेशानुसार स्थान-कुलही, थाना-रजरप्पा में अवैध शराब बेचने की सूचना पर त्वरित रूप से दिनांक-22 जनवरी 25 को उत्पाद विभाग रामगढ द्वारा कुलही में स्थित विभिन्न होटलों एवं ढाबा में गहन एवं व्यापक उत्पाद छापामारी किया गया। जहाँ कुल 3 अभियोग दर्ज करते हुए 35 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 6.50 लीटर अवैध बीयर बरामद किया गया। जिसमें कि जीतू महतो के होटल से 10 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 6.50 लीटर अवैध बीयर बरामद करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। तत्पश्चात गंगाराम महतो के होटल से उत्पाद छापामारी कर 20 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए फ़रार अभियोग दर्ज किया गया। तत्पश्चात उमेश महतो के होटल में उत्पाद छापेमारी कर 5 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## दादी मंदिर में दो दिवसीय 14वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से प्रारंभ

बिभा संवाददाता



**रामगढ़।** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट द्वारा श्री रानी सती दादी मंदिर के भव्य प्रांगण में 2 दिवसीय 14वां वार्षिक स्थापना महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से प्रारंभ हुआ। पूरे दादी मंदिर परिसर एवं दादी जी के दरबार को रंग बिरंगे विदेशी खुशबूदार फूलों से सजाया गया और सारे मंदिर में बहुत ही आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। महोत्सव के प्रथम दिन 23 जनवरी गुरुवार दोपहर 2 बजे से गणेश पूजन के साथ दादी जी का स्थापना महोत्सव प्रारंभ हुआ गणेश पूजन के यजमान बजरंग लाल अग्रवाल सपत्नीक रेनू अग्रवाल थे। इसके बाद मेहंदी उत्सव प्रारंभ हुआ जिसमें श्री रानी सती महिला मंगल समिति की सभी सदस्यों द्वारा भावपूर्ण भजनों के बीच दादी जी के हाथों में मेहंदी लगाई। मेहंदी उत्सव के बाद दादी जी का मंगल पाठ प्रारंभ हुआ दादी जी का मंगल पाठ श्री रानी सती महिला मंगल समिति की सदस्यों द्वारा बड़े ही सुंदर एवं भक्ति भाव से किया। मंगल पाठ करने वाली महिला मंगल समिति की सदस्यों में मंजू अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, नीतू पटवारी, तरुणा जैन, पिंकी अग्रवाल, शशि जैन, संगीता बुधिया, संजना अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, रीता अग्रवाल, सीमा मोदी, अनीता शर्मा एवं दर्जनों दादी भक्ति शामिल थे आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ मंगल पाठ का समापन हुआ। 24 जनवरी शुक्रवार सुबह 10:30 बजे से गणेश पूजन होगा। इसके पश्चात सुंदरकांड पाठ प्रारंभ होगा सुंदरकांड का पाठ करने के लिए बालाजी महाराज के प्रिय भक्त एवं रांची के प्रसिद्ध पाठ वाचक सुरेश बजाज मीठे मीठे भजनों के बीच पवनसुत हनुमान का सुंदरकांड पाठ करेंगे। श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट ने सभी दादी भक्तों से निवेदन किया है कि महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होकर दादी जी का दर्शन करें।

## चंद्रप्रकाश जैन ने श्री बैद्यनाथ गौशाला में दी चोकर की सेवा

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन व लता जैन की 37 वीं शादी की वर्षगांठ के अवसर पर बैजनाथ गौशाला में एक गाड़ी चोकर की सेवा प्रदान की। इस सेवा के तहत उन्होंने गौशाला में गायों के पोषण के लिए चोकर का योगदान दिया, जिससे गौशाला में रहने वाली गायों की देखभाल में मदद मिल सके। इस अवसर पर जैन ने कहा, हमारे समाज में गौ माता का विशेष स्थान है, और उनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। शादी की सालगिरह के इस खास दिन पर गौ माता के प्रति अपनी श्रद्धा और सेवा का यह एक छोटा सा प्रयास है। गौशाला के प्रभारी ने श्री जैन का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनका योगदान गौशाला के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, और इससे गायों को और बेहतर पोषण मिलेगा। समाज सेवा के इस पहल को लेकर श्री जैन के परिवार और उनके समर्थकों ने भी सराहना की। इस तरह के कार्यों के माध्यम से श्री जैन ने समाज में सेवा और श्रद्धा का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। इधर उनके विवाह वर्षगांठ की खुशी पर प्रमोद खंडेलवाल ने स्पेस्टिक विद्यालय में बच्चों के बीच फल व बिस्किट का वितरण किया।

# केडी चिल्ड्रेन अकादमी/उच्च विद्यालय में मनी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग।** स्थानीय के. डी. चिल्ड्रेन अकादमी / उच्च विद्यालय, डॉ०भाभा मार्ग, मुनका बगीचा, हजारीबाग की प्रार्थना - सभा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई।विद्यालय प्राचार्या मीनू गुप्ता ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय उप - प्राचार्या हेमलता मिश्रा, उपेन्द्र पाण्डेय, कमला सिंह, जयनाथ महतो, पूनम जी, श्वेता मिश्रा, नीलम देवी, कल्याणी दुबे, पीयूष एवं सभी वर्गों के वर्ग प्रमुख ने भी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन किया।विद्यालय प्राचार्या मीनू गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की तरह हमें भी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारण करना आवश्यक है और उस लक्ष्य को पाने की भी तत्परता आखिरी सांस तक हो। हम राष्ट्रभक्त होने के साथ - साथ वीर स्वाभिमानी भी बनें। देश - सेवा और उसकी रक्षा हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गरम दल के समर्थक स्वतंत्रता सेनानी थे। वे ईंट का जवाब पत्थर से देने पर बल देते थे। उन्होंने छात्र - छात्राओं का आह्वान किया कि हम सभी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के सद्गुणों को अपने जीवन में उतारकर राष्ट्र - रक्षक और देशभक्त बनें और अपने राष्ट्र को सदैव स्वतंत्र रखें। इस अवसर पर उप प्राचार्या हेमलता मिश्रा ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विनम्र थे, किंतु देश के मान - सम्मान की रक्षा के लिए वे सदैव तत्पर रहे। उन्हीं की आवाज़ थी -' तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा ' । सचमुच, देश के लिए त्याग और बलिदान देने से ही देश की आज़ादी लंबे समय तक सुरक्षित रह सकती है। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना , आज की सबसे बड़ी ज़रूरत बताई। विद्यालय के भैया - बहनों में नित्या खत्री, भावना कुमारी, कुमकुम भारती, आयुष वर्मा, तनीषा ने भी नेताजी के जीवन की घटनाओं से सभी को परिचित कराया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के भैया - बहनों ने भी नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं की भूमिका सराहनीय रही।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में मनाई गई नेताजी की जयंती



**रामगढ़।** रामगढ़ के श्री कृष्ण विद्या मंदिर में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाई गई। आज का दिन भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को समर्पित है, जिन्होंने अपने जीवन को देश की आजादी के लिए न्योछावर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह प्रार्थना सभा से विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी, वरिष्ठ शिक्षिका सपना चक्रवर्ती, संजय सिंह, विक्रम सिंह, उषा सिंह, अनिंदिया अधिकारी और अन्य ने नेताजी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ शिक्षिका सपना चक्रवर्ती ने नेताजी के जीवन और उनके बलिदान के महत्व पर एक प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने बताया कि कैसे तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे नारे ने लाखों भारतीयों में जोश भर दिया था। इसके बाद छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कविताएं भाषण और देशभक्ति गीतों ने पूरे माहौल को देशभक्ति से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों और छात्रों ने नेताजी के आदर्शों एवम मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। यह दिन न केवल हमारे लिए प्रेरणादायक है, बल्कि हमें अपने कर्तव्य और देशभक्ति की भावना का भी स्मरण कराता है। इस दौरान विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में महापुरुषों को किया गया याद

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती तथा सरदार ज्ञानीराम सिंह जी की पुण्यतिथि मनाई गई। भारत के सबसे महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक के रूप में नेताजी के साहस को याद किया गया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान,अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया ८जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। वही विद्यालय के संस्थापक के रूप में सरदार ज्ञानी रामसिंह की पुण्यतिथि को मनाया गया और उनके द्वारा जीवन पर्यंत किए गए अथाह प्रयास को पुन :याद किया गया। उन्होंने रामगढ़ के लोगों के लिए एक उच्च विद्यालय का सपना देखा और उस सपने को उन्होंने अपने कठिन प्रयासों से पूरा भी किया। प्रार्थना सभा में आए मुख्य अतिथि सरदार अनमोल सिंह ने सभी बच्चों को ज्ञानी राम सिंह की बारे में बताया और बच्चों को बताया कि हमें जीवन में हमेशा कठिन प्रयास करना चाहिए, कठिनाइयों से कभी हारना नहीं चाहिए, डटकर मुश्किलों का सामना करना चाहिए तो कामयाबी आपको एक नई राह दिखलाएगी।

# संक्षिप्त खबरें

## पूर्व मध्य रेलवे ने चलाया टीबी मुक्त भारत जन-जागरूकता अभियान

**हाजीपुर(बिभा):** स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा घोशित 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान के तहत पटना स्थित केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय में डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में टी.बी. में अल्ट्रासाउंड जांच के द्वारा मिलने वाली जानकारियों के बारे में सतत चिकित्सा शिक्षा श्रृंखला के दूसरे भाग का आयोजन किया गया । सतत चिकित्सा शिक्षा श्रृंखला के दूसरे भाग में डा. रवि प्रकाश, अ.मु.स्वा.निदेशक/सोनोलॉजिस्ट के द्वारा उक्त चिकित्सीय जांच से संबंधित जानकारी प्रजेंटेशन के माध्यम से दी गई। इस अवसर चिकित्सा निदेशक, डा. सुबोध कुमार मिश्रा एवं अस्पताल के अन्य चिकित्सकगण, पारामेडीकल कर्मचारीगण भी उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। जागरूकता अभियान गुरूवार को भी जारी रहा। इसी कड़ी में केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय, पटना में टी.बी. उन्मूलन से संबंधित पोस्टर लगाया गया जिससे लोगों में टी.बी. के प्रति बचाव एवं इलाज में जागरूकता बढें ।

## अपरिहार्य तकनीकी कारणवश ट्रेनों के परिचालन को किया जाएगा निरस्त

**धनबाद(बिभा):** अपरिहार्य तकनीकी कारणवश निम्नलिखित ट्रेनों के परिचालन को निरस्त किया जाएगा जिनका विवरण इस प्रकार है-

| क्र.सं. | गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 12826 | आनन्द विहार टर्मिनल झराँची एक्सप्रेस | 29.01.25 |
| 2. | 12314 | नई दिल्ली–सियालदह राजधानी एक्सप्रेस | 29 एवं 30.01.25 |
| 3. | 12260 | बीकानेर झसियालदह दुरन्तों एक्सप्रेस | 28.01.25 |
| 4. | 12281 | भुवनेश्वर–नई दिल्ली दुरन्तों एक्सप्रेस | 29.01.25 |
| 5. | 12313 | सियालदह झनई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस | 28 एवं 29.01.25 |
| 6. | 12282 | नई दिल्ली– भुवनेश्वर दुरन्तों एक्सप्रेस | 30.01.25 |
| 7. | 20839 | राँची झनई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस | 29.01.25 |
| 8. | 12259 | सियालदह– बीकानेर दुरन्तों एक्सप्रेस | 29.01.25 |
| 9. | 12825 | राँची– आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस | 30.01.25 |
| 10. | 20840 | नई दिल्ली– राँची राजधानी एक्सप्रेस | 31.01.25 |
| 11. | 12802 | नई दिल्ली झपुरी एक्सप्रेस | 30.01.25 एवं 04.02.25 |
| 12. | 22307 | हावड़ा बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 30.01.25 |
| 13. | 12815 | पुरी आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस | 27.01.25 |
| 14. | 12311 | हावड़ा झकालका एक्सप्रेस | 26.01.25 एवं 31.01.25 |
| 15. | 18309 | सम्बलपुर–जम्मू तवी एक्सप्रेस | 25.01.25 |
| 16. | 12942 | आसनसोल झभावनगर पारसनाथ एक्सप्रेस | 30.01.25 |
| 17. | 12307 | हावड़ा झजोधपुर एक्सप्रेस | 04.02.25 |

## रांची विवि के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा बने झारखंड जिम्नास्टिक संघ के संरक्षक



**रांची(बिभा):** झारखंड जिमनास्टिक संघ के अनुरोध पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने झारखंड जिम्नास्टिक संघ का संरक्षक बनना स्वीकार किया है। झारखंड जिम्नास्टिक संघ के सचिव ने उन्हें इस पद को सुशोभित करने हेतु अनुरोध किया, जिसे डॉ. सिन्हा ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि खेल और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि झारखंड में जिम्नास्टिक को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संघ के साथ मिलकर काम करेंगे। संघ के सचिव ने डॉ. सिन्हा के अनुभव और नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से झारखंड में जिम्नास्टिक खेल को प्रोत्साहन मिलेगा और खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। ज्ञात हो की विगत दो वर्षों से झारखण्ड ऐरोबिक जिम्नास्टिक की टीम लगातार दो वर्षों से राष्ट्रीय खेल में पदक जीत रही है। डॉ अजीत कुमार सिन्हा का यह निर्णय झारखंड के जिम्नास्टिक खेल के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है। खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि डॉ. सिन्हा के नेतृत्व में जिम्नास्टिक को नई दिशा मिलेगी।

## सोनाहातू में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई

**सोनाहातू(बिभा)।** प्रखंड क्षेत्र के तेलवाडीह पंचायत के नेताजी चौक डीह मोड़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं पराक्रम दिवस के शुभ अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फणीभूषण सिंह मुंडा, उपमुखिया प्रतिनिधि अर्जुन सेठ, ग्राम प्रधान भूतनाथ सिंह मुंडा, जगत पाल बडाईक, धीरज सिंह मुंडा, भोजन सिंह मुंडा, समाज सेवी तुलसी प्रसाद महतो, भजोहरि गोराई, अश्विनी कुमार महतो, दलेल चन्द्र महतो, रहित कुमार महतो, हाराधन लोहरा, गोवर्धन सेठ, विश्वेश्वर साहू, राम जी साहू, अमित कुमार साहू, सच्चिदानंद महतो एवं पंचायत के गणमान्य लोग मौजूद थें। इधर थाना के समीप नेताजी के प्रतिमा स्थल पर बारूहातु उप मुखिया बिनापानी देवी के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया। मौके पर श्याम कुमार महतो, विपिन पाल,बसंती देवी, गौतम कुमार मुंडा, मंगल मुंडा, कुंवर सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## रनिया की 16 वर्षीय एक नाबालिग दसवीं की छात्रा ने की आत्महत्या

**रनिया(बिभा)** । रनिया थाना क्षेत्र के गढसिदम गाँव निवासी गणपत दास की 16 वर्षीय बेटी हेमंती कुमारी अपने घर पर रस्सी के सहारे फाँसी लगाकर आत्महत्या गुरुवार को दोपहर दो बजे के आसपास कर ली। घटना के संबंध बताया गया कि हेमंती के माता-पिता मवेशी चराने गए थे और भाई कोलेबिरा गये थे। इसी दौरान घर में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले की जानकारी पर रनिया पुलिस घटनास्थल पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर मामले का जाँच पड़ताल शुरू कर दिया है।प्रारंभिक जांच में पुलिस को आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हेमंती एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय रनिया की दसवीं की छात्रा थी। घटना की जानकारी पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र और छात्राओं दुःख व्यक्त किया है।

## वाहन से गिरने पर दो लोग हुए घायल

**खूँटी(बिभा)** । जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना सामान्य बात होने लगी है। जिससे न केवल शरीर की क्षति हो रही है बल्कि आर्थिक क्षति भी हो जाती है। वहीं बुधवार की रात कर्रा प्रखंड के कर्रा निवासी 40 वर्षीय मंगरा मुण्डा और इट्ठे निवासी 30 वर्षीय जीतराम बारला सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गये । जिन्हें एबुलेंस द्वारा जहाँ इन दोनों घायलों का इलाज चल रहा है।

# दो अलग अलग मामलों के छह फरार आरोपित गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



सरायकेला, 23 जनवरी (हि.स.)। जिले की आदित्यपुर थाना पुलिस ने दो अलग अलग मामलों के फरार छह आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एक ओर अपहरण और रंगदारी के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है।

वहीं, बीते 14 मई 2024 को टाटा स्टील गम्हरिया प्लांट के स्क्रैप यार्ड में लोडर ऑपरेटर अभय सिंह हत्याकांड मामले में फरार चल रहे तीन युवकों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। अपहरण का प्रयास और लूट मामले में गिरफ्त में आए युवकों में गोलू कुमार सिंह, आदर्श कुमार और विकास राय शामिल है जिसके पास से पुलिस ने चार मोबाइल बरामद किया हैं। वही, लोडर ऑपरेटर हत्याकांड मामले में पुलिस ने आकाश मुखी, सुमित मुखी और विकास योगी को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बीते 20 जनवरी की रात करीब ग्यारह बजे जोमैटो के डिलीवरी बॉय खकरा सोरेन से औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऑटो क्लस्टर के समीप तीन- चार युवकों के जरिये मारपीट कर उसकी मोबाइल छीन ली गई थी। साथ ही, उसके फोन से 1800 रुपए जबरन ट्रांसफर कराया गया था। अगले दिन छीने गए मोबाइल के माध्यम से डिलीवरी बॉय के परिवार वालों से आठ हजार रुपये की रंगदारी की मांग की गई थी।

इस मामले को गंभीरता को देखते हुए अनुसंधान और त्वरित खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक के जरिये एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया था। उंक्त टीम के सामूहिक प्रयास से तकनीकी एवं मानवीय सहयोग से इस कांड का उद्वेदन कर दिया गया है। इस मामले के पीड़ित डिलीवरी ब्याय खकरा सोरेन ने भी पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि थाना प्रभारी के प्रयास से न केवल उसके छीने गए मोबाइल मिले बल्कि उनका परिवार जो चिंतित था, अब उन्हें भी तसल्ली मिली है।

# वित्त मंत्री के कार्यक्रम में मधुमक्खियों का हमला, अधिकारी और पत्रकार जख्मी

बिभा संवाददाता



**पलामू।** झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के निरीक्षण कार्यक्रम में मधुमक्खियों का हमला हुआ। इस घटना में कई अधिकारी और पत्रकार जख्मी हो गए।

मंत्री को निरीक्षण कार्यक्रम बीच में ही रोक कर लौटना पड़ा।

गुरुवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण पलामू जिले के पांकी प्रखंड में अमानत नदी बराज के अधूरे कार्यो का निरीक्षण करने पहुंचे थे। बराज के पुल पर चढ़ कर जायजा ले रहे थे। अमानत बराज का निर्माण करीब दो दशक से लंबित है। नहर इलाके का मुआवजा समेत अन्य मामलों की जानकारी लेनी थी।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर दोपहर अमानत बराज का निरीक्षण करने पहुंचे थे। प्रभावित ग्रामीण से बातचीत कर रहे थे। मुआवजा को लेकर चर्चा हो रही थी।

बातचीत के क्रम में मंत्री एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी पर आज का भौतिक जायजा लेने लगे। अचानक लोगों की भारी भीड़ देखकर मधुमक्खियां हमला करने लगी। मंत्री को अपना सर मफलर से ढकना पड़ा। तुरंत उन्हें गाड़ी में बैठाया गया और रवाना किया गया। इसी तरह उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी ने भी मौके से भाग कर अपनी जान बचाई। स्थानीय ग्रामीण भी मधुमक्खियां के हमले से भयभीत नजर आए। पत्रकार भी मधुमक्खियां के हमले में जख्मी हुए। कई पत्रकारों ने एंबुलेंस से दवा लेकर राहत महसूस किया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से अमानत नदी बराज पर मधुमक्खियों का छत्ता है। यहां अक्सर इस तरह की घटना होते रहती है।

## अर्पिता महिला मंडल ने मनाया खेल दिवस



बिभा संवाददाता

**रांची :** अर्पिता महिला मंडल ने सीसीएल मुख्यालय, रांची में खेल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया। यह आयोजन अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह और माननीय सदस्याएं - श्रीमती रीता मिश्रा, श्रीमती इंदु मिश्रा, श्रीमती शशि दुहन और श्रीमती रूपा रानी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन ने सभी सदस्यों को खेल भावना और मस्ती से भरे दिन के लिए एकजुट किया। कार्यक्रम में बिलियड्र्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और कैरम जैसे विभिन्न इनडोर खेलों के साथ-साथ रोमांचक आउटडोर खेल भी आयोजित किए गए। सभी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा व प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों के प्रयासों को सराहा गया और उन्हें पुरस्कृत किया गया। यह आयोजन फिटनेस, खेल और उत्सव का यादगार दिन साबित हुआ।

## आईएएस पूजा सिंघल के निलंबन वापसी पर भड़की भाजपा, कांग्रेस और झामुमो पर साधा निशाना

बिभा संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने आईएएस पूजा सिंघल के निलंबन वापसी को लेकर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा पर निशाना साधा है। पूर्व केंद्रीय विधि मंत्री एवं भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ मुकदमा चल रहा है। जेल से बाहर आते ही उन्हें बहाल कर दिया गया। झारखंड सरकार के साथ कांग्रेस को भी इसका जवाब देना होगा। उन्होंन कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा कि जो संविधान को हाथ में लेकर घूमते हैं, उन्हें जवाब देना चाहिए।

रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में झारखंड सरकार की निंदा की। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस से भी जवाब मांगती है। उन्होंने कहा कि झारखंड की आईएएस पूजा सिंघल को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उनके सीए से 16 करोड़ रुपये बरामद किए गए। पीएमएलए अधिकारियों ने उनसे 36 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए। वे पिछले 28 महीनों से जेल में थीं। दिसंबर में उन्हें जमानत मिली और 21 जनवरी को उनका निलंबन वापस लेकर उन्हें बहाल कर दिया गया। कांग्रेस भी झारखंड सरकार का हिस्सा है और उन्हें जवाब देना होगा कि क्या हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि धनशोधन मामले में दो साल से अधिक समय से जेल में बंद आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को जमानत मिलने के बाद उनका निलंबन रद्द कर दिया गया है। सिंघल को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद 12 मई 2022 को निलंबित कर दिया गया था। यह मामला महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू करने में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है।

## विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी से की मुलाकात



**नई दिल्ली:** विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने आज माननीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों के बीच हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और अन्य राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

डॉ. विपिन कुमार ने मंत्री जी को परिषद की वर्तमान गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से हिंदी को देश और विदेशों में और भी प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। डॉ. कुमार ने बताया कि विश्व हिंदी परिषद विभिन्न देशों में हिंदी भाषा और संस्कृति के प्रचार के लिए कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, और उनकी योजना है कि आने वाले समय में हिंदी को और भी अधिक वैश्विक पहचान दिलाई जाए।

मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी भाषा देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने हिंदी को भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक प्रचलित बनाने के लिए सरकार के समर्थन की बात की और कहा कि उनके मंत्रालय की तरफ से इस दिशा में हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

यह मुलाकात हिंदी भाषा को वैश्विक मंचों पर और भी प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

## विनष्टीकरण एवं ग्रामीणों के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान

**खूँटी।** थाना क्षेत्र के हुरलुंग, चामडी, मारंगहादा थाना क्षेत्र के तारूब, अड़की थाना क्षेत्र के बीरबांकी पंचायत एवं कुरूंगा में मुखिया एवं ग्राम प्रधानों के उपस्थिति में अफीम की खेती को विनष्टीकरण एवं ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें खूँटी थाना क्षेत्र के ग्राम–करगे में 21 एकड़, अड़की थाना क्षेत्र के ग्राम–दुंदुपीड़ी में 20 एकड़,मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम–टीनगरिया में 17 एकड़,मरांगहादा थाना क्षेत्र के ग्राम–लानदुप में 18 एकड़ एवं सोयको थाना क्षेत्र के ग्राम–कुदाहातु के आस पास क्षेत्रों में करीब 20 एकड़ कुल 96 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को ट्रैक्टर चलाकर विनष्ट किया गया।

## जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में खूँटी से नेहा का किया गया चयन

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । जिला के तीरंदाज नेहा नाग का चयन 44वाँ जूनियर नेशनल टूनामेंट के लिए हुआ है। जो कि भोलपुर पश्चिम बंगाल में आगामी से 10 -17 फरवरी 2025 तक जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा का आयोजित होगा। इसके लिए तीरंदाजी दल की घोषणा हो गई है। इस दल में खूँटी जिला से तीरंदाज रिकर्व चक्र के लिए नेहा नाग का चयन किया गया है। विगत 22 जनवरी को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स टाटा आर्चरी अकादमी में चयन शिविर में प्रतियोगिता के दौरान प्राप्त अंकों के आधार पर चयन किया गया है। यह जानकारी खूँटी जिला तीरंदाजी संघ के सचिव बसंत कुमार ने दी।


## नेताजी चौक में सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गयी

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । शहर के बीच मुख्य चौराहे पर वृहस्पतिवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चौक में आम जनों व विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने खूंटी के मुख्य चौराहे पर बने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान खूँटी विधायक राम सूर्या मुण्डा ने माल्यार्पण करते हुए कहा कि देश की आजादी ऐसे ही शूरवीर देशभक्ति के द्वारा हुआ है। और इस आजाद भारत को संयुक्त रखना हम सभी का कर्तव्य होना चाहिए। इस दौरान झामुमो के प्रदेश के नेता मगन मनजीत तिड़ू, शंकर मुण्डा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वहीं नेताजी की प्रतिमा में आम जनों व विद्यार्थियों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर विजय घोष की अगुवाई में नेताजी के चरणों पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। वहीं शाम को विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। साथ ही, नेताजी के नक्शे-कदम पर चलने का आवाहन किया। वहीं लोगों ने सुभाषचंद्र के जयकारे लगाया व उद्घोष किया। इस मौके पर, श्रवण कुमार, जगरनाथ महतो, दामोदर प्रसाद आदि अनेक लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू** *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com